सार संक्षेप

## स्थानांतरण पर प्रतिबंध से छूट की अवधि 10 जून तक बढ़ी

**भोपाल, देशबन्धु।** राज्य एवं जिला स्तर पर अधिकारियों/कर्मचारियों की स्थानांतरण नीति द्वारा 1 मई से 30 मई 2025 तक की अवधि के लिये स्थानांतरण पर प्रतिबंध शिथिल किया गया था। राज्य शासन ने स्थानांतरण पर प्रतिबंध से शिथिलता अवधि को बढ़ाने का निर्णय लिया है। स्थानांतरण पर प्रतिबंध से शिथिलता अवधि को बढ़ाकर 10 जून 2025 किया गया है।

## धाराशिव हुआ उस्मानाबाद रेलवे स्टेशन का नाम

**मुंबई।** मध्य महाराष्ट्र में स्थित उस्मानाबाद रेलवे स्टेशन का नाम अब आधिकारिक रूप से बदलकर धाराशिव कर दिया गया है। इस संबंध में शुक्रवार को मध्य रेलवे ने जानकारी दी। पहले यह स्टेशन उस्मानाबाद नाम से जाना जाता था और इसका स्टेशन कोड यूएमडी था। अब इसका नया नाम धाराशिव कर दिया गया है और नया स्टेशन कोड डीआरएसवी निर्धारित किया गया है।

## खरगे-राहुल संग असम कांग्रेस पदाधिकारियों ने की बैठक

**नई दिल्ली।** असम प्रदेश कांग्रेस के नवनियुक्त अध्यक्ष गौरव गोगोई सहित पार्टी की प्रदेश इकाई के पदाधिकारियों ने शुक्रवार को यहां कांग्रेस के नए मुख्यालय इंदिरा भवन में बैठक की जिसमें असम के राजनीतिक हालात पर चर्चा की गई। लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने बैठक की जानकारी देते हुए कहा कि शुक्रवार को मल्लिकार्जुन खरगे के नेतृत्व में, कांग्रेस मुख्यालय इंदिरा भवन में नवगठित असम प्रदेश कांग्रेस के सदस्यों के साथ मुलाकात और बैठक की।

### बिरादरी की बात

**चूहा-सुनती हो**-उत्तराखण्ड में कलेक्टर ने सादगी से शादी करके खर्चीली शादियां रोकने संदेश दिया है।

**चुहिया- हां प्रिये**- लेकिन जब विवाह समारोह हैसियत बताने का जरिया बन जाएं तो कौन जरदार पीछे रहना चाहेगा।

### प्रधानमंत्री आज प्रदेश की राजधानी भोपाल में

# लोकमाता देवी अहिल्याबाई महिला सशक्तिकरण महासम्मेलन में शिरकत करेंगे मोदी



**भोपाल, देशबन्धु।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी शनिवार 31 मई को लोकमाता देवी अहिल्या बाई की 300 वी जयंती पर भोपाल में महिला सशक्तिकरण महासम्मेलन में शामिल होंगे। भोपाल के जम्बूरी मैदान में आयोजित महा सम्मेलन में प्रधानमंत्री श्री मोदी इंदौर मेट्रो तथा सतना एवं दतिया एयरपोर्ट का वर्चुअल लोकार्पण करेंगे।

इसके अलावा प्रधानमंत्री क्षिप्रा नदी पर 778 करोड के घाट निर्माण कार्यों का वर्चुअल भूमिपूजन करेंगे। प्रधानमंत्री श्री मोदी 483 करोड़ लागत के 1271 नवीन अटल ग्राम सेवा सदन (पंचायत भवन) की पहली किश्त का अंतरण भी करेंगे। उक्त महासम्मेलन में राज्यपाल श्री मंगुभाई पटेल, मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव एवं केन्द्रीय संस्कृति मंत्री श्री गजेन्द्र सिंह शेखावत शामिल रहेंगे। इस महासम्मेलन के आयोजन में केन्द्रीय संस्कृति मंत्रालय का भी महत्वपूर्ण समन्वय है। महिला सशक्तिकरण महासम्मेलन में प्रधानमंत्री

### क्षिप्रा नदी पर 778 करोड़ के घाट निर्माण कार्यों का भोपाल से वर्चुअल भूमि-पूजन

नरेंद्र मोदी लोकमाता देवी अहिल्या बाई को समर्पित डाक टिकट और सिक्का जारी करेंगे। श्री मोदी आदिवासी, लोक और पारंपरिक कलाओं के क्षेत्र में एक महिला कलाकार को राष्ट्रीय देवी अहिल्याबाई पुरस्कार से सम्मानित करेंगे। इस अवसर पर प्रधानमंत्री श्री मोदी संस्कृति विभाग द्वारा आयोजित लोकमाता देवी अहिल्याबाई के सुशासन, महिला सशक्तिकरण और संस्कृति पर आधारित प्रदर्शनी का भी अवलोकन करेंगे।

## आज एक अद्वितीय इतिहास रचा जाएगा : मुख्यमंत्री



मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि यह बदलते दौर का भारत है। देश विकास की नई परिभाषा लिख रहा है। देश के विकास में महिलाओं की भी पूरी भागीदारी है। उन्होंने कहा कि सशक्त महिला ही विकसित समाज की धुरी होती है। शनिवार 31 मई को होने वाला विशाल महासम्मेलन नारी शक्ति को समर्पित है और इसके माध्यम से प्रदेश में महिलाओं के कौशल और उनके योगदान को सम्मानित किया जाएगा।

उन्होंने कहा कि महिला सशक्तिकरण महासम्मेलन के रूप में इस दिन एक अद्वितीय इतिहास रचा जाएगा, जब इस पूरे महासम्मेलन की सभी व्यवस्थाओं का संचालन महिलाएं ही करेंगी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव शुक्रवार की शाम जंबूरी मैदान में महासम्मेलन के प्रबंधन में संलग्न महिला शक्ति को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने यहां लोकमाता देवी अहिल्याबाई महिला सशक्तिकरण महासम्मेलन की सभी तैयारियों का बारीकी से निरीक्षण किया। साथ ही कार्यक्रम स्थल पर आयोजित प्रदर्शनी की रूपरेखा और व्यवस्थाओं का भी मुआयना किया।

### सुप्रीम कोर्ट का बड़ा फैसला

# एक ही शिफ्ट में होगी नीट-पीजी 2025 परीक्षा

### कहा- दो शिफ्टों में आयोजित करने से मनमानी होगी

**नई दिल्ली, (एजेंसियां)।** नीट पीजी परीक्षा पर सुप्रीम कोर्ट ने बड़ा फैसला सुनाया है। शुक्रवार को दिए फैसले में शीर्ष अदालत ने कहा कि नीट पीजी 2025 परीक्षा एक पाली में ही कराई जाए, दो पाली में नहीं। इस संबंध में सुप्रीम कोर्ट ने नीट पीजी कराने वाले नेशनल बोर्ड ऑफ एग्जामिनेशन को निर्देश दिया और नीट पीजी 2025 को दो शिफ्टों में आयोजित करने से मना कर दिया।

कोर्ट ने कहा कि इससे परीक्षा में मनमानी होगी। सर्वोच्च न्यायालय ने नैटबोर्ड को नीट पीजी परीक्षा 2025 एक ही शिफ्ट में पारदर्शिता के साथ कराने का आदेश दिया है। छात्रों ने 2 शिफ्ट में परीक्षा के खिलाफ याचिका दाखिल की थी। उनका कहना था कि 2 शिफ्ट में परीक्षा से प्रश्न पत्र के डिफिकल्टी लेवल में फर्क होता है, जो फेयर इवैल्युएशन नहीं है। परीक्षा में हासिल किए गए अंकों में भी फर्क आ जाता है।



शीर्ष अदालत ने कहा कि 15 जून 2025 को होने वाले नीट पीजी परीक्षा के लिए अभी भी इंतजाम करने का समय है। एनबीई को चाहिए कि वह सेटंर ढूंढे और पारदर्शी तरीके से नीट परीक्षा कराए। परीक्षा केंद्र सुरक्षित होने चाहिए। दो पाली में नीट परीक्षा कराने से सभी को समान अवसर नहीं मिलेगा। नीट पीजी प्रश्न पत्र 2025 की कठिनाई का स्तर अलग-अलग हो सकता है।

**सुप्रीम कोर्ट ने नहीं सुनी एनबीई की कोई दलील**-एनबीई ने कहा कि उनके पास एक शिफ्ट में परीक्षा कराने के लिए पर्याप्त सेंटर नहीं हैं। लेकिन कोर्ट ने यह दलील भी नहीं मानी। कोर्ट ने कहा कि देश में तकनीकी विकास को देखते हुए यह नहीं माना जा सकता कि नेशनल बोर्ड को एक शिफ्ट में नीट पीजी परीक्षा कराने के लिए पर्याप्त सेंटर नहीं मिल सकते। जस्टिस विक्रम नाथ, जस्टिस संजय कुमार और जस्टिस एनवी अंजरिया की बेंच नीट पीजी परीक्षा एक पाली में कराने की याचिका पर सुनवाई कर रही थी। फैसला सुनाते हुए स्ट ने यह भी कहा कि नॉर्मलाइजेशन को रूटीन तरीके से लागू नहीं किया जा सकता। शीर्ष अदालत ने कहा कि दो शिफ्ट में परीक्षा कराने से नीट में बराबरी का मौका नहीं मिलता। दोनों शिफ्ट के पेपर कभी भी समान डिफिकल्टी लेवल वाले नहीं हो सकते।

## पाकिस्तान से सटे इलाकों में मॉक ड्रिल आज

**नई दिल्ली, (एजेंसियां)।** पाकिस्तान की सीमा से लगे राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में 31 मई को ऑपरेशन शील्ड के तहत मॉक ड्रिल की जाएगी। पहले इसे 29 मई को किया जाना था लेकिन प्रशासनिक कारणों से स्थगित करना पड़ा था। अब मॉक ड्रिल का आयोजन 31 मई को होगा। पाकिस्तान के साथ जारी तनाव के बीच यह मॉक ड्रिल जम्मू-कश्मीर, पंजाब, राजस्थान और गुजरात सहित पाकिस्तान की सीमा से लगे सभी पश्चिमी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में आयोजित की जाएगी। पाकिस्तान के साथ 10 मई की शाम से लागू संघर्ष विराम के बाद पहली बार मॉक ड्रिल कराई जा रही है। अग्निशमन सेवा और होमगार्ड महानिदेशालय ने कहा है कि मॉक ड्रिल में दुश्मन के विमानों, ड्रोन और मिसाइल हमलों का सामना करने के तरीके बताए जाएंगे। इस दौरान सायरन बजाया जाएगा और आपातकालीन प्रतिक्रिया प्रणालियों का भी परीक्षण किया जाएगा। नागरिक सुरक्षा अधिकारियों ने राज्यों और केंद्रशासित प्रदेश से आग्रह किया कि वे सभी स्थानीय प्रशासन को शामिल करते हुए शनिवार को शाम 5 बजे से मॉक ड्रिल की योजना बनाएं और इसका आयोजन करें।

## सुप्रीम कोर्ट में जजों की संख्या 34 हुई

**नई दिल्ली, (एजेंसियां)।** भारत के मुख्य न्यायाधीश बीआर गवई ने शुक्रवार को जस्टिस एनवी अंजारिया, जस्टिस विजय बिश्नोई और जस्टिस एएस चंदुरकर को सुप्रीम कोर्ट के जज के तौर पर शपथ दिलाई। सीजेआई ने सुप्रीम कोर्ट परिसर में आयोजित एक समारोह में जजों को शपथ दिलाई। जजों के शपथ ग्रहण के साथ ही सुप्रीम कोर्ट में सीजेआई समेत जजों की संख्या 34 हो गई। इससे पहले सुप्रीम कोर्ट कॉलेजियम ने सोमवार को कर्नाटक हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश अंजारिया, गुवाहाटी हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश बिश्नोई और बॉम्बे हाईकोर्ट के जज जस्टिस चंदुरकर को सुप्रीम कोर्ट का जज नियुक्त करने की सिफारिश की थी। कानून मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने 10 तारीख को उनकी नियुक्ति की घोषणा कर दी थी। पूर्व सीजेआई संजीव खन्ना और जस्टिस अभय एस. ओका और हृषिकेश रॉय के सेवानिवृत्त होने के बाद शीर्ष अदालत में जजों के तीन मौजूदा रिक्त पदों के लिए उनके नामों की सिफारिश की गई थी।

### तीन जजों ने ली शपथ, अब कोई भी पद रिक्त नहीं

### भारतीय अर्थव्यवस्था में तेजी

# चौथी तिमाही में जीडीपी वृद्धि दर 7.4 प्रतिशत रही

***नई दिल्ली।*** *भारत में आर्थिक विकास की दर में गजब की तेजी आई है. जनवरी- मार्च तिमाही में भारत की जीडीपी ग्रोथ 7.4 परसेंट रही, जो पिछले चार तिमाहियों में सबसे अधिक है. वहीं, पूरे वित्त वर्ष 2025 के दौरान देश की जीडीपी 6.5 परसेंट की दर से बढ़ी.*

*सरकार की तरफ से 30 मई को जारी आंकड़ों में इसकी जानकारी दी गई. इससे पता चलता है कि घरेलू मांग, निवेश और कृषि उत्पादन बढ़ने की वजह से देश की अर्थव्यवस्था मजबूत बनती जा रही है।*



**इतना रहा इन सेक्टरों का ग्रोथ-** पिछले साल के मुकाबले नॉमिनल जीडीपी में 9.8 परसेंट का उछाल आया है, जो अब 330.68 लाख करोड़ तक पहुंच गई है. जबकि रियल जीडीपी +187.97 लाख करोड़ रुपये पर पहुंच गई है. वित्त वर्ष 2024-25 में कंस्ट्रक्शन सेक्टर में 9.4 परसेंट की वृद्धि हुई है, इसके बाद पब्लिक एडमिनिस्ट्रेशन, डिफेंस और अन्य सेवाओं में 8.9 परसेंट का ग्रोथ हुआ है. इसके अलावा, फाइनेंशियल, रियल एस्टेट और प्रोफेश्नल सर्विसेज का ग्रोथ 7.2 परसेंट पर रहा। भारतीय रिजर्व बैंक ने भी पूरे साल के लिए जीडीपी ग्रोथ का अनुमान 6.5 परसेंट ही लगाया था. हालांकि, पिछली तिमाही के मुकाबले देश की इकोनॉमी में तेजी देखी गई है. >>शेष पृष्ठ 2 पर

### उत्तराखंड : अंकिता भंडारी हत्याकांड में दो साल बाद आया फैसला

# भाजपा नेता के बेटे समेत तीन को उम्र कैद

**कोटद्वार, देशबन्धु।** उत्तराखंड के बहुचर्चित अंकिता भंडारी हत्याकांड में भाजपा नेता और पूर्व मंत्री के बेटे पुलकित आर्य समेत तीन को अदालत ने उम्रकैद की सजा सुनाई है। वनंतरा प्रकरण में 26 माह तक चली सुनवाई के बाद शुक्रवार को अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश की अदालत ने भाजपा के पूर्व नेता विनोद आर्य के बेटे समेत तीन को युवती की हत्या दोषी करार दिया है। वनंतरा प्रकरण के तीनों आरोपितों को हत्या का दोषी करार देते हुए एडीजे की अदालत ने आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। इसके साथ ही तीनों पर 50-50 हजार का आर्थिक जुर्माना भी लगाया गया है। इनमें रिजॉर्ट स्वामी पुलकित आर्य, प्रबंधक सौरभ भाष्कर व सहायक प्रबंधक अंकित गुप्ता उर्फ पुलकित शामिल हैं। अंकिता की हत्या करके शव नहर में फेंका था। सरकार पीड़िता के स्वजन को चार लाख का प्रतिकर देगी। कोर्ट ने तीनों आरोपियों रिजॉर्ट के मालिक पुलकित आर्य, उसके कर्मचारी सौरभ भास्कर और अंकित गुप्ता को हत्या के मामले में दोषी करार दिया है। इन पर 302, 201, 354, धाराओं में दोष सिद्ध हुआ है। >>शेष पृष्ठ 2 पर

- अदालत ने दोषियों पर 50-50 हजार रुपए का जुर्माना भी लगाया
- अंकिता की हत्या करके शव नहर में फेंका था

### सीबीआई ने ईडी डायरेक्टर पर कसा शिकंजा

# उडीसा में खदान मालिक से घूस लेने के आरोप में किया गिरफ्तार

**जोगेद्र सोलंकी**

**नई दिल्ली, देशबन्धु।** सीबीआई ने प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के डिप्टी डायरेक्टर चिंतन रघुवंशी को घूसखोरी के आरोप में रंगे हाथ गिरफ्तार किया है जिसके बाद ईडी में एक्सटोर्शन रैकेट चलाए जाने के आरोप चर्चाओं के घेरे में हैं। 2013 बैच के आईआरएस ऑफिसर चिंतन रघुवंशी को 29 मई को उडीसा के ढेंकानाल खदान मालिक रतिकांत राउत से मनी लॉन्ड्रिंग केस को सेटल करने के लिए 20 लाख रुपये की रिश्वत लेते हुए सीबीआई ने रंगे हाथों पकड़ा था। चिंतन रघुवंशी भारतीय राजस्व सेवा ऑफिसर हैं, जिन्होंने 2013 में सिविल सेवा परीक्षा पास करके ये मुकाम हासिल कियात।

वह ईडी के भुवनेश्वर जोनल ऑफिस में डिप्टी डायरेक्टर थे, जहां उनकी जॉब थी मनी लॉन्ड्रिंग, माइनिंग केस और बड़े आर्थिक घोटालों की जांच करना, लेकिन अब वह अपने ही रिश्वत कांड की वजह से खुइ चर्चा में हैं। चिंतन रघुवंशी ने भुवनेश्वर के माइनिंग कारोबारी रतिकांत राउत से उनका मनी लांड्रिंग केस सेटल करने के लिए 2 करोड की रिश्वत मांगी थी। उसकी पहली किश्त के रूप में वे जब 20 लाख रुपए ले रहे थे सीबीआई ने उन्हें दबोच लिया। यानी वह कारोबारी का केस दबाने के लिए बड़ा गेम खेल रहे थे।

बातचीत के बाद रकम 50 लाख में तय हुई थी, 20 लाख इसकी पहली किस्त थी। कारोबारी पर मनी लॉन्ड्रिंग का केस था और चिंतन ने वादा किया कि वो ईडी की जांच को मैनेज कर देंगे । खदान मालिक ने सीबीआई में इसकी शिकायत कर दी। सीबीआई ने स्टिंग ऑपरेशन तैयार किया। उन्होंने रंग-कोडेड नोट्स (जिन्हें ट्रेस किया जा सकता है) का इस्तेमाल किया। 29 मई को चिंतन के एक बिचौलिए भक्ति बेहरा ने 20 लाख लिए, पूछताछ में उसने चिंतन को नाम लिया जिसके बाद सीबीआई ने उन्हें धर दबोचा।




JAN JYOTI
SUPER SPECIALITY EYE HOSPITAL
अब पाइये चश्मे से छुटकारा
मात्र कुछ सेकेण्ड्स में
Teneo- 2 तकनीक से इलाज
TRANS EPI सबसे आधुनिक और सुरक्षित
आज ही विजिट करें
9165108121 janjyotieyehospital.com
1051, Gol Bazar, Near Keshwarwani College, Wright Town, Jabalpur

Excellence in Education, Excellence in Life
A.P.N. C.B.S.E.
SENIOR SECONDARY SCHOOL
(C.B.S.E. Affiliated Reg. No. 1031302 )
ADMISSION OPEN FOR SESSION 2025-26
Class Nursery to XII Science I Commerce I Humanities
Special Discount in Admission fee & School fee for the State and National Players for all the Games
राष्ट्र स्तरीय एवं प्रदेश स्तरीय सभी खेलों के खिलाड़ियों के लिये प्रवेश शुल्क एवं मासिक शुल्क में विशेष छूट
Ph.: 0761-2676360, 8349593500, 9826587200


### अनुकरणीय — खर्चीली शादियां रोकने की पहल

# कलेक्टर ने सादगी से की शादी, केवल 30 मेहमान बुलाए

**गोपेश्वर।** जहां एक ओर शादी-ब्याह के नाम पर लोग करोड़ों रुपये पानी की तरह बहा देते हैं, वहीं चमोली के जिलाधिकारी डॉ. संदीप तिवारी की पेशे से चिकित्सक डॉ. पूजा के साथ सादगीभरी शादी समाज को प्रेरणा देने वाली है। न कोई चकाचौंध, न दिखावा, न मेहमानों की भीड़ और न बैंडबाजा व बारातियों का तामझाम।

अरेंज मैरिज के बावजूद दोनों परिवारों के सदस्य और कुछ कार्यालय के कर्मचारी ही इस आयोजन का हिस्सा बने, जिनकी संख्या 30 के आसपास रही होगी। बड़ी बात यह कि शादी के लिए जिलाधिकारी ने महज तीन दिन की छुट्टी ली और अपने सरकारी आवास से ही विभागीय दायित्वों का निर्वहन करते रहे। मुख्यालय उन्होंने इसलिए नहीं छोड़ा कि चारधाम यात्रा चल रही है और कभी भी उनकी जरूरत पड़ सकती है।



### विवाह के लिए सिर्फ तीन दिन का अवकाश लिया

जिलाधिकारी डा. तिवारी व डा. पूजा बुधवार को चमोली मैरिज कोर्ट में परिणय सूत्र में बंधे। फिर सरकारी आवास पर वैवाहिक रस्में संपन्न हुईं। बाद में नवदंपती ने गोपीनाथ मंदिर में पूजा-अर्चना कर वैवाहिक जीवन की शुरुआत की। इस दौरान उन्होंने मंदिर पुजारी चंडी प्रसाद तिवारी से कहा, 'सादगी से शादी करने के पीछे मेरी सोच यही है कि शादी दो व्यक्तियों का नहीं, बल्कि दो विचार और दो परिवारों का मिलन है। ऐसे में दिखावे के बजाय श्रद्धा व समझदारी ज्यादा जरूरी है।' पुजारी चंडी प्रसाद तिवारी ने कहा कि डीएम के यह विचार युवाओं के लिए प्रेरणादायी हैं। गुरुवार को उन्होंने यूसीसी पोर्टल पर विवाह पंजीकरण के लिए आवेदन भी कर दिया।

डॉ. तिवारी के स्वजन ने चार माह पूर्व उनके लिए लड़की तलाशनी शुरू की। हल्द्वानी (नैनीताल) के तीनपानी गांव निवासी डा. पूजा से उनकी शादी तय हुई। डॉ. पूजा हल्द्वानी स्थित सुशीला तिवारी मेडिकल कालेज अस्पताल में असिस्टेंट प्रोफेसर हैं। शादी का दिन 28 मई तय हुआ। बताते हैं कि इन दिनों बदरीनाथ धाम व हेमकुंड साहिब की यात्रा व्यवस्थाओं में व्यस्त होने के कारण जिलाधिकारी ने मुख्यालय छोड़ना उचित नहीं समझा और अपने परिवार व दुल्हन पक्ष वालों >>शेष पृष्ठ 2 पर



डाक पंजीयन क्रमांक एसएसपी जबलपुर/04/2022-2025

# देश-विदेश

## मुर्मु ने प्रदान किए राष्ट्रीय फ्लोरेंस नाइटिंगेल पुरस्कार

**नई दिल्ली।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने शुक्रवार को राष्ट्रपति भवन में आयोजित समारोह में विभिन्न वर्ग की 15 नर्सों को उनकी उल्लेखनीय सेवाओं के लिए वर्ष 2025 के लिए राष्ट्रीय फ्लोरेंस नाइटिंगेल पुरस्कार से सम्मानित किया। पुरस्कृत नर्सों में एएनएम (सहायक नर्स मिडवाइफ) वर्ग में अंडमान निकोबार की रेबा रानी सरकार, आंध्र प्रदेश की वलिवेती सुभावती, दादर-नगर हमेली एवं दमन-दीव की सरोज फकीरभाई पटेल, लक्षद्वीप की रजिया बेगम पीबी आदि शामिल रहीं।

## पाकिस्तान-अफगानिस्तान बॉर्डर पर फिर बढ़ा तनाव

**इस्लामाबाद।** स्थानीय अधिकारियों के अनुसार बॉर्डर पर नई चौकियां बनाने से विवाद खड़ा हुआ है। उन्होंने बताया कि सुबह शुरू हुई गोलीबारी कुछ समय बाद थम गई थी, लेकिन दोपहर के बाद हालात फिर बिगड़ गए। पाकिस्तान स्टैंडर्ड टाइम के अनुसार दोपहर 4.30 बजे के बाद झड़पें दोबारा शुरू हो गईं, जिसमें दोनों पक्षों की ओर से गोलीबारी की गई। अफगानिस्तान के हेलमंद प्रांत के अंतरिम प्रशासन के अधिकारियों ने भी इस झड़प की पुष्टि की है। सूत्रों के मुताबिक, पाकिस्तान की सेना ने इस दौरान टैंक तैनात किए और अफगान सीमा पर बनीं चौकियों को भारी तोपखाने से निशाना बनाया गया। पाकिस्तान और अफगान तालिबान आज कट्टर दुश्मन हैं, दोनों एक-दूसरे के सैनिकों की मौत का जश्न मनाते हैं।

### अब एलएसी पर भारत ने बढ़ाई अपनी ताकत

# पूर्वी लद्दाख की रक्षा को होगा नई आर्मी डिवीजन का गठन

**सुरेश एस डुग्गर**

**जम्मू, (देशबन्धु)।** चीन सीमा पर चीनी सेना द्वारा की जाने वाली बार बार की घुसपैठ को रोकने की खातिर तथा उसके किसी भी दुस्साहस का जवाब देने के लिए अब चीन सीमा पर पूर्वी लद्दाख में एक आर्मी डिवीजन तैनात होगा। रक्षा सूत्रों ने बताया कि सरकार द्वारा स्वीकृत एक नए आर्मी डिवीजन को चीन के साथ वास्तविक नियंत्रण रेखा अर्थात एलएसी पर पूर्वी लद्दाख में तैनाती के लिए अंतिम रूप दिया जा रहा है।

अप्रैल 2020 में पूर्वी लद्दाख में भारतीय और चीनी सैनिकों के बीच गतिरोध था जो दोनों पक्षों के बीच समझौते पर पहुंचने के बाद अधिकांश क्षेत्रों से तनाव कम होने तक लगभग चार साल तक जारी रहा। इसे भूला नहीं जा सकता कि गतिरोध के दौरान, सेना ने अपनी कई इकाइयों को लद्दाख में तैनात किया था, उपकरणों के अलावा करीब 15,000 जवान होते हैं। इसका नेतृत्व एक मेजर जनरल रैंक के अधिकारी करते हैं और इसमें तीन या चार ब्रिगेड होते हैं, जिनमें से प्रत्येक का नेतृत्व एक ब्रिगेडियर करता है। वैसे सरकार द्वारा 2017 में मंजूरी दिए जाने के बाद, 72 इन्फैंट्री डिवीजन को 17 माउंटेन

**14 कोर का हिस्सा होगी 72 इंफैंट्री डिवीजन** –रक्षा सूत्रों के अनुसार, 72 इन्फैंट्री डिवीजन लेह स्थित 14 कोर का हिस्सा होगी। इसे चीन के साथ एलएसी और पाकिस्तान के साथ एलओसी सहित दोनों मोर्चों पर तैनात किया जाएगा। अधिकारियों ने नाम न छापने की शर्त पर बताया कि इसकी जिम्मेदारी का क्षेत्र चीन के साथ वास्तविक नियंत्रण रेखा अर्थात एलएसी का 832 किलोमीटर लंबा क्षेत्र, द्रास-करगिल-बटालिक सेक्टर में पाकिस्तान के साथ नियंत्रण रेखा और सियाचिन ग्लेशियर होगा। यहां यह उल्लेख किया जा सकता है कि 14 कोर में दो डिवीजन हैं–8वां माउंटेन डिवीजन, जो पाकिस्तान के साथ नियंत्रण रेखा पर तैनात है और तीसरा इन्फैंट्री डिवीजन, जो पूर्वी लद्दाख में एलएसी की जिम्मेदारी संभालता है।

## -नए गठन को कहा जाएगा 72 डिवीजन

हालांकि, नए डिवीजन को 72 इन्फैंट्री डिवीजन कहा जाएगा, जिसमें नए मैनपावर को शामिल नहीं किया जाएगा क्योंकि यह पूर्वी लद्दाख में मौजूदा ब्रिगेड को ही फिर से काम सौंपेगा। रक्षाधिकारियों ने बताया कि नए डिवीजन के युद्ध-लड़ने वाले तत्वों को अंतिम रूप दिया गया है। जानकारी के लिए जिसमें बरेली से 6 माउंटेन ब्रिगेड और मथुरा स्थित 1 स्ट्राइक कोर के कुछ संसाधन शामिल थे। सूत्रों ने बताया कि 72 इन्फैंट्री डिवीजन को सैनिकों की संख्या को मजबूत करने के लिए इनमें से कुछ तत्वों को शामिल करने की उम्मीद है।

जानकारी के लिए सेना के एक डिवीजन में स्ट्राइक कोर का हिस्सा बनना था जिसका मुख्यालय पठानकोट में था। सूत्रों ने बताया कि पुनर्गठन के तहत इसका मुख्यालय पूर्वी लद्दाख में होगा। उन्होंने बताया कि डिवीजन का मुख्यालय बनाया जा रहा है और अधिकारियों तथा जवानों की नियुक्ति कर दी गई है।


### न्यायालय नायब तहसीलदार गोरखपुर जबलपुर

रा.प्र.क्रं.0407/अ-6/2025-26

**इश्तहार**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि प्रकाश बलेचा पिता स्व. प्रहलाद राय बलेचा निवासी फ्लैट 501, 502 5th फ्लोर सिग्मागोल्ड जबलपुर द्वारा पंजीकृत विक्रय पत्र दिनांक... के माध्यम से मौजा जिलहरी नं.बं. 08 प.ह.नं. ख.नं. 85/14, 85/13 रकवा 0.0270 वर्गफुट विक्रेता म.प्र. शासन से क्रय की गई भूमि पर राजस्व अभिलेखों में अपना नाम दर्ज कराने पंजीकृत विक्रय पत्र वसीयतनामा/ बटवारा नामा/ हस्तान्तरण पत्र/ हकत्याग पत्र/ दान पत्र एवं नक्शा बटांक की छायाप्रति संलग्न कर आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है। अतः उपरोक्त नामांतरण स्वीकृत किये जाने में यदि किसी व्यक्ति/संस्था को कोई आपत्ति हो तो वह अपनी लिखित आपत्ति पेशी दिनांक 10.06.25 तक स्वयं अथवा अपने विधिक प्रतिनिधि के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर पेश कर सकते हैं। समयाविधि पश्चात प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा। न्यायालय की मुहर एवं मेरे हस्ताक्षर से आज दिनांक 27/05/25 को जारी।

जारी दिनांक- 27.05.25
पेशी दिनांक- 10.06.25

नायब तहसीलदार एवं कार्यपालिक दण्डाधिकारी
र.नं. 614 गोरखपुर, जबलपुर

### न्यायालय नायब तहसीलदार गोरखपुर जबलपुर

रा.प्र.क्रं.0408/अ-6/2025-26

**इश्तहार**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि किशोर कुमार रामरखवानी पिता राजलदास रामरखवानी निवासी बोस कॉलोनी नर्मदा रोड जबलपुर द्वारा पंजीकृत विक्रय पत्र दिनांक.... के माध्यम से मौजा कटंगा न.बं. 02 प.ह.नं. 28/32 ख.नं. 26/1/6 रकवा 10465 वर्गफुट विक्रेता म.प्र. शासन से क्रय की गई भूमि पर राजस्व अभिलेखों में अपना नाम दर्ज कराने पंजीकृत विक्रय पत्र वसीयतनामा/ बटवारा नामा/ हस्तान्तरण पत्र/ हकत्याग पत्र/ दान पत्र एवं नक्शा बटांक की छायाप्रति संलग्न कर आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है। अतः उपरोक्त नामांतरण स्वीकृत किये जाने में यदि किसी व्यक्ति/संस्था को कोई आपत्ति हो तो वह अपनी लिखित आपत्ति पेशी दिनांक 10.06.25 तक स्वयं अथवा अपने विधिक प्रतिनिधि के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर पेश कर सकते हैं। समयाविधि पश्चात प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा। न्यायालय की मुहर एवं मेरे हस्ताक्षर से आज दिनांक 27/05/25 को जारी।

जारी दिनांक- 27.05.25
पेशी दिनांक- 10.06.25

नायब तहसीलदार एवं कार्यपालिक दण्डाधिकारी
र.नं. 614 गोरखपुर, जबलपुर

### न्यायालय तहसीलदार गोरखपुर, जिला- जबलपुर

रा.प्र.क्रं/3176/अ-6/2024-25
जबलपुर, दिनांक- 27/05/2025

**आम इश्तहार**

एतद् द्वारा सर्व साधारण आम जनता ग्राम पुरवा प.ह.नं. 162, प.ह.नं. 7, तहसील गोरखपुर जिला जबलपुर के द्वारा सूचित किया जाता है कि आवेदिका श्रीमती बबीता पति स्व. दिलीप करोसिया निवासी- म.नं. 41, कम्यूनिटी हॉल के पीछे, धनवंतरी नगर, पुरवा गढ़ा तहसील गोरखपुर जिला जबलपुर के द्वारा मौजा पुरवा नं.ब. 162, प.ह.नि. 7, रा.नि.मं. जबलपुर-1 तहसील गोरखपुर जिला जबलपुर स्थित भूमि डायवर्सन खसरा नं. 85/13 एवं पटवारी खसरा नं. 85/13/3/1 का भाग रकबा 405 वर्गफुट पर फौती नामांतरण दर्ज किये जाने हेतु आवेदन पत्र पेश किये जाने से प्रकरण न्यायालय में विचाराधीन है। तत्संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था को कोई आपत्ति हो तो वे अपनी आपत्ति हो तो लिखित में आपत्ति मय दस्तावेज सहित इस न्यायालय में स्वयं उपस्थित होकर अथवा अधिवक्ता के द्वारा पेश कर सकता है। पेशी अवधि व्यतीत हो जाने पर प्राप्त आपत्तियों पर किसी भी प्रकार का विचार नहीं किया जावेगा। यह इश्तहार न्यायालय की मुद्रा व मेरे हस्ताक्षर से जारी किया गया।

जारी दिनांक- 27/05/2025
पेशी दिनांक- 11/06/2025

तहसीलदार, गोरखपुर
र.नं. 616 कार्यपालिक दण्डाधिकारी, जबलपुर


### निविदा/नियुक्ति/जाहिरात


### रजिस्ट्री गुमी

आम जनता को सूचित किया जाता है, कि सुभाषचंद सैनी पिता श्री गुरूचरण सैनी, निवासी-812, न्यू शोभापुर कालोनी, जबलपुर ने मौजा महगवां में स्थित प्रियदर्शनी हाउसिंग को-ऑपरेटिव सोसायटी मर्यादित, जबलपुर में स्थित प्लाट नं.-सी-13 का रकवा 2400 वर्गफूट, को विक्रय पत्र दिनांक-12/06/2006, द.क्रं.-2599ख के द्वारा श्री स्वप्निल वर्मा से खरीद किया था तथा स्वप्निल वर्मा ने उपरोक्त भूखण्ड को विक्रय पत्र दि-15/06/1993 के द्वारा उपरोक्त सोसायटी द्वारा अध्यक्ष श्री रतनचन्द्र अग्रवाल से खरीद किया था जिसकी मूल रजिस्ट्री मुझे उन्होंने उसी वक्त दे दी थी। यह कि मुझ सुभाषचंद सैनी से उपरोक्त मूल रजिस्ट्री दि-15/06/1993 की गुम हो गई है, जिस किसी भी सज्जन को उपरोक्त रजिस्ट्री प्राप्त हुई है, वह मुझे निम्न पते पर एवं निम्न लिखित मोबाईल पर सूचित करने का कष्ट करें, उन्हें यथोचित राशि दी जावेगी।

दिनांक-30/05/2025

**सुभाषचंद सैनी**
पता-812, न्यू शोभापुर कालोनी, जबलपुर
टाइम्स मो.नं.-9425356885


## ऑपरेशन सिंदूर के बाद लाहौर में रैली, आतंकी सैफुल्लाह की भारत को गीदड़भभकी

**नई दिल्ली।** पाकिस्तान की कथनी और करनी में कितना फर्क है, इसकी एक बानगी लाहौर में उस वक्त देखने को मिली, जब लश्कर-ए-तैयबा का टॉप कमांडर सैफुल्लाह कसूरी पाकिस्तानी सुरक्षाबलों की सिक्योरिटी में एक रैली करता देखा गया। कसूरी का नाम पहलगाम में हुए आतंकी हमले के प्रमुख साजिशकर्ताओं में शामिल है। बुधवार को हुई कसूरी की रैली में कई मोस्ट वांटेड आतंकवादी, पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी आईएसआई के अधिकारी और पाकिस्तान की पंजाब विधानसभा के स्पीकर मलिक अहमद खान मौजूद थे।

इस रैली की सुरक्षा में पाकिस्तान की सिक्योरिटी फोर्स तैनात थी। कसूरी के साथ आतंकी हाफिज सईद का बेटा तल्हा सईद भी मंच पर मौजूद था। रैली में सैफुल्लाह कसूरी ने भारत के खिलाफ जमकर जहर उगला। उसने पहलगाम हमले की जिम्मेदारी लेते हुए कहा कि हमले का आरोप लगने के बाद से मैं और भी मशहूर हो गया हूं। कसूरी ने पीएम मोदी के एक बयान का जिक्र करते हुए कहा, %नरेंद्र मोदी को लगता है कि हम गोलियों से डर जाएंगे। यह उनकी भूल है।% दरअसल पीएम ने भुज में एक रैली के दौरान कहा था कि पाकिस्तान आतंकवाद को बंद नहीं करेगा तो उसे भारत की गोलियों का सामना करना पड़ेगा।

### प्रथम पृष्ठ का शेष

**चौथी तिमाही में जीडीपी.....**

अक्टूबर-दिसंबर तिमाही में जीडीपी ग्रोथ 6.4 परसेंट थी. वैसे सालाना आधार पर ग्रोथ रेट में कमी आई है क्योंकि पिछले वित्त वर्ष में मार्च तिमाही में जीडीपी ग्रोथ 8.4 परसेंट रहा था। **जीवीए में इतना परसेंट हुआ इजाफा-** 2025 के पहले तीन महीनों में जीवीए 6.8 परसेंट बढ़ा. जबकि पिछली तिमाही में जीवीए 6.5 परसेंट थी. जीवीए का इस्तेमाल आर्थिक विकास को मापने में किया जाता है, जो किसी इकोनॉमी में अलग-अलग सेक्टर के योगदान को दर्शाता है. वहीं, जनवरी-मार्च तिमाही में निजी उपभोक्ताओं का खर्च साल दर साल के हिसाब से 6 परसेंट बढ़ा है. इसी के साथ रिटेल महंगाई अप्रैल में 3.16 परसेंट के छह साल के निचले स्तर पर आ गई क्योंकि इस बार मानसून के अनुमान से बेहतर होने और अगले महीने रेपो रेट में फिर से कटौती होने की उम्मीद है। आकंड़ों में सरकारी खर्च में 1.8 जनवरी-मार्च तिमाही में सरकारी खर्च में 1.8 परसेंट की गिरावट आने का भी खुलासा हुआ है. जबकि पिछली तिमाही में इसमें 9.3 परसेंट की वृद्धि हुई थी।

**भाजपा नेता के बेटे.......**

तीनों हत्यारोपियों वनंत्रा रिजॉर्ट के मालिक पुलकित आर्य, उसके कर्मचारी सौरभ भास्कर और अंकित गुप्ता पर आरोप तय होने के बाद 28 मार्च, 2023 से अभियोजन पक्ष की गवाही शुरू हुई। करीब दो साल और आठ महीने तक चली सुनवाई में अभियोजन पक्ष की ओर से विवेचक समेत 47 गवाह अदालत में परीक्षित कराए गए। हालांकि एसआईटी ने इस मामले में 97 गवाह बनाए थे, जिनमें से 47 अहम गवाहों को ही अदालत में पेश कराया गया। इस मामले में जांच में जुटी एसआईटी टीम ने 500 पन्ने की चार्जशीट दाखिल की थी। करीब ढाई साल बाद अंकिता भंडारी हत्याकांड का फैसला आया है।

**पीड़ित पिता ने की थी हत्यारों को फांसी की मांग-** अदालत का फैसला आने से पहले अंकिता की मां सोनी देवी फूट फूटकर रो पड़ीं और अंकिता के लिए इंसाफ की मांग की। उन्होंने कहा कि वो चाहती हैं कि अंकिता के हत्यारों को फांसी की सजा हो। अंकिता के पिता वीरेंद्र सिंह भंडारी ने भी लोगों से अपील की है कि वो अंकिता को इंसाफ दिलाने में उनके साथ खड़े रहें और तीनों आरोपियों को मौत की सजा मिले। 19 साल की अंकिता ऋषिकेश के वनंतरा रिसॉर्ट में बतौर रिसेप्शनिस्ट काम करती थी। 18 सितंबर, 2022 को अंकिता अचानक गायब हो गई थी। इसके बाद उसके पिता ने रिसॉर्ट पहुंचकर कर्मचारियों से पूछताछ की थी। बेटी का पता नहीं चलने पर उन्होंने गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई।

**कलेक्टर ने सादगी से की.....**

को शादी के लिए अपने गोपेश्वर स्थित सरकारी आवास पर ही बुला लिया। **पूर्व में ईएनटी रोग विशेषज्ञ रहे तिवारी-** डा. तिवारी मूलरूप से अल्मोड़ा के रहने वाले हैं। वर्तमान में उनका परिवार हिमाचल प्रदेश में रहता है। प्रशासनिक सेवा में आने से पूर्व वह ईएनटी रोग विशेषज्ञ रहे हैं। सात सितंबर 2024 को उन्होंने चमोली जनपद में जिलाधिकारी का कार्यभार संभाला था। डा. तिवारी 2017 बैच के आईएएस हैं। उन्हें उत्तराखंड कैडर आवंटित है। इससे पूर्व वे कुमाऊं मंडल विकास निगम के प्रबंधक निदेशक व नैनीताल जिले में सीडीओ रह चुके हैं। जिलाधिकारी डा. तिवारी अपने जनपक्षीय कार्यों को लेकर खासे लोकप्रिय हैं। आए दिन दूर-दराज के गांवों से आने वाले फरियादियों को भोजन कराने के साथ किराया भी देते हैं। साथ ही अपना मोबाइल नंबर देकर घर से ही समस्या बताने को कहते हैं। इससे जिलाधिकारी तक विकास योजनाओं की सही तस्वीर भी पहुंच जाती है। जिलाधिकारी की ओर से भ्रष्टाचार के विरुद्ध भी गई कार्यवाही का ही नतीजा है कि अब अन्य अधिकारी भी उन्हीं की तरह कार्यशैली अपना रहे हैं। कोई व्यक्ति अपनी समस्या लेकर रास्ते में खड़ा हो तो वे वहीं जनता दरबार लगाकर लगा देते हैं।


### M.P. POWER MANAGEMENT CO. LTD.
Rampur Jabalpur

**TENDER INVITATION**

| | | |
|---|---|---|
| 1 | Tender No. | 2025_MPPMC_427559_1 |
| 2 | Tender Specification No | EE/C/I/1073 |
| 3 | Tender Type/ Mode of Tender | Double Envelope/e-Tendering |
| 4 | Tender for | Sweeping & Cleaning work of MPPMCL HOSPITAL COMPLEX, Rampur Jabalpur. |
| 5 | Bids Submission Last Date & Time | 23-June-2025 15:00:00 |
| 6 | Tender opening date and time | 25-June-2025 15:30:00 |
| 7 | Bid Fee (INR) | Rs. 590/- (with GST) |
| 8 | Earnest Money (INR) | Rs. 7,500/- |
| 9 | Eligibility of Contractor- | Registered in MPPMCL in E-1 or above category or having experience as per bid data sheet. |
| 10 | Tender Forms Available at Website | www.mptenders.com |
| 11 | Contract No. for any other details required. | 0761-2702833/2702888 |

Note - The due date of extension or any corrigendum will not be published in newspapers and only uploaded on MP Tenders Site.
M.P. Madhyam/120361/2025 EXECUTIVE ENGINEER (Civil) Dn-I

### आधार आपरेटर चयन हेतु आवेदन आमंत्रण विज्ञप्ति

संचालनालय महिला एवं बाल विकास म.प्र. भोपाल का के पत्र क्रमांक ई-फाइल /WCD/1/0044/2025-CPSA DWCD/आधार/1645 भोपाल दि. 20.5.2025 एवं पत्र क्र. 1688 दि. 26.05.2025 के निर्देशानुसार महिला एवं बाल विकास विभाग जिला नरसिंहपुर अंतर्गत संचालित 06 बाल विकास परियोजनाओं क्रमशः नरसिंहपुर, गोटेगांव, करेली, चॉवरपाठा, चीचली एवं सांईखेडा की 12 आधार मशीनों (प्रत्येक परियोजना हेतु 02 मशीनों के मान से) के संचालन हेतु आधार परीक्षा पास आपरेटर्स का अस्थाई रूप से चयन किये जाने हेतु विज्ञप्ति प्रकाशन दिनांक से दिनांक 3.6.2025 शाम 5 बजे तक निम्न शर्तों के अधीन आवेदन आमंत्रित किये जाते हैं।

**आवेदन हेतु आवश्यक दस्तावेज एवं शर्तें –**

1. निर्धारित प्रारूप में आवेदन पत्र ,, 2. आधार कार्ड एवं पेन कार्ड, 3. कक्षा 10 वीं एवं 12 वीं की अंकसूची, 4. पासपोर्ट साइज़ फोटो 2, 5. NSEIT द्वारा आयोजित आधार परीक्षा उत्तीर्ण होने का प्रमाण पत्र, 6. आधार कार्य संबंधी अनुभव प्रमाण पत्र ,7. आवेदक जिला नरसिंहपुर का निवासी होने संबंधी मूल निवासी प्रमाण पत्र ,8. ऑपरेटर IDAI द्वारा ब्लैक लिस्ट/सस्पेंडेड न हो , 9. आवेदक पर कोई आपराधिक प्रकरण पंजीबद्ध न होने संबंधी चरित्र सत्यापन प्रमाण पत्र।

### नाम परिवर्तन सूचना

मेरा नाम रविता ए अली पति असगर अली, निवासी म.नं. 207, साकार सनराईज अपार्टमेण्ट, चौथा ब्रिज, जबलपुर (म.प्र.) का शपथपूर्वक निम्न लिखित कथन करती हूं कि यह कि मेरा पुराना नाम रविता काची है, जो कि सभी अंकसूचियों में दर्ज है। मेरा वर्तमान नाम रविता ए अली है जो कि मेरे आधारकार्ड एवं पेनकार्ड में दर्ज है। भविष्य में मुझे मेरे नये नाम रविता ए अली के नाम से जाना एवं पहचाना जाये।

पुराना नाम – रविता काची
नया नाम – रविता ए अली
स्थान- जबलपुर
दिनांक 30.05.2025
र.नं. 611

### न्यायालय तहसीलदार तहसील गोरखपुर, जबलपुर

रा.प्र.क्रं..0219/अ-6/25-26
जबलपुर, दिनांक...

**आम इश्तहार**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक उर्मिला देवी मौर्य पिता स्व. कमल कुमार मौर्य व अन्य निवासी हरदौलमंदिर गढ़ा साहीनाका रोड जबलपुर के द्वारा मौजा गढ़ा/ब्लॉक नंबर 599 प.ह.नं. 7 स्थित भूमि खसरा नंबर 126/1 में से रकवा 0.15 हेक्टयर भूमि जो आवेदक के द्वारा वारसान हक में नाम दर्ज किये जाने आवेदन लेख किया है। तत्संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था को कोई दावा या आपत्ति हो तो नियत पेशी दिनांक 15.06.25 तक इस न्यायालय में स्वयं या अधिवक्ता के माध्यम से प्रस्तुत कर सकता है। समयावधि व्यतीत हो जाने के पश्चात दावा/आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा।

आज न्यायालय की मुद्रा व मेरे हस्ताक्षर से जारी किया गया।

तहसीलदार गोरखपुर एवं कार्यपालिक दण्डाधिकारी
र.नं. 615 जबलपुर

### आम सूचना

मैं अपने पक्षकार श्रीमती मंजू पटेल पति श्री मुन्ना पटेल निवासी बल्देव बाग उखरी रोड तहसील व जिला जबलपुर म. प्र के प्राप्त निर्देशों के अनुसार आम सूचना प्रेषित करता हूँ कि, मेरे पक्षकार ने संपत्ति जबलपुर विकास प्राधिकरण जबलपुर की योजना क्र. 05 नब्बे क्वार्टर ई डब्ल्यू एस भवन क्रं. 34 रकवा 330 वर्गफीट तल मंजिल रकवा 14.93 वर्गमीटर, महाराजा अग्रसेन वार्ड में स्थित है जिसे मेरे पक्षकार ने विक्रेता श्रीमती शकीला मंसूरी पति श्री सिकन्दर मंसूरी निवासी राजीव नगर सुभाष वार्ड अधारताल जबलपुर से रजि. विक्रय पत्र दिनांक 04.10.2018 दस्तावेज कं. MP182542018A1677836 के जरिये क्रय किया था । उक्त असल रजि. विक्रय पत्र उखरी रोड पर कहीं गुम हो गया है जो बहुत प्रयास करने पर भी प्राप्त नहीं हुआ है। उक्त विक्रय पत्र के संबंध में किसी भी व्यक्ति को कोई जानकारी प्राप्त हो तो संपर्क करें ।

जबलपुर
दिनांक : 28-05-2025

**प्रवेश गिदरोनिया (एडवोकेट)**
म.प्र. उच्च न्यायालय
कार्या/निवास-823, शाहीनाका गढ़ा
जबलपुर, मो.नं. 9300122264

### आम सूचना

मैं मेरे पक्षकार अखिलेश यादव पिता श्री शंकर राव जाधव, निवासी-2710 नागपुर रोड, लाल बिल्डिंग, गढ़ा थाना त्रिपुरी चौक, जबलपुर म.प्र. की ओर से आम जनता को सूचित किया जाता है कि, जमीन ग्राम मौजा भड़पुरा, नं.बं. 128, प.ह.नं.30, नया 35 सरदार वल्लभ भाई पटेल वार्ड क.7 (भड़पुरा) रा.नि.मं. जबलपुर, तहसील गोरखपुर, जबलपुर में स्थित भूमि खसरा नं. 177/1 रकवा 0.200 हेक्टेयर को क्रय करने का सौदा उसके भूमिस्वामी श्री अनुराग जायसवाल आत्मज श्री श्यामलाल जायसवाल, निवासी मकान नं. 1272/ए, गुप्तेश्वर, कैलाशपुरी, जबलपुर म.प्र. वालों से सम्पत्ति खरीद करने का सौदा कर लिया है। इस सम्पत्ति का पंजीयन मेरे पक्षकार को कराना है। यदि उपरोक्त सम्पत्ति के पंजीयन में किसी व्यक्ति, बैंक अथवा किसी वित्तीय संस्था को शासकीय/अर्द्धशासकीय संस्था अथवा किसी को किसी प्रकार की कोई आपत्ति है तो वह आज दिनांक से 31/05/2025 से 7 दिवस के भीतर अपने आपत्ति दस्तावेज के सहित उपस्थित होकर लिखित आपत्ति प्रस्तुत करे अन्यथा समयावधि के पश्चात किसी भी प्रकार की आपत्ति गैर कानूनी समझी जावेगी। जिसके लिए मेरे पक्षकार के द्वारा विक्रय पत्र (बैनामा निष्पादित) पंजीयन करा लिया जावेगा।

**पार्वती पटेल (एडवोकेट)**
म.प्र. उच्च न्यायालय
कार्यालयः 101/5, विनायक परिसर,
न्यू शास्त्री नगर, जबलपुर
मो.नं.-6264860018

### कार्यालय संभागीय अधिकारी, संभाग क्रमांक – 13, नगर निगम जबलपुर

पत्र क्रं. संभा अधि/13 मुख्यालय 2025-26/एम/32 दिनांक 30/05/2025

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि श्री अब्दुल समद पिता श्री अनवर खान 2. श्रीमती जीनत खानम पति श्री अब्दुल समद मकान नं. 2227 वार्ड स्वामी दयानंद सरस्वती क्षेत्रफल.... भूतल 1550 व.फु. प्रथम तल 1400 व.फु. विक्रय पत्र के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं. पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया है। जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय संभाग क्रमांक 13 मुख्यालय में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करे।

राजस्व निरीक्षक
संभाग क्रमांक 13 मुख्यालय
नगर निगम, जबलपुर
र.नं. 612

### कार्यालय नगर पालिक निगम जबलपुर (म.प्र.)

**लोक कर्म विभाग // निविदा आमंत्रण सूचना //**

निम्नलिखित कार्य हेतु केंद्रीयकृत प्रणाली में पंजीकृत ठेकेदार / मान्यता प्राप्त फर्म से निम्नलिखित कार्यों के लिए ऑनलाईन निविदायें आमंत्रित की जाती हैं।

| क्र. | टेण्डर क्रमांक जारी दिनांक | कार्य का विवरण | कार्य की समयावधि एवं लागत | निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं EMD | निविदा की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1 | 2025-UAD-426706_1 PRO-185 दिनांक-30/05/2025 | शहीद भगत सिंह वार्ड अन्तर्गत विभिन्न स्थलों पर एम-20 सी.सी. सड़क एवं कर्बड नाली निर्माण कार्य। ( पार्षद मद ) | 02 माह<br>32.00 लाख | 5,000/-<br>24000/- | 30/06/2025 |

नोट-निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाईन की वेबसाइट https://mptender.gov.in पर ही किया जायेगा, पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नहीं किया जायेगा।

**कार्यपालन यंत्री, नगर निगम जबलपुर**

### कार्यालय उपखण्ड अधिकारी-मझौली, जिला-सीधी (म.प्र.)

प्रकरण/0010/अपील/2019-20
जारी दिनांक-30.05.2025

1. शिवपूजन पिता मोतीलाल वानी निवासी ग्राम दादर तहसील मडवारा, जिला-सीधी ( म.प्र. ) .............अपीलार्थी

बनाम

रामधनी पिता वंशरूप वानी निवासी ग्राम दादर तहसील मडवास, जिला-सीधी ( म.प्र. ) 2. दसोमति पिता चिड्डा 3. सूर्यमणि पिता चिड्डा 4. पनुआ पति वंशराखान 5. ललुआ पिता वंशराखान 6. सुकवरिया पति कामता 7. रामाश्रय पिता कामता 8. रामचन्द्र पिता रामकुमार 9. शंकरदयाल पिता सुदर्शन 10. मोहन पिता सुदर्शन 11. प्रेमलाल पिता इन्द्रजीत 12. सुशीला पुत्री इन्द्रजीत 13. वविया पुत्री इन्द्जीत 14. संतोष पिता इन्द्जीत 15. जग्यनारायण पिता हिंछलाल 16 रामकिशोर पिता जमुना 17. बैजनाथ पिता जमुना 18. हीरा पिता रामसुन्दर 19. रामनारायाण पिता रामसुन्दर

सभी निवासी नाम-दादर, तहसील- मडवास, थाना-मझौली, जिला-सीधी ( म.प्र. ) ..........उत्तरवादीगण

**आम-सूचना**

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि अपीलार्थी के द्वारा ग्राम-दादर के भूमि के संबंध में इस न्यायालय में तहसीलदार, तहसील-मडवास के राजस्व प्रकरण क्रमांक 09/अ-46/1997-98 में पारित आदेश दिनांक 30.09.1998 की विरुद्ध म.प्र. भू-राजस्व संहिता 1959 की धारा 44( 1 ) के तहत अपील प्रस्तुत किया गया है। उत्तरवादी क्रमांक 02, 04, 06, 10, 12, 14, 17, 18 एवं 19 का पता न होने से दैनिक समाचार-पत्र में प्रकाशन अपीलार्थी अभिभाषक द्वारा कराया जाना है।

उत्तरवादी क्रमांक 02, 04, 06, 10, 12, 14, 17, 18 एवं 19 को सूचित किया जाता है कि नियत पेशी दिनांक 03.06.2025 के पूर्व अपना पक्ष समर्थन रख सकते हैं। बाद म्याद प्रस्तुत आपत्तियों पर विचार नहीं किया जायेगा। विधि संगत आदेश पारित कर दिया जायेगा।

**अनुविभागीय अधिकारी मझौली, जिला सीधी (म.प्र.)**

### ( वसीयत ) न्यायालय तहसीलदार रांझी जबलपुर

रा.प्र.क्रं/211/अ-6/2025-2026

**आम इश्तहार**

आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक आशीष जायसवाल / स्व. विश्वनाथ जायसवाल नि.-738 नेपियर टाउन जबलपुर ने नजूल ब्लाक नं. 05 प्लाट नं. 14/20 रकवा 2299.968 व.फु./अवि. हिस्सा .... वर्गफुट/हे. विक्रयपत्र/ हकत्याग/ वसीयतनामा/ दानपत्र/ वारसान हक/ दिनांक ... मृत्यु दिनांक 08/08/2023, 06/05/1990 को हो जाने के कारण वारसान हक/ क्रय उपरांत नाम दर्ज किये जाने का आवेदन पत्र, ... खसरा की छायाप्रति प्रस्तुत किया है। प्रकरण में आवेदक द्वारा संलग्न नजूल संधारण खसरा/पटवारी/ डायवर्सन खसरा अनुसार नजूल ब्लाक नं. 05 प्लाट नं. 14/20 रकवा 2299.968, व.फु./अवि. हिस्सा .... /ग्राम सिविल स्टेशन प.ह.नं. .. खसरा नं. .... रकवा 2299.968 व.फु./हे. आशीष कुमार पिता विश्वनाथ प्रसाद जायसवाल, श्रीमती ममता, श्रीमती विनिता, श्रीमती कविता, श्रीमती कुसुम बगैरा. के नाम दर्ज है। अतः किसी व्यक्ति विशेष या संस्था को आपत्ति हो तो अपनी लिखित आपत्ति स्वयं या अपने अभिभावक के माध्यम से दिनांक 10/06/2025 को इस न्यायालय तहसील रांझी जबलपुर में प्रस्तुत कर सकता है। नियत दिनांक के पश्चात प्राप्त आपत्तिकर्ता की आपत्ति पर कोई सुनवाई नहीं की जावेगी। इश्तहार आज दिनांक 22/05/2025 को मेरे हस्ताक्षर न्यायालय की मुद्रा से जारी किया गया।

जारी दिनांक 22/05/2025
पेशी दिनांक 10/06/2025

**तहसीलदार, रांझी, जबलपुर**
र.नं. 617

### कार्यालय सम्पत्ति अधिकारी म.प्र. गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मण्डल, प्रक्षेत्र जबलपुर

**भवन लीज नामांतरण / हस्तांतरण हेतु सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि न्यू आनंद नगर जबलपुर में भवन क्रमांक EWS -244 श्री मुख्तार अहमद पिता श्री अब्दुल शकूर के नाम आवंटित है आवंटी श्री मुख्तार अहमद पिता श्री अब्दुल शकूर की मृत्यु दिनांक 07.11.2008 को हो गई है। उनके पुत्र श्री सद्दाम कादरी पिता स्व. श्री मुख्तार अहमद के द्वारा मृत्यु प्रमाण पत्र एवं शपथपत्र अन्य आवश्यक दस्तावेजों के साथ उक्त भूखण्ड के नामांतरण हेतु आवेदन / दस्तावेज इस कार्यालय में प्रस्तुत किये हैं, उसके आधार पर संपत्ति के नामांतरण की कार्यवाही इस कार्यालय में प्रचलन में है यदि किसी व्यक्ति / संस्था को उक्त भूखण्ड नामांतरण बाबत् आपत्ति हो तो इस सूचना के प्रकाशित होने से 15 दिवस के अंदर लिखित एवं वैद्य आपत्ति सप्रमाण स्वयं उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित अवधि के पश्चात् नामांतरण की कार्यवाही कर दी जावेगी। जिस पर किसी की कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी।

**सम्पदा अधिकारी**
म.प्र. गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मण्डल, प्रक्षेत्र जबलपुर

### कार्यालय संपदा अधिकारी म.प्र. गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मण्डल, प्रक्षेत्र जबलपुर

**भवन लीज हस्तांतरण / नामांतरण हेतु सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि कांचघर कॉलोनी जबलपुर में भवन क्रमांक एन-05 श्री सुब्रत मजुमदार पिता स्व. श्री एस.सी. मजुमदार के नाम आवंटित है, जिसका विक्रय विलेख दिनांक 19.07.2002 को आवंटी के पक्ष में निष्पादित हो चुका है। उक्त भवन श्री सुब्रत मजुमदार पिता स्व. श्री एस.सी. मजुमदार ने पंजीकृत विक्रय विलेख दिनांक 04.08.2023 के माध्यम से श्रीमति शशि झा पति श्री सतीश चंद झा को विक्रय किया है। अतः श्रीमति शशि झा पति श्री सतीश चंद झा द्वारा उक्त भवन उनके नाम लीज हस्तांतरण हेतु दस्तावेज / आवेदन इस कार्यालय में प्रस्तुत किये गये हैं। यदि किसी व्यक्ति, सस्था आदि को उपरोक्त लीज हस्तांतरण ( भवन / भूखण्ड ) बाबत् आपत्ति हो तो इस सूचना के प्रकाशित होने से 15 दिवस के अंदर लिखित में वैद्य आपत्ति सप्रमाण प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित अवधि के पश्चात् हस्तांतरण की कार्यवाही कर दी जावेगी। जिस पर किसी की कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी।

**सम्पदा अधिकारी**
म.प्र. गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मण्डल, प्रक्षेत्र जबलपुर

### मुथूट फिनकॉर्प लिमिटेड (सुरक्षित और असुरक्षित ऋण व्यवसाय प्रभाग)

muthoot FINCORP Jab zindagi badalni ho
(मुथूट पप्पाचन समूह की कंपनी) CIN : U65929KL1997PLC011518
प्रशासनिक कार्यालय : 710-ए एवं 711-ए, सातवीं मंजिल, फेस-2, स्पेंसर प्लाजा, माउंट रोड़, अन्ना सलाई, चेन्नई-600 002
पंजीकृत कार्यालय : मुथूट सेन्टर, टीसी नं. 27/3022, पुन्नेन रोड़, त्रिवेन्द्रम, केरला - 695 001

**मांग सूचना**

**वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुर्ननिर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 की धारा 13(2) के अधीन**

जबकि, अधोहस्ताक्षरी ने, **मुथूट फिनकार्प लिमिटेड (एमएफएल)** के प्राधिकृत अधिकारी के रुप में, वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनःनिर्माण तथा प्रतिभूमि हित प्रवर्तन अधिनियम 2002 के तहत और प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली, 2002 के नियम 3 के साथ पठित धारा 13(12) के अधीन प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए उक्त अधिनियम की धारा 13(2) के अधीन मांग सूचनाएं जारी की थी, जिनमें निन्नलिखित कर्जदार(रों), ग्यारंटर(रों) से संपूर्ण बकाया राशि, अद्यतन ब्याज, लागत और प्रभारों के साथ, उनको जारी की गई संबंधित मांग सूचना(ओं) और वैकल्पिक तामील के लिए नीचे दिए अनुसार सूचना प्रकाशन की तिथि से 60 दिन के भीतर चुकाने हेतू, कम्पनी के प्रति उनकी पूर्ण जिम्मेदारी का निर्वहन की मांग की गई थी। उक्त कर्जदार(रों), सह-कर्जदार(रों) द्वारा ऋण की सम्यक वापसी के लिए प्रतिभूमि के रुप में क्रमशः निन्नलिखित आस्तियां **एमएफएल** के पास बंधक रखी गई है।

| क्रं. | ऋणी/सह-ऋणी/ जमानतदार का नाम | मांग सूचना कि तिथि / एनपीए तिथि | कुल बकाया राशि | सुरक्षित संपत्ति(यों)/अचल सम्पत्ति (यों) का विवरण |
|---|---|---|---|---|
| 1. | ऋण खाता नं.MFLMPDSECUL000005157476 श्री गालिब हुसैन (ऋणी) श्री मुबारक (सह-ऋणी) श्रीमती नसरीन (सह-ऋणी) **सभी निवासी:** एने तजम्मुल हुसैन मक्का नगर गली नंबर 4। संजय गांधी वार्ड 41 अधारताल जबलपुर म.प्र.- 482002 **सभी संपत्ति का पता:** प्लॉट नंबर 161, नजूर ब्लॉक नंबर 20, जबलपुर, मध्य प्रदेश, 482001 | 14-05-2025 / 07-05-2025 | Rs. 26,61,358.58/- छब्बीस लाख इक्सठ हजार तीन सौ अट्ठावन एवं अट्ठावन पैसे मात्र दिनांक 14-05-2025 तक | संपत्ति का समस्त एवं शेष भाग, मौजा बेटला एन.बी.नं. 52, प.ह.नं. 22, नया पटवारी हल्का नं. 22/25 न्यू 01, खसरा नं. 91/2/1 का भाग **प्लॉट का क्षेत्रफल** 700 वर्गफीट (65.055 वर्ग मीटर) एवं तल मंजिल निर्मित क्षेत्रफल 700 वर्गफीट (65.055 वर्ग मीटर) पं. मोतीलाल नेहरू वार्ड, न्यू रामनगर क्षेत्र, तहसील जबलपुर वर्तमान अधारताल एवं जिला - जबलपुर (म.प्र.) **चर्तुसीमाएँ:-** पूर्व- सुनील कुमार जैन का मकान, पश्चिम - नदीम अंसारी का मकान, उत्तर - मंसूर खान का प्लॉट, दक्षिण - साइड रोड |

यदि उक्त कर्जदार, सह-कर्जदार एवं गारंटर **एमएफएल** को उपरोक्तनुसार भुगतान करने में विफल रहेगें, **एमएफएल** उपरोक्त वर्णित प्रतिभूत आस्ति का कब्जा लेने और कानून के अधीन कम्पनी को उपलब्ध अन्य कार्यवाहीं करने का हकदार होगी, जिसकी लागत और परिणामों की जोखिम के लिए उक्त कर्जदार पूर्ण रुपेण जिम्मेदार होंगे।

उक्त कर्जदार(रों), सह-कर्जदार(रों) पर सरफासी ऐक्ट की धारा 13 की उप-धारा (13) के प्रावधान के तहत, **एमएफएल** की पूर्व लिखित सहमति के बिना, उपरोक्त प्रतिभूति आस्ति(यों) का ब्रिकी, पट्टा या अन्य प्रकार से हस्तांरण करने के संबंध में रोक लगी है।

सही/- प्राधिकृत अधिकारी
**स्थान : मध्य प्रदेश, दिनांक : 31-05-2025** फॉर - मुथूट फिनकार्प लिमिटेड

# देश-प्रदेश

उवाच

## 6 साल, 6 सर्जिकल स्ट्राइक और जीरो प्रचार



**नई दिल्ली।** बिहार विधानसभा चुनाव जैसे-जैसे नजदीक आ रहा है, वैसे-वैसे राजनीतिक माहौल भी गर्माता जा रहा है। एक ओर विपक्षी दल सरकार पर हमले कर रहे हैं, तो दूसरी ओर सत्ताधारी पार्टी अपने कामकाज का प्रचार कर रही है। कांग्रेस प्रवक्ता सुप्रिया श्रीनेत ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की बिहार यात्रा और बीजेपी के प्रचार अभियान को लेकर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि कांग्रेस काम करती है, प्रचार नहीं। सुप्रिया श्रीनेत ने बताया कि 2008 से 2014 के बीच यूपीए सरकार के कार्यकाल में भारतीय सेना ने पाकिस्तान में 6 बार सर्जिकल स्ट्राइक की थी, लेकिन कांग्रेस ने कभी इस मुद्दे को लेकर वोट नहीं मांगे।

300वीं जन्म जयंती के अवसर पर विशेष

# लोकमाता देवी अहिल्याबाई: सुशासन और महिला स्वावलंबन की प्रणेता

**डॉ. मोहन यादव**

पुण्यश्लोका देवी अहिल्याबाई होलकर की 300वीं जन्म जयंती अवसर पर शत-शत नमन...। आज भोपाल में लोकमाता देवी अहिल्याबाई महिला सशक्तिकरण महासम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है। इसका समूचा दायित्व मातृशक्ति संभाल रही हैं। इस महिला सशक्तिकरण और स्वावलंबन महोत्सव में माननीय यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी भोपाल पधार रहे हैं। मैं मध्यप्रदेश की साढ़े आठ करोड़ जनता की ओर से प्रधानमंत्री जी का आत्मिक स्वागत करता हूं। हमारे लिये सौभाग्य की बात है कि पुण्यश्लोका देवी अहिल्याबाई होलकर जयंती समारोह को आगामी एक वर्ष तक आयोजित किये जाने का शुभारंभ आज इस अवसर पर मध्यप्रदेश की धरती से किया जा रहा है इसके लिये माननीय प्रधानमंत्री जी का हृदय से धन्यवाद।

देवी अहिल्याबाई होलकर ने परिपूर्ण सुशासन व्यवस्था, स्वावलंबी, आत्मनिर्भर समरस समाज, सुरक्षित समृद्ध राज्य का एक आदर्श प्रस्तुत किया है। उन्होंने पूरब से पश्चिम तक और उत्तर से दक्षिण तक लगभग 130 विखंडित मंदिरों का जीर्णोद्धार तथा पुनर्निर्माण किया। नदियों पर घाट, धर्मशालाएं बनवाईं, अन्न सत्र प्रारंभ किये और पूजा-पाठ की स्थाई व्यवस्था की। देशभर में सांस्कृतिक गौरव की पुनर्प्रतिष्ठा की और देश को एक सूत्र में पिरोया। उनका शासनकाल, स्वर्ण काल होने के साथ राष्ट्र के सांस्कृतिक अभ्युदय का समय रहा है। लोकमाता देवी अहिल्याबाई ने महिलाओं के स्वावलंबन और सशक्तिकरण के लिए अभूतपूर्व कार्य किये। एक तरफ उन्होंने महिलाओं की सैनिक टुकड़ी बनाकर सुरक्षा की चौकस व्यवस्था की। वहीं, दूसरी ओर महिलाओं के सामाजिक सम्मान और आत्मनिर्भरता के लिए क्रांतिकारी निर्णय लिये। उन्होंने महिलाओं को संपत्ति में अधिकार, विधवा को दत्तक पुत्र लेने का अधिकार तथा विधवा पुनर्विवाह के अधिकार प्रदान किये और दहेज प्रथा पर रोक लगाने के नियम बनाये। सेना में बलिदान हुए सैनिकों की पत्नियों के लिये महेश्वर में महेश्वरी साड़ी उद्योग की स्थापना की और महिला समृद्धि का विश्व में कीर्तिमान स्थापित किया। उनके राज्य में होलकर राज्य सुराज, स्वराज, सुशासन, सुव्यवस्था, संपन्नता, विकास और निर्माण का आदर्श रहा। उन्होंने महेश्वर को शिल्प, कला, संस्कृति, शिक्षा, साहित्य, उद्योग और व्यापार का केन्द्र बनाया और देशभर में विस्तारित किया।

उनके शासनकाल में होलकर राज्य प्रभावी सूचना तंत्र, पंचायती राज, न्यायालय, सुरक्षा की चौकस व्यवस्था, सशक्त सेना के साथ ग्रामीण तथा नगरीय नियोजन का उदाहरण बन गया। जीवनभर वे भगवान शिव और समाज के लिए समर्पित रहीं। समाज निर्माण और महिला सशक्तिकरण के लिए अहिल्याबाई होलकर ने जो कार्य किये, वे हमारी विरासत का गौरवपूर्ण हिस्सा हैं। मुझे यह बताते हुए प्रसन्नता है कि मध्यप्रदेश सरकार देवी अहिल्याबाई होलकर के त्रि-शती जयंती वर्ष को समारोह पूर्वक आयोजित कर रही है। शौर्य और पराक्रम की प्रतीक लोकमाता अहिल्याबाई को समर्पित करते हुए विजयादशमी के त्योहार पर प्रदेश भर में शस्त्र पूजन कार्यक्रम आयोजित किया गया। मध्यप्रदेश में उनके जीवन, कृतित्व और व्यक्तित्व पर आधारित विविध कार्यक्रम संपन्न हुए। इसमें कार्यशालाएं, व्याख्यान, संगोष्ठियां, नाट्य, महानाट्य प्रस्तुति आदि के श्रृंखलाबद्ध आयोजन हुए। हमने प्रयास किया कि बौद्धिक तथा सांस्कृतिक गतिविधियों के माध्यम से देवी अहिल्याबाई के कार्य, विचार और आदर्श समाज के बीच पहुंचे। अहिल्याबाई के व्यक्तित्व निर्माण, परिवार समन्वय, पर्यावरण संरक्षण, समाज निर्माण और राष्ट्र निर्माण के सूत्र समाज के सामने लाये गये।



प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने भारत को विश्व में सबसे समृद्ध और सशक्त राष्ट्र बनाने के लिये विकास के साथ विरासत का सूत्र दिया है। प्रधानमंत्री जी के इस सूत्र के अनुरूप ही हमने अपनी विकास योजनाओं के क्रियान्वयन में प्रदेश की गौरवशाली विरासत को सहेजने और आदर्श महानायकों के व्यक्तित्व से समाज को प्रेरित करने का अभियान चलाया। प्रदेश के समग्र विकास को ध्यान में रखते हुए हमने डेस्टिनेशन कैबिनेट की ऐतिहासिक पहल की है। यह पहल प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी की पर्यटन को बढ़ावा देने की अवधारणा को धरातल पर साकार करती है। आधुनिक विकास के साथ अपनी गौरवशाली विरासत का स्मरण और आदर्श महानायकों से प्रेरणा लेकर आगे बढ़ने के उद्देश्य से हमने लोकमाता अहिल्याबाई होलकर की स्मृति में दो कैबिनेट बैठकें कीं। पहली बैठक 24 जनवरी 2025 को महेश्वर के किले में और दूसरी बैठक 20 मई 2025 को इंदौर के राजवाड़ा में संपन्न हुई। पहली बैठक में प्रदेश के 19 पवित्र स्थलों में शराब बंदी लागू करने का निर्णय लिया। इस निर्णय से धार्मिक स्थलों की पवित्रता बनाये रखने के साथ महिलाओं के सामाजिक और आर्थिक सशक्तिकरण को बल मिलेगा, वहीं दूसरी बैठक में लोकमाता देवी अहिल्याबाई होलकर प्रशिक्षण कार्यक्रम चलाने का फैसला लिया गया है।

अहिल्याबाई होलकर ने महिला सशक्तिकरण को लेकर जो दिशा तय की थी, उसे आगे बढ़ाने का कार्य यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने किया है। हमने पुण्यश्लोका, लोकमाता अहिल्याबाई होलकर के 300वें जन्म जयंती वर्ष में प्रधानमंत्री जी के गरीब, युवा, किसान और नारी पर ध्यान के ध्येय मंत्र को सार्थक करने का प्रयास किया। इस मंत्र के चौथे स्तम्भ 'नारी' के समग्र विकास के लिये देवी अहिल्याबाई नारी सशक्तिकरण मिशन बनाकर कार्य आरंभ किया गया। इस मिशन से प्रदेश की नारी आत्मनिर्भर होंगी, उनके आर्थिक और सामाजिक विकास को गति मिलेगी। मिशन के प्रमुख उद्देश्यों में महिलाओं और बालिकाओं की शिक्षा, स्वास्थ्य, पोषण, आर्थिक विकास एवं सुरक्षा, विभिन्न शासकीय सेवाओं की पहुंच सुनिश्चित करना, महिलाओं के आर्थिक स्वावलंबन के लिए प्रयास करना शामिल है। मिशन के प्रमुख लक्ष्यों में बालिका लिंगानुपात में वृद्धि, बालिका शिक्षा में वृद्धि, मातृ मृत्युदर में कमी लाना, महिला अपराधों में कमी लाना, बाल विवाह रोकना, महिला श्रमबल में वृद्धि करना आदि समाहित है। देवी अहिल्याबाई ने महिला सशक्तिकरण, किसान कल्याण, समाज कल्याण और सुशासन की दिशा में जो मार्ग दिखाया है, मध्यप्रदेश सरकार उस पर चलकर समग्र विकास को चरितार्थ करने के लिये संकल्पित है। हमने लोकमाता देवी अहिल्याबाई के सिद्धांतों, उनके आदर्श को राज्य की नीति और निर्माण में शामिल करते हुए महिला नेतृत्व और सशक्तिकरण की दिशा में प्रभावी कदम बढ़ाए हैं। मध्यप्रदेश में महिला सशक्तिकरण के लिये विभिन्न स्तर पर प्रयास किये जा रहे हैं।

महिलाओं की शिक्षा, स्वास्थ्य, सुरक्षा और आर्थिक आत्मनिर्भरता के लिए कई योजनाएं शुरू की हैं। इससे महिलाओं को रोज़गार, स्वरोज़गार, स्वास्थ्य सेवाएं और सुरक्षा के मजबूत अवसर प्राप्त हो रहे हैं। विशेषकर लाड़ली बहना योजना, देवी अहिल्याबाई होलकर मिशन, बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ, लाड़ली लक्ष्मी योजना से महिलाओं के जीवन में सकारात्मक बदलाव आया है। प्रदेश के सभी जिलों में वन स्टॉप सेंटर स्थापित किये गए हैं, महिला हेल्पलाइन और चाइल्ड हेल्पलाइन से सुरक्षा प्रदान की है। महिला श्रमिकों की सुरक्षा, सुविधा और सम्मान के उद्देश्य से वूमेन एंटरप्रेन्योर डेडिकेटेड इंडस्ट्री पार्क की स्थापना की गई। महिलाओं के स्वरोज़गार और कौशल विकास के लिए एमएसएमई नीति-2025 में महिला उद्यमियों को 50 प्रतिशत तक पूंजी अनुदान का प्रावधान किया गया। मुझे यह बताते हुए प्रसन्नता है कि मध्यप्रदेश को विश्व की शीर्ष टूरिज्म डेस्टिनेशन माना गया है। हमने नवाचार करते हुए सेफ टूरिज्म डेस्टिनेशन फॉर वूमेन के तहत 10 हजार महिलाओं को पर्यटन सेवाओं के लिये प्रशिक्षित किया है। मुझे यह बताते हुए संतोष है कि मध्यप्रदेश, देश का पहला ऐसा राज्य है जिसमें शासकीय सेवाओं में महिलाओं के लिए आरक्षण 33 प्रतिशत से बढ़ाकर 35 प्रतिशत कर दिया है। प्रदेश में लाडो अभियान, शौर्या दल, मुख्यमंत्री महिला सशक्तिकरण योजना, मुख्यमंत्री सामुदायिक नेतृत्व क्षमता विकास कार्यक्रम चलाये जा रहे हैं। सैनिटेशन एवं हाइजीन योजना से प्रदेश की 19 लाख बालिकाओं को आर्थिक संबल दिया गया है। प्रदेश में 18 लाख से अधिक महिलाओं, विधवा, परित्यक्ता और केवल पुत्री वाली माताओं को सामाजिक सुरक्षा पेंशन प्रदान की जा रही है। प्रदेश में महिलाओं को जन्म से लेकर जीवनपर्यन्त विभिन्न योजनाओं के माध्यम से सुरक्षा, सम्मान और संबल प्रदान किया जा रहा है। प्रदेश की महिलायें आत्मनिर्भर और स्वावलंबी होकर नवाचार के साथ अपनी नई विकास गाथा लिख रही हैं।

मुझे पूर्ण विश्वास है कि महिलाओं की यह समृद्धि परिवार, समाज, प्रदेश और राष्ट्र को सशक्त बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभायेगी। लोकमाता अहिल्याबाई ने महिलाओं को सबल बनाने के लिए जो प्रयास किये हैं, वो निरंतरता और प्रगति के साथ मध्यप्रदेश की धरती पर आकार लेते हुए दिखाई दे रहे हैं।

पुनश्च पुण्यश्लोका, लोकमाता देवी अहिल्याबाई होलकर को सादर नमन...।

**( लेखक मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री हैं )**

भाजपा प्रदेश पदाधिकारियों की कामकाजी बैठक

## संगठन के आगामी कार्यक्रमों पर हुई चर्चा



**भोपाल, देशबन्धु।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में यह बदलते दौर का नया भारत है। श्री मोदी की जनहितैषी योजनाओं के बल पर आज भारत विकसित देशों के श्रेणी की और अग्रसर है। पहलगाम में हुए कायराना आतंकवादी हमले के बाद देश की सेनाओं ने ऑपरेशन सिंदूर चलाकर आतंकवाद परस्त पाकिस्तान को करारा जवाब दिया है। श्री मोदी के नेतृत्व में भारत दुनिया की चौथी अर्थव्यवस्था बन गया है। जब मैं मुख्यमंत्री बना था तब मध्यप्रदेश की प्रति व्यक्ति आय 1 लाख 42 हजार थी, जो बढ़कर अब 1 लाख 55 हजार हो गई है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री ने ऑपरेशन सिंदूर के तहत राष्ट्रहित से जुड़े ऐसे कठिन निर्णय लिए हैं जिनकी कल्पना नहीं की जा सकती थी। श्री मोदी के नेतृत्व में सेना ने पाकिस्तान की कमर तोड़ने का कार्य किया है। आज का भारत श्री मोदी के नेतृत्व में सशक्त व सक्षम राष्ट्र के रूप में दुनिया के सामने आया है।वहीं भाजपा प्रदेश अध्यक्ष व सांसद विष्णुदत्त शर्मा ने कहा कि पार्टी कार्यकर्ताओं के परिश्रम से विधानसभा एवं लोकसभा चुनाव में इतिहास बना। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में प्रदेश ने बहुत ही कम समय में कई क्षेत्रों में महत्वपूर्ण उपलब्धियां हासिल की हैं। भाजपा के प्रदेश प्रभारी डॉ. महेंद्र सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत विश्वगुरु बनने की राह पर तेजी से कदम बढ़ा रहा है। हाल ही में हुई 2 घटनाओं से इसकी पुष्टि होती है। भाजपा प्रदेश संगठन महामंत्री हितानंद ने मोदी सरकार के 11 साल 'संकल्प से सिद्धि तक' एवं अन्य संगठनात्मक कार्यक्रमों की जानकारी देते हुए कहा कि 9 जून को प्रदेश स्तर पर एवं 10 से 11 जून को जिला स्तर पर मोदी सरकार की 11 साल की उपलब्धियों को पत्रकार वार्ता के माध्यम से बताया जाएगा।

## प्रधानमंत्री के दौरे से पहले नेता प्रतिपक्ष सिंघार ने पूछे सवाल

**भोपाल, देशबन्धु।** देवी अहिल्याबाई होलकर के 3 सौवीं जयंती पर शनिवार को राजधानी भोपाल में महिला सशक्तिकरण महासम्मेलन में शामिल होने के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आ रहे हैं। इसके पहले मध्यप्रदेश विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार ने महिला सशक्तिकरण को लेकर ही भाजपा से कुछ अहम सवाल पूछे हैं। उन्होंने पत्रकार वार्ता में कहा कि



प्रधानमंत्री मोदी कल मध्यप्रदेश आ रहे हैं, महिला सशक्तिकरण की बात की जा रही है, लेकिन हर बार की तरह इस बाद भी वादे तो खूब किए जाएंगे, लेकिन प्रदेश की जनता के सवालों के जवाब इस महासम्मेलन में नहीं मिलेंगे। श्री सिंघार ने सवाल किया कि लाड़ली बहनों को 3 हजार कब मिलेंगे?, देश में महिला आरक्षण कब लागू होगा?, मध्यप्रदेश पुलिस में 33 प्रतिशत महिलाओं की भागीदार कब होगी, स्व सहायता समूहों को आजीविका से जोड़ने के लए क्या योजना ला रहे हैं? हाईकोर्ट में सिर्फ 3 प्रतिशत महिला जज क्यों? मेट्रो प्रोजेक्ट लेट होने से सरकार को करोड़ों का नुकसान हुआ, ये कर्ज कैसे चुकाया जाएगा, क्या मेट्रो टिकट मंहगा होगा? और अच्छे दिन में मंहगाई क्यों बढ़ रही है।

मुख्यमंत्री ने डिजिटल मार्केटिंग कार्यशाला का किया शुभारंभ, कहा-

## लोकतांत्रिक व्यवस्था को मजबूत करने का प्रभावी माध्यम है सोशल मीडिया




**भोपाल, देशबन्धु। मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने** कहा है कि वास्तविक तथ्यों को जन-जन तक पहुंचने में सोशल मीडिया की महत्वपूर्ण भूमिका है, इस दृष्टि से सोशल मीडिया लोकतांत्रिक व्यवस्था को मजबूत करने का प्रभावी माध्यम है। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी सोशल मीडिया की इस क्षमता को पहचान कर सोशल मीडिया के विभिन्न प्लेटफार्म के माध्यम से जन-जन से निरंतर संवाद और संपर्क में रहते हैं।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने जनजातीय अनुसंधान संस्थान (टी.आर.आई.) द्वारा जनजातीय सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर के लिए आयोजित डिजिटल मार्केटिंग कार्यशाला के उद्घाटन सत्र को संबोधित करते हुए यह विचार व्यक्त किए। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने जनजातीय संग्रहालय में दीप प्रज्वलित कर तथा जनजातीय स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के चित्रों पर पुष्पांजलि अर्पित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव को तुलसी का पौधा, रुद्राक्ष की माला और अंगवस्त्रम भेंट कर स्वागत किया गया। कार्यक्रम में इंडियन इंस्टिट्यूट ऑफ़ मैनेजमेंट इंदौर के निदेशक डॉ. हिमांशु रॉय मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित थे। अपर मुख्य सचिव तथा निदेशक टी.आर.आई विनोद कुमार, बाल भारती के पूर्व अध्यक्ष निशांत खरे, आयुक्त तथा सचिव जनसंपर्क सुदाम खाड़े विशेष रूप से उपस्थित थे।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि सोशल मीडिया का उपयोग कर व्यक्ति अपनी क्षमता, योग्यता और प्रतिभा को बहुत आसानी से बढ़ा सकता है, यह जनसामान्य को वर्तमान समय में उपलब्ध हुई सरल किन्तु महत्वपूर्ण और जीवन बदल देने वाली तकनीक है। प्रजातांत्रिक व्यवस्था में प्रत्येक व्यक्ति को आगे बढ़ने के अवसर समान रूप से उपलब्ध हैं, इस स्थिति में सोशल मीडिया की तकनीकों की उपलब्धता सौभाग्य का विषय है। इसके उपयोग से व्यक्ति अपनी क्षमता का लगातार विस्तार कर सकता है। सोशल मीडिया तकनीकों का उपयोग अपने व समाज के हित और प्रगति के लिए करना सभी के लिए लाभदायक है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी डिजिटल प्लेटफार्म पर सक्रिय होने के लिए सभी को प्रेरित व प्रोत्साहित कर रहे हैं। अपर आयुक्त टी.आर.आई लक्ष्मण सिंह मरकाम ने कहा कि मुख्यमंत्री डॉ. यादव से मिली प्रेरणा के अनुरूप जनजातीय सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर के लिए डिजिटल मार्केटिंग कार्यशाला आयोजित की जा रही है। जनजातीय युवाओं को स्थानीय बोली और भाषा में समृद्ध जनजातीय संस्कृति और परंपराओं के प्रचार-प्रसार के लिए डिजिटल कंटेंट तैयार करने के संबंध में कार्यशाला में प्रशिक्षण दिया जाएगा।

## प्रधानमंत्री की उपस्थिति रचा जाएगा विकास और सांस्कृतिक पुनर्जागरण का इतिहास : शर्मा

**भोपाल, देशबन्धु।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष व सांसद विष्णुदत्त शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 31 मई को देवी अहिल्याबाई होल्कर की 3 सौं वीं जयंती पर होने वाले ऐतिहासिक महिला सशक्तिकरण सम्मेलन में आने वाले हैं। कार्यक्रम के दौरान श्री मोदी की उपस्थिति में प्रदेश के विकास और सांस्कृतिक पुनर्जागरण का नया इतिहास रचा जाएगा। यह सम्मेलन महिला सशक्तिकरण को समर्पित होगा। ऑपरेशन सिंदूर के बाद जंबूरी मैदान में होने वाले 2 लाख से अधिक महिलाओं का यह सम्मेलन देश में महिलाओं का सबसे बड़ा कार्यक्रम होगा। उन्होंने ये जानकारी आज एक पत्रकार वार्ता को संबोधित करते हुए दी। श्री शर्मा ने कहा कि पार्टी की सभी महिला सांसद, विधायक, महापौर, जिला पंचायत अध्यक्ष अलग-अलग स्थानों पर प्रधानमंत्री का स्वागत करेंगी। उनके अलावा समाज में महत्वपूर्ण काम करने वाली बहनें, महिला खिलाड़ी, जनप्रतिनिधि, स्व सहायता समूहों की बहनें भी अभिनंदन करेंगी। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री भोपाल से ही सतना और दतिया एयरपोर्ट का वर्चुअल उद्घाटन करेंगे। पत्रकार वार्ता के दौरान पार्टी के प्रदेश महामंत्री व विधायक भगवानदास सबनानी, रणवीर सिंह रावत, हरिशंकर खटीक, सरतेंदू तिवारी, महिला मोर्चा की प्रदेश अध्यक्ष व सांसद श्रीमती माया नारौलिया, प्रदेश मंत्री राहुल कोठारी एवं प्रदेश मीडिया प्रभारी आशीष उषा अग्रवाल उपस्थित रहे।

**आरोप-प्रत्यारोप पार्टी बनकर रह गई कांग्रेसत्न** श्री शर्मा ने कहा कि आने वाले समय में जब चुनाव होंगे, तब बड़ी संख्या में हमारी बहनें लोकसभा और विधानसभाओं में पहुंचेंगी, जिसकी व्यवस्था प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सरकार ने नारी शक्ति वंदन अधिनियम के माध्यम से की है। यह बात हमारी बहनें भी भली भांति जानती हैं। उन्होंने कहा कि मैं कांग्रेस के नेताओं से पूछना चाहता हूं कि जिन बहनों को कांग्रेस पार्टी अपना वोट बैंक मानती रही है, उन बहनों को तीन तलाक के नर्क से मुक्ति दिलाने के लिए कांग्रेस की सरकारों ने क्या किया? देश में 55-60 सालों तक कांग्रेस की सरकारें रहीं, लेकिन उन्होंने कोई कदम नहीं उठाया।

## आंगनबाड़ी केन्द्रों में 1 से 15 जून तक ग्रीष्मकालीन अवकाश

- कार्यकर्ता-सहायिका रहेंगी सक्रिय
- अवकाश अवधि में आंगनवाड़ी होंगी व्यवस्थित

**भोपाल, देशबन्धु।** मध्यप्रदेश के आंगनबाड़ी केन्द्रों में आगामी 1 से 15 जून तक 15 दिवसीय ग्रीष्मकालीन अवकाश घोषित किया गया है। यह अवकाश केन्द्रों में नियमित रूप से आने वाले 3 से 6 आयु वर्ग के बच्चों एवं अन्य हितग्राहियों के लिए होगा। आंगनवाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिका की उपस्थिति इस अवधि में अनिवार्य रहेगी। महिला बाल विकास विभाग द्वारा जारी निर्देशों के अनुसार, यह अवधि आंगनबाड़ी केन्द्रों के रख-रखाव, दस्तावेज संधारण, वार्षिक सर्वेक्षण तथा पोषण संबंधित गतिविधियों के लिए निर्धारित की गई है। इस दौरान केन्द्रों में बच्चों के लिए नाश्ता एवं गर्म पका भोजन के स्थान पर रेडी टू ईट भोज्य पदार्थ महिला स्व-सहायता समूहों द्वारा वितरित किया जाएगा। केन्द्रों की साफ-सफाई और मरम्मत- भवन की सफाई, खेल सामग्री की व्यवस्था, रसोई व शौचालय की मरम्मत तथा पेयजल की बेहतर व्यवस्था सुनिश्चित की जाएगी।इसके अतिरिक्त रिकॉर्ड संधारण का कार्य किया जाएगा।सम्पूर्ण उपकरणों एवं फर्नीचर का स्टॉक पंजीकरण, टेक होम राशन वितरण का विवरण, संपर्क एप्लिकेशन में डाटा अपलोडिंग की जायेगी।इस अवधि में वार्षिक सर्वेक्षण (स्क्र) भी किया जाएगा।एक से 10 जून तक परिवार सर्वेक्षण एवं हितग्राही पहचान की जाएगी, जबकि 10 से 15 जून के मध्य अधिकारियों द्वारा समीक्षा की जाएगी। पोषण वाटिका की तैयारी- बाउंड्रीवॉल युक्त केन्द्रों और कुपोषित बच्चों के घरों में पोषण वाटिका हेतु क्यारियाँ तैयार की जाएंगी।

मुख्यमंत्री ने अहिल्या वाहिनी बाइक रैली और महिला प्रतिभागियों की बस को झंडी दिखाकर किया रवाना, बोले-

# अहिल्या बाई नारी सशक्तिकरण की प्रतीक थीं



**भोपाल, देशबन्धु।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि लोकमाता देवी अहिल्याबाई होल्कर की 300वीं जयंती के पावन अवसर पर निकाली जा रही अहिल्या वाहिनी महिला बाइक रैली महिला सशक्तिकरण का प्रतीक है। यह रैली, समृद्ध भारतीय संस्कृति में विद्यमान नारी सम्मान और महिला की सशक्त छवि की अभिव्यक्ति भी है। लोकमाता देवी अहिल्याबाई होल्कर हर काल में सुशासन की प्रतीक रही है। जब विदेशी आक्रांता दिल्ली से बैठकर भारत पर शासन कर रहे थे, तब लोकमाता ने महिला सशक्तिकरण की अद्भुत मिसाल पेश की। रानी दुर्गावती, वीरांगना लक्ष्मीबाई और रानी अवंती बाई ने भी नारी सम्मान को ऊंचाई दी। रानी अहिल्याबाई एक आदर्श बहू, आदर्श मां, आदर्श पत्नी और महान शासिका थीं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने लोकमाता अहिल्याबाई होल्कर की 300 वीं जयंती के उपलक्ष्य में प्रदेश में मनाए जा रहे जनकल्याणी पर्व के अंतर्गत शौर्य स्मारक पर अहिल्या वाहिनी महिला बाइक रैली के शुभारंभ अवसर पर कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने मां तुझे प्रणाम योजना के अंतर्गत महिला प्रतिभागियों की बस को भी झंडी दिखाकर रवाना किया। ग्वालियर चंबल संभाग की महिलाएं प्रदेश के ऐतिहासिक, सांस्कृतिक और प्रमुख पर्यटन स्थलों का भ्रमण करेंगी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव का कार्यक्रम स्थल पहुंचने पर पुलिस बैंड की धुन के साथ भव्य स्वागत किया गया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव को महिला पुलिस अधिकारियों ने सलामी दी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने शौर्य स्मारक स्थित भारत माता की प्रतिमा तथा लोकमाता अहिल्याबाई के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने महिला बाईकर्स का सम्मान किया तथा सड़क सुरक्षा के प्रतीक स्वरूप एक महिला दो पहिया चालक को हेलमेट भी भेंट किया। कार्यक्रम के दौरान मध्यप्रदेश पुलिस ऑर्केस्ट्रा ने देशभक्ति गीतों की मनमोहक प्रस्तुति दी। इस अवसर पर खेल एवं युवा कल्याण मंत्री विश्वास कैलाश सारंग, पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक कल्याण राज्य मंत्री कृष्णा गौर, सांसद वी.डी. शर्मा, महापौर श्रीमती मालती राय, विधायक भगवान दास सबनानी, अपर मुख्यि सचिव गृह जे.एन कंसोटिया, डीजीपी कैलाश मकवाना, विशेष पुलिस महानिदेशक प्रज्ञा ऋचा श्रीवास्तव सहित प्रदेश के वरिष्ठ जनप्रतिनिधि, अधिकारीगण, महिला पुलिसकर्मी, स्कूली छात्राएं एवं बड़ी संख्या में आमजन उपस्थित रहे।

## एनडीए की परेड में दिखी नारी शक्ति

**नई दिल्ली, एजेंसी।** शुक्रवार को एनडीए से महिला कैडेट्स का पहला बैच पास हुआ। इतिहास में यह पहली बार है जब 17 महिला कैडेट्स 300 से ज्यादा पुरुषों के साथ एनडीए से ग्रेजुएट हुई हैं। यह सभी इंडियन आर्मी, नेवी और एयर फोर्स जॉइन करेंगी। साल 2021 में सुप्रीम कोर्ट ने महिलाओं को एनडीए में शामिल होने के लिए अनुमति दी थी। दरअसल, बीते 75 सालों से महिलाओं को टेरिटोरियल आर्मी में ऑफिसर पदों पर भर्ती का प्रावधान नहीं था।

इसके खिलाफ कुश कालरा ने दिल्ली हाईकोर्ट में याचिका दायर की थी। यह मामला सुप्रीम कोर्ट पहुंचा, जहां 18 अगस्त 2021 को कोर्ट ने पहली बार लड़कियों के लिए एनडीए में शामिल होने के दरवाजे खोल दिए। इस फैसले के बाद, 2022 में पहली बार 17 महिला कैंडिडेट्स का बैच एनडीए में शामिल हुआ, जो आज ग्रेजुएट हुए हैं। एनडीए से पास होने वाली हरियाणा की हरसिमरन कौर अब इंडियन नेवल एकेडमी जाएंगी।

कौर ने बताया, 'एनडीए जॉइन करने के पीछे मेरा यही उद्देश्य था कि मैं मिलिट्री में जल्दी करियर शुरू कर पाऊं। मेरे पिता आर्मी से हवलदार के पद से रिटायर हुए हैं। मेरे दादा भी आर्मी में ही थे। यही वजह है कि आर्म्ड फोर्सेज से मैं गहरा जुड़ाव महसूस करती हूं। एनडीए पास करने वाली पहली महिला कैडेट्स में श्रीती दक्ष भी शामिल हैं।

# अभिमत

**जलवायु बदलाव के दौर में पेड़ों व हरियाली से वायुमंडल में ग्रीन हाउस गैस सोखने की क्षमता बढ़ती है। यह जलवायु बदलाव कम करने का तरीका है। जैविक खेती में ग्रीन हाउस गैस का उत्सर्जन है ही नहीं, दूसरी ओर मिट्टी बेहतर होती है। अनुकूलन व शमन का पक्ष भी है। जलवायु बदलाव के दौर में अधिक विकट व अचानक बदलाव वाले मौसम का सामना करने की क्षमता इसमें होती है। यानी पेड़ लगाना, जल संरक्षण, हरियाली बढ़ाने और नए फलदार पेड़ लगाने का काम बहुत महत्वपूर्ण व उपयोगी है।**

## क्या है पेड़ों का संदेश?

नवाचार

■ बाबा मायाराम

पेड़, हमें जीवन भर कुछ न कुछ देते रहते हैं। फल, फूल, पत्ते, हवा, छाया इत्यादि। अगर हमारे घर के आसपास पेड़ हैं, तो वो हमें सुकून व शांति देते हैं। विशेषकर, जब हम तनाव में होते हैं, परेशान होते हैं, तब पेड़ों की ओर जाते हैं, वे हमें राहत देते हैं। आज मैं इस कॉलम में पेड़ों के बारे में बात करना चाहूंगा, जिससे पेड़ और पर्यावरण को समग्रता में समझा जा सके।

बचपन से ही मेरा पेड़ों के साथ करीबी का नाता रहा है। घर के आसपास मधुकामिनी, इमली, नीम बेर, बील, करंज के पेड़ थे। पक्षियों के चहचहाने से ही सुबह की शुरूआत होती थी। दिन भर ठंडी हवा बहती रहती थी। गर्मी के दिनों में मधुकामिनी के फूलों की मीठी खुशबू हर तरफ होती थी। नीम के पत्ते हिलते रहते थे। इनकी शाखाओं पर पक्षी झूला झूलते थे और गाना गाते रहते थे।

पिछले कुछ सालों से मुझे देशभर में घूमने का मौका मिला है, जहां भी जाता हूं, पेड़, पहाड़, नदियां अपनी ओर खींचती ही हैं। मैं ऐसे लोगों व समुदायों से भी मिला हूं, जिन्होंने पेड़ लगाने व बचाने का काम किया है।

हमारे जिले नर्मदापुरम(मध्यप्रदेश) में ही काकड़ी नामक गांव, जो कुछ साल पहले ही नया बसा है, विस्थापित आदिवासी गांव है, उसे वहां के लोगों ने हरा-भरा कर लिया है। यहां जो पेड़ लगाए गए हैं, उनमें आम, अमरूद, नींबू, कटहल, जामुन, छीताफल, आंवला, पपीता, मुनगा, महुआ इत्यादि पेड़ शामिल हैं। बांस, सागौन और केवलार भी हैं। सभी लोग पौधों की देखरेख करते हैं। उनमें पानी व गोबर खाद देते हैं और जरूरत पड़ने पर गुड़ाई करते हैं। यह सब गांव की एकता से ही संभव हुआ है।

उत्तराखंड में सामाजिक कार्यकर्ता विजय जड़धारी, जो चिपको आंदोलन से भी जुड़े रहे हैं, उन्होंने उनके गांव जड़धार में उजड़े जंगल को घने जंगल में बदल दिया है। इस काम में उन्हें गांव को पूरा सहयोग मिला है। इससे वहां के सूख चुके जलस्रोत भी फिर से पानीदार हो गए हैं। यह टिहरी-गढ़वाल जिले में है। उनके गांव में गया हूं, उनके साथ इस जंगल में घूमा हूं।

विजय जड़धारी बताते हैं कि टिहरी-गढ़वाल की चंबा-मसूरी पट्टी में पहले अच्छा और सुंदर जंगल था। इस गांव में भी था। पहाड़ के ढलानों से हरियाली की चादर हटने से बाढ़ और भूस्खलन का खतरा बना रहता था। यहां के कई सदाबहार जलस्रोत सूख गए थे, तब गांववाले चिंतित हो उठे। इकट्ठे होकर सोचने लगे, और वनों के जतन में जुट गए।

वे आगे बताते हैं कि जड़धार गांव के लोगों ने मिलकर तय किया कि जंगल को बचाया जाए। इसके लिए एक वन सुरक्षा समिति बनाई गई। जंगल से किसी भी तरह के हरे पेड़, ठूंठ, यहां तक कि कंटीली हरी झाड़ियों को काटने पर रोक लगाई गई। कोई भी व्यक्ति यदि अवैध रूप से हरी टहनी या झाड़ी काटता है तो उस पर जुर्माना लगाया जाएगा, ऐसा तय किया गया।

कुछ समय के लिए पशु चरने पर भी रोक लगाई गई। कोई व्यक्ति वनों को किसी प्रकार नुकसान न पहुंचाए, यह सुनिश्चित किया गया। यह काम गांव की जरूरतों को ध्यान में रखकर किया गया जिसमें जरूरत पड़ने पर थोड़ा बहुत फेरबदल किया जा सके। जंगल की रखवाली के लिए वन सुरक्षा समिति ने दो वनसेवक नियुक्त किए, जिन्हें गांववाले पैसे एकत्र कर कुछ आंशिक मानदेय देने लगे। जो पैसा जुर्माने से एकत्र होता उसे वनसेवकों को मानदेय के रूप में दे दिया जाता। हालांकि मानदेय की राशि कम थी, फिर भी वनसेवकों ने यह काम अपना समझकर किया।

इससे सूखे पानी के जलस्रोत फिर फूट पड़े, सदानीरा हो गए। ये सदाबहार जलस्रोतों से ही साल भर गांवों को पीने का पानी मिलता है। चौड़ी पत्ती के जंगल बारिश के पानी का स्पंज हैं। वे पानी को सोखकर रखते हैं। जहां ऐसे जंगल होते हैं वहां जलस्रोत सदानीरा होते हैं। पानी छन छन, कल कल बहता रहता है। इसके अलावा, कई वन्य प्राणियों ने भी इस जंगल को अपना आशियाना बना लिया है। भालू, सेही, बघेरा, तेंदुआ, बारहसिंघा, हिरण, जंगली सुअर, बंदर आदि यहां प्राय: दिखते हैं। हिरणों की टोलियां बिचरती रहती हैं। अब इस जंगल को देखने व समझने के लिए काफी लोग आते हैं। इसमें बड़ी संख्या में पक्षी भी हैं।

इन दिनों वृक्ष खेती का भी प्रचलन बढ़ रहा है। कुछ समय पहले मैं महाराष्ट्र के अमरावती जिले के रवाला गांव गया था। वहां गांधीवादी सामाजिक कार्यकर्ता बसंत फुटाणे ने वृक्ष खेती का काफी अच्छा प्रयोग किया है। उनके खेत में संतरा के 500 पेड़ हैं। इसके अलावा, आंवला, रीठा, बेर, भिलावा, महुआ, दक्खन इमली, इमली, तेंदू, अगस्त, अमलतास, मुनगा, कचनार, चीकू, अमरूद, जामुन,सीताफल, करौंदा, पपीता, बेल, कैथ, इमली, रोहन, नींबू, नीम इत्यादि के फलदार व छायादार पेड़ हैं। वृक्ष खेती के तो और भी कई प्रयोग हैं।

पेड़ों का महत्व सर्वविदित है। उनका स्वभाव देने का है। फल, फूल, पत्तियां, छाया तो देते ही हैं। मशहूर लेखक शेल सिल्वरस्टाइन की किताब गिविंग ट्री है, जिसकी हिन्दी में प्रस्तुति अरविंद गुप्ता ने की है। यह पुस्तिका बहुत ही प्रेरणादायक है। इसमें पेड़ जीवन भर क्या देता है, इसकी कहानी है।

**पेड़ों का महत्व सर्वविदित है। उनका स्वभाव देने का है। फल, फूल, पत्तियां, छाया तो देते ही हैं। मशहूर लेखक शेल सिल्वरस्टाइन की किताब गिविंग ट्री है, जिसकी हिन्दी में प्रस्तुति अरविंद गुप्ता ने की है। यह पुस्तिका बहुत ही प्रेरणादायक है। इसमें पेड़ जीवन भर क्या देता है, इसकी कहानी है। पेड़ औषधियों के काम आते हैं। नीम इनमें से एक है। नीम बहुत ही उपयोगी पेड़ है।**

पेड़ औषधियों के काम आते हैं। नीम इनमें से एक है। नीम बहुत ही उपयोगी पेड़ है। गांवों में चोट लगने पर इसका लेप लगाया जाता है। नीम की दातौन तो करते ही हैं। बीमारियों से बचने के लिए भी इसकी पत्तियों को चबाया जाता है। मेरे पिताजी प्राय: इसकी कोमल पत्तियों को चबाया करते थे, कहते थे इससे बीमारियों से बचाव होता है।

इसकी पत्तियों को अनाज के साथ मिलाकर रखा जाता था,माना जाता है कि इससे कीटों से बचाव होता है। पक्षी भी इसकी निबौलियों को चाव से खाते हैं। इसी प्रकार, आम तो फल देता ही है, बहुत घनी छाया भी देता है। बबूल भी काफी उपयोगी है। इसकी पत्तियां बकरियां खाती हैं।

पेड़ों के आसपास की मिट्टी में कई तरह के जंतु होते हैं। कीड़े-मकोड़ों का भी वास होता है। इन पेड़ों के आसपास कुकुरमुत्ते (मशरूम) भी उगते हैं। इनमें से कई बहुत ही स्वादिष्ट होते हैं। ये कई आकारों व रंग के होते हैं। इन सबका आश्रयस्थल पेड़ों के आसपास ही होता है।

बच्चों का पेड़ों के साथ खास रिश्ता होता है। जब पेड़ों में फल-फूल होते हैं, तो वे उनके आसपास मंडराते रहते हैं। वे फल तो खाते ही हैं, उन पर चढ़कर खेल खेलते हैं। उनकी शाखाओं से झूला झूलते हैं। टहनियों व पत्तों से खिलौना बनाते हैं। घर बनाते हैं। बच्चों के साथ उनकी स्मृतियां सदैव रहती हैं।

यह कहा जा सकता है कि पेड़ों का एक संदेश है, जो उनकी यात्रा में छिपा है। उनके बीज, पौधे, तने, फल, फूल में छिपा है। वह उसका जीवन बिना विचलित हुए जीता है। सभी झंझावातों से जूझते हुए जीता है। जब हम दुखी होते हैं तो सहारा देता है।

कुल मिलाकर, पेड़ों से साफ हवा मिलती है, फल, फूल और पत्ते मिलते हैं और हरियाली होती है। जलवायु बदलाव के दौर में पेड़ों व हरियाली से वायुमंडल में ग्रीन हाउस गैस सोखने की क्षमता बढ़ती है। यह जलवायु बदलाव कम करने का तरीका है। जैविक खेती में ग्रीन हाउस गैस का उत्सर्जन है ही नहीं, दूसरी ओर मिट्टी बेहतर होती है। अनुकूलन व शमन का पक्ष भी है। जलवायु बदलाव के दौर में अधिक विकट व अचानक बदलाव वाले मौसम का सामना करने की क्षमता इसमें होती है। यानी पेड़ लगाना, जल संरक्षण, हरियाली बढ़ाने और नए फलदार पेड़ लगाने का काम बहुत महत्वपूर्ण व उपयोगी है।

लेकिन यह भी देखने में आया है कि अब पेड़ कम हो रहे हैं। उनकी कटाई हो रही है। इसलिए अब जरूरी हो गया है कि पेड़ों को लगाया जाए। क्या हम इस दिशा में आगे बढ़ना चाहेंगे?

### बीता सप्ताह

**24 मई**
- रिचर्ड मार्लेस फिर बने आस्ट्रेलियो के उप प्रधानमंत्री व रक्षा मंत्री।
- छग के बीजापुर में 10 लाख के इनामी डिप्टी कमांडर सहित 24 नक्सलियों ने किया आत्मसमर्पण।
- पाकिस्तान की जेब भरने वाले विश्वबैंक को भारत ने चेताया कि पाक को फिर ग्रे सूची में लाएंगे।
- महाराष्ट्र के गढ़चिरोली में छग सीमा पर चार नक्सली ढेर किए गए।

**25 मई**
- नीति आयोग की बैठक में पीएम मोदी ने मुख्यमंत्रियों को कहा कि विकास की रफ्तार बढ़ानी होगी।
- बांग्लादेश में भारी संशय और इस्तीफे की खबरों के बीच अब युसूफ ने कहा कि वह अंतरिम सरकार के प्रमुख बने रहेंगे।
- मानसून ने तोड़ा 16 साल का रिकार्ड इस बार तय समय से 8 दिन पहले केरल पहुंचा मानसून।
- हार्वर्ड विश्वविद्यालय ने अंतरराष्ट्रीय छात्रों पर प्रतिबंध लगाने पर ट्रंप प्रशासन पर मुकदमा दायर किया।

**26 मई**
- लालू प्रसाद यादव ने अपने बेटे तेजप्रताप को पार्टी और परिवार से निकाल दिया।
- पीएम मोदी ने कहा कि भाजपा नेता ऑपरेशन सिंदूर पर अनावश्यक बयानबाजी न करें।
- नीति आयोग ने का कि भारत दुनिया की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन गई है।
- डैनियल नोबोआ ने इक्वाडोर के राष्ट्रपति के रूप में शपथ ली।

**27 मई**
- भाजपा के वरिष्ठ नेता व पूर्व सांसद छत्रपाल सिंह का निधन हो गया।
- ऑपरेशन सिंदूर पर बोले प्रधानमंत्री कि हमने छुपाकर नहीं बताकर मारा है।
- कांग्रेस ने लोकसभा पार्टी के उपनेता गौरव गोगोई को असम की कमान सौंपी।
- मलेशिया में आसियान शिखर सम्मेलन 26 मई को शुरू हुआ।

**28 मई**
- सुप्रीम कोर्ट ने सावरकर से जुड़ी याचिका यह कहकर खरिज कर दी कि राहुल गांधी के बयानों से मौलिक अधिकारों का हनन नहीं हुआ।
- राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने देश के 69 हस्तियों को पदम पुरस्कार से सम्मानित किया।
- केन्द्र सरकार ने स्वदेश लड़ाकू विमान के कार्यक्रम को मंजूरी दे दी।
- बांग्लादेश में मुक्ति संग्राम के दौरान 1256 लोगों की हत्या करने का दोषी अजहरूल इस्लाम रिहा हो गया

**29 मई**
- केन्द्र सरकार ने धान सहित 14 फसलों की एमएसपी बढ़ाई।
- भारतीय जनता पार्टी के पाका वेंकट सत्यनारायण ने राज्यसभा सदस्यता की शपथ ली।
- घरेलू स्तर पर उत्पादित बड़े विमान सी-919 ने चीन के 16 शहरों को कवर किया।
- सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि असम में फर्जी मुठभेड़ की जांच होगी।

**30 मई**
- पीएम मोदी ने पश्चिम बंगाल में कहा कि ऑपरेशन सिंदूर अभी खत्म नहीं हुआ।
- रक्षा परियोजनाओं में देरी पर वायुसेना प्रमुख अमरप्रीत सिंह ने जताई नाराजगी।
- राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने उच्चतम न्यायालय के लिए तीन न्यायाधीशों की नियुक्ति की।

1. कर्नाटक उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति एन वी अंजरिया।
2. गुवाहाटी उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति विजय बिश्नोई।

## 130 दिनों के शासन में डोनाल्ड ट्रम्प को नहीं मिली कोई सफलता

■ अंजन रॉय

इस साल 20 जनवरी को डोनाल्ड ट्रम्प ने दूसरी बार संयुक्त राज्य अमेरिका के राष्ट्रपति के रूप में शपथ ली थी, तब से एक सौ तीस दिन बीत चुके हैं। शुरुआती दिनों में बड़ी उम्मीदें जगाने के बाद, अति सक्रिय राष्ट्रपति अब धीरे-धीरे इस तथ्य को स्वीकार कर रहे हैं कि वे एक बड़ी विफलता हैं। 'ट्रम्प हमेशा पीछे हटते हैं।' यह एक ऐसा लेबल है जिसे चीनी नेटिज़ेंस ने उनके लिए गढ़ा था क्योंकि वे टैरिफ पर चीन के साथ लड़ाई से डरते थे। ट्रम्प ने चीनी वस्तुओं पर अमेरिकी टैरिफ को 145प्रतिशत तक बढ़ा दिया था और बातचीत शुरू होने से पहले ही चरणों में इसे 30प्रतिशत तक कम कर दिया था।

चीनियों ने ट्रम्प की रियायतों को टैरिफ युद्ध में चीन के साथ उलझने के उनके डर के रूप में वर्णित किया। इसके तुरंत बाद प्रसिद्ध वॉल स्ट्रीट में उनके अपने देशवासियों ने उन्हें 'टैको(ट्रम्प ऑलवेजचिकन्स आऊट) ट्रेड' की उपाधि दी, जिसका संदर्भ टैरिफ पर उनके तेज़ी से बदलते रुख के आधार पर अमेरिकी शेयर बाज़ारों में होने वाले उतार-चढ़ाव से था।

जब एक रिपोर्टर ने ओवल ऑफ़िस में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में सीधे अमेरिकी राष्ट्रपति से यह सवाल पूछा, तो वह स्पष्ट रूप से गलत ढंग से पेश आये। उन्होंने इसे 'सबसे घटिया सवाल' बताया और उसे फिर कभी इसे न उठाने के लिए कहा। उन्हें यह साबित करने में बहुत मेहनत करनी पड़ी कि वे कायर नहीं हैं।

लेकिन अब सर्वव्यापी बैज का खंडन करने के उनके प्रयासों से, ट्रम्प अब एक मुखर व्यक्ति साबित हुए हैं, जो अपने वायदों के लायक नहीं हैं और वे जिन मुद्दों को उठा रहे थे, उन पर सख्त रुख़ अपनाने की बात कर रहे हैं। चाहे वह यह दावा हो कि वे सत्ता में आने पर एक दिन में यूक्रेन युद्ध को रोक देंगे। या फिर अमेरिकी संघीय खर्च और बजट घाटे को कम करने के उनके दावे हों- सभी मामलों में, ट्रम्प को धोखेबाज कहा गया है।

ट्रम्प के सबसे करीबी सहयोगी, एलन मस्क, जिन्हें उन्होंने सरकारी दक्षता के लिए विभाग का प्रमुख नियुक्त किया था - तथाकथित डोज (डिपार्टमेंट ऑफ गवर्नमेंट एक्सपेंडिचर) - ने बुधवार को अपने कदम पीछे खींच लिए और वास्तव में उन्होंने इस्तीफा दे दिया। उन्होंने संघीय खर्च में कटौती करने में ट्रम्प की विफलता की सार्वजनिक रूप से आलोचना की।

वास्तव में, मस्क को एक टीवी साक्षात्कार में स्पष्ट रूप से यह कहते हुए सुना गया था कि सैन्य और रक्षा में संघीय खर्च में भारी कर कटौती और बड़ी बढ़ोतरी को मंजूरी देने के लिए बहुचर्चित 'बड़ा और सुंदर' विधेयक वास्तव में डोनाल्ड ट्रम्प के पहले के वायदों से मुकरना था। इस विधेयक से अमेरिकी संघीय घाटे में 3.8 ट्रिलियन डॉलर की वृद्धि होगी। यह उनके द्वारा वायदा किये गये कमी लाने के स्थान पर अमेरिकी सरकार के घाटे में एक बहुत बड़ी उछाल है।

मस्क ने विडंबनापूर्ण रूप से बताया है कि यह विधेयक या तो बड़ा हो सकता है या सुंदर, यह दोनों नहीं हो सकता, जो ट्रम्प के वर्णन के बिल्कुल विपरीत है। मस्क वस्तुत: यह कह रहे हैं कि ट्रम्प अमेरिकी राजकोषीय उलझन के अपने वायदे किये गये बड़े टिकट सुधारों से पीछे हट रहे हैं। शेक्सपियर के शब्दों का उपयोग करते हुए, डोनाल्ड ट्रम्प के लिए उन्होंने कहा यह सबसे निर्दयी कटौती है।

यूक्रेन युद्ध के मामले में, रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के उकसावे के बावजूद, ट्रम्प ने तत्काल युद्ध विराम के लिए अपने आह्वान की अवहेलना करने के लिए रूस पर तीखे प्रहार करने के बजाय अब तक उसे सहलाया है। जब राष्ट्रपति ट्रम्प शांति की बात कर रहे थे और यूक्रेन से शांति के लिए अपने फार्मूले के तहत युद्ध विराम करने का आग्रह कर रहे थे, तब रूसी राष्ट्रपति ने यूक्रेन पर अपने हमले तेज़ कर दिये।

पुतिन ने युद्ध के मैदानों और सैन्य प्रतिष्ठानों के बाहर यूक्रेन के ठिकानों पर सबसे खराब मिसाइलों और ड्रोन हमलों को अंजाम दिया और सीधे शहरों और नागरिक ठिकानों पर हमला किया। ट्रम्प को रूसी पक्ष की ओर से शत्रुता में वृद्धि को स्वीकार करने के लिए मजबूर होना पड़ा जब वह अपने युद्ध विराम फार्मूले की बात कर रहे थे।

**अपने घोषित लक्ष्यों की किसी भी स्पष्ट उपलब्धि से वंचित अमेरिकी राष्ट्रपति ने बार-बार भारत और पाकिस्तान के बीच संघर्ष विराम को अपने श्रेय के रूप में लिया। उन्होंने बार-बार दावा किया कि यह उनके 'व्यापार के उपयोग के कारण था जिसके परिणामस्वरूप संघर्ष विराम हुआ'। इस दावे को भारतीय विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने बार-बार खारिज किया है।**

रूसी राष्ट्रपति ने डोनाल्ड ट्रम्प और यूक्रेन युद्ध को हल करने के उनके प्रयासों को पूरी तरह से नज़रअंदाज़ कर दिया है। यहां तक कि जब ट्रम्प ने पुतिन की भाषा का इस्तेमाल करते हुए समाधान फार्मूले को स्पष्ट किया, तब भी पुतिन ने ट्रम्प को नज़रअंदाज़ कर दिया। पुतिन के कूटनीतिक अपमान के बावजूद, ट्रम्प यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोडोमिर ज़ेलेंस्की के बारे में सबसे निंदनीय भाषा का इस्तेमाल कर रहे थे। इस बीच पुतिन नयी मांगें करते रहे।

रूस की अवज्ञा और चालबाजी का सामना करते हुए, अमेरिकी राष्ट्रपति ने रूस के खिलाफ नये प्रतिबंधों के रूप में और अधिक दंडात्मक उपायों पर विचार करने का प्रस्ताव रखा था। ये प्रतिबंध तीसरी संस्थाओं पर लगाये जाने थे, जैसे कि उन लोगों पर प्रतिबंध लगाना जो सस्ते रूसी कच्चे तेल खरीद रहे थे।

इससे मुख्य रूप से चीन और भारत को दंडित किया जाता, जो रूसी कच्चे तेल के सबसे बड़े खरीदार के रूप में उभरे हैं, जो रूसी सरकार के खर्च के लिए धन का मुख्य स्रोत है, जिसमें युद्ध के लिए धन भी शामिल है। रूसी कच्चे तेल की बिक्री पर वास्तव में सख्त प्रतिबंध रूसी राज्य को परेशान कर सकते हैं।

अन्य प्रतिबंधों का भी प्रस्ताव किया जा रहा था, जैसे कि बाहरी लेनदेन के लिए अंतरराष्ट्रीय भुगतान प्रणालियों का उपयोग करने के रूसी विकल्पों को बंद करना। अमेरिका ने अब तक यूक्रेन और यहां तक कि अपने युद्ध प्रयासों के लिए विदेशों में जब्त रूसी धन का उपयोग करने का भी उल्लेख नहीं किया था। यक्रेन द्वारा रूस के काफी अंदर हमलों के लिए भी अमेरिकी हथियारों का इस्तेमाल किया जाना था।

हालांकि, अमेरिकी राष्ट्रपति ने वास्तव में इनमें से किसी भी उपाय की घोषणा करने से परहेज किया है, परन्तु इसके विपरीत, ओवल ऑफिस से अपने नवीनतम प्रेस कॉन्फ्रेंस में उन्होंने कहा है कि रूस पर नये प्रतिबंध उनके द्वारा शुरू की गयी शांति प्रक्रिया को खतरे में डाल सकते हैं।

यह उल्लेख किया जा सकता है कि अपने घोषित लक्ष्यों की किसी भी स्पष्ट उपलब्धि से वंचित अमेरिकी राष्ट्रपति ने बार-बार भारत और पाकिस्तान के बीच संघर्ष विराम को अपने श्रेय के रूप में लिया। उन्होंने बार-बार दावा किया कि यह उनके 'व्यापार के उपयोग के कारण था जिसके परिणामस्वरूप संघर्ष विराम हुआ'। इस दावे को भारतीय विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने बार-बार खारिज किया है। इस प्रकार अमेरिकी राष्ट्रपति के दूसरे कार्यकाल में अब तक जो कुछ बचा है, वह झूठों का एक पुलिंदा और विफलताओं की एक लंबी श्रृंखला है।

### 'विश्व तम्बाकू निषेध दिवस'

## बीस साल की तम्बाकू नियंत्रण संधि

■ अमरपाल सिंह वर्मा

इस बार, सन् 2025 में, 31 मई को मनाए जाने वाले 'विश्व तम्बाकू निषेध दिवस' की थीम है -'तंम्बाकू और निकोटीन उत्पादों पर उद्योगों की रणनीति को उजागर करना।' जाहिर है, यह एक आर्थिक, राजनीतिक थीम है। तम्बाकू और निकोटीन उत्पादों को खपाने और उससे भारी मुनाफा बनाने की कंपनियों की रणनीति जगजाहिर है। सवाल है, सरकारें इसे लेकर कितनी सचेत हैं? और वे तम्बाकू की खपत को रोकने, कम करने की गरज से क्या कर रही हैं?

**तम्बाकूके प्रति नकारात्मक सामाजिक दृष्टिकोण विकसित करने के लिए शिक्षा और जागरूकता अभियानों को और सशक्त करने की आवश्यकता है। लोगों को यह समझाया जाना चाहिए कि तम्बाकू सेवन केवल एक व्यक्तिगत समस्या नहीं, बल्कि एक वैश्विक स्वास्थ्य और आर्थिक संकट है। यदि सरकारें, समाज और आम लोग मिलकर इस प्रयास को जारी रखें तो एक स्वस्थ और तम्बाकू मुक्त विश्व की कल्पना को साकार किया जा सकता है।**

'विश्व स्वास्थ्य संगठन' (डब्ल्यू एचओ) के नेतृत्व में एक ऐसी संधि ने बीस साल पूरे कर लिए हैं, जिसका दुनिया भर में जन-स्वास्थ्य को व्यापक लाभ मिला है। विश्व में 'फ्रेमवर्क कन्वेंशन ऑन टोबैको कंट्रोल' (एफसीटीसी) नामक यह संधि 27 फरवरी 2005 को हुई थी। अब इसे इतिहास की ऐसी पहल के रूप में स्वीकार्यता मिल गई है जिसे न केवल व्यापक रूप से अपनाया गया है, बल्कि जिसके अपेक्षित परिणाम भी सामने आए हैं। इस संधि की सबसे बड़ी खासियत यह है कि इसकी बदौलत लाखों लोगों की जान बचाने में कामयाबी मिली है। मानवता के लिए एक गंभीर संकट बन चुके तम्बाकू के दुष्प्रभावों को कम करने में इस संधि की भूमिका महत्वपूर्ण रही है।

यह सर्वविदित है कि तम्बाकू मानवता के लिए एक अभिशाप बन चुकी है। यह दुनिया में कैंसर, टीबी जैसी बीमारियों और उनकी वजह से होने वाली मौतों का कारण बन रही है। तम्बाकू के कारण हर साल लाखों लोग मौत के मुंह में चले जाते हैं। 'विश्व स्वास्थ्य संगठन' की एक रिपोर्ट के अनुसार दुनिया में 20 प्रतिशत हृदय रोगियों की मौत के लिए तम्बाकू ही जिम्मेदार है। इसके अलावा यह सामाजिक एवं आर्थिक दबाव भी बढ़ाती है जिससे गरीब और मध्यम-वर्गीय परिवार अधिक प्रभावित होते हैं।

'एफसीटीसी' संधि के तहत कई उपाय अपनाए गए हैं जिनका सकारात्मक प्रभाव स्पष्ट रूप से देखा जा सकता है। वर्तमान में दुनिया के 138 देशों में सिगरेट के पैकेटों पर चेतावनियां दी जाती हैं, जिससे उपभोक्ताओं को तम्बाकू के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक किया जा रहा है। कई देशों में तम्बाकू उत्पादों की पैकेजिंग को साधारण कर दिया गया है, जिससे ब्रांडिंग और आकर्षक डिज़ाइन की संभावनाओं को समाप्त करने में मदद मिली है।

यह कोई छोटी बात नहीं है कि इस संधि की बदौलत तम्बाकू विज्ञापनों और प्रमोशन पर 66 से अधिक देशों में प्रतिबंध लगाया जा चुका है। सार्वजनिक स्थानों, कार्यस्थलों और अन्य बंद इमारतों में धूम्रपान निषेध से निष्क्रिय-धूम्रपान के कारण होने वाले नुकसान को भी कम करने में मदद मिली है। इससे ऐसे लोगों का जीवन बचाने में सहायता मिली है, जो खुद सिगरेट का प्रयोग नहीं करते, पर धूम्रपान करने वाले अन्य लोगों की वजह से इसका खतरा झेलते हैं। इसके परिणामस्वरूप, विश्व की एक चौथाई आबादी ऐसी नीतियों के दायरे में आ चुकी है, जिससे तम्बाकू सेवन की प्रवृत्ति में गिरावट देखी गई है।


'डब्ल्यूएचओ' ने संधि की 20 वीं वर्षगांठ के मौके पर कहा है कि तम्बाकू के दुष्प्रभावों से बचाव पर केन्द्रित इस सन्धि ने पिछले दो दशकों में लाखों-करोड़ों जिंदगियों की रक्षा करने में मदद की है। यह एक तथ्य है कि तम्बाकू गैर-संचारी रोगों का एक बड़ा कारण है जो न केवल असामयिक मौतों का कारण बनता है, बल्कि इससे प्रभावित लोग विकलांगता का भी शिकार हो सकते हैं। जो गरीब लोग तम्बाकू-जनित बीमारियों से पीड़ित होते हैं, उन पर इलाज का भारी बोझ पड़ता है। ऐसे लोग आम लोगों की तुलना में पोषक आहार से भी वंचित रहते हैं, क्योंकि वे अपनी आमदनी का एक बड़ा हिस्सा महंगे तम्बाकू उत्पादों पर खर्च कर डालते हैं। तम्बाकू की खेती के लिए अत्यधिक जमीन एवं पानी की जरूरत पड़ रही है। अगर तम्बाकू के प्रति लोग नकारात्मक रवैया अपनाएं तो इस जमीन व पानी का इस्तेमाल जरूरी खाद्यान्न के उत्पादन में किया जा सकता है। यदि तम्बाकू का प्रचलन कम हो तो इन संसाधनों का उपयोग अधिक महत्वपूर्ण उद्देश्यों के लिए किया जा सकता है। यकीनन, इस संधि के तहत बहुत काम किया गया है, पर अभी बहुत कुछ किया जाना शेष है। 'डब्ल्यूएचओ' के और अन्य विशेषज्ञ इस संधि के तहत तम्बाकू पर टैक्स बढ़ाने, विज्ञापन व प्रायोजकों पर रोक लगाने, नए तम्बाकू व निकोटीन उत्पादों से पैदा हो रही चुनौतियों से निपटने जैसे विभिन्न उपायों को अपनाने पर बल दे रहे हैं। इस दिशा में सक्रियता से काम होना चाहिए।

साथ ही, तम्बाकूके प्रति नकारात्मक सामाजिक दृष्टिकोण विकसित करने के लिए शिक्षा और जागरूकता अभियानों को और सशक्त करने की आवश्यकता है। लोगों को यह समझाया जाना चाहिए कि तम्बाकू सेवन केवल एक व्यक्तिगत समस्या नहीं, बल्कि एक वैश्विक स्वास्थ्य और आर्थिक संकट है। यदि सरकारें, समाज और आम लोग मिलकर इस प्रयास को जारी रखें तो एक स्वस्थ और तम्बाकू मुक्त विश्व की कल्पना को साकार किया जा सकता है।

**(स्वतंत्र लेखक हैं।)**

# फिर रमनगरा जल शोधन से पानी की सप्लाई प्रभावित

## लाईट बंद होने से आधे शहर की प्यास बुझाने वाली टंकियां रही खाली



**जबलपुर, देशबन्धु।** नगर में एक बार फिर पानी की किल्लत हो गई है। रमनगरा जल शोधन से भरी जाने वाली पानी की टंकियां शुक्रवार को पूरी तरह नहीं भर पाई। इससे शाम को आपूर्ति किया जाना वाला लोगों को नहीं मिल पाया है। ऐसा इसलिये हुआ है क्योंकि रमनगरा जल शोधन में दोपहर को लाईट की सप्लाई बंद हो गई थी।

मिली जानकारी के अनुसार रमनगरा जल शोधन से शहर के आधे से ज्यादा वार्डो में पानी की आपूर्ति करने वाली टंकियां भरी जाती हैं। लेकिन देखने मे आ रहा है कि किसी ने किसी कारण से यहां से पानी की आपूर्ति प्रभावित हो रही है। पिछले दिनों में इसी तरह की समस्या के चलते पानी की आपूर्ति नहीं हो पा रही थी। एक बार लाइन क्षतिग्रस्त होने से तो दूसरी बार लाइट बंद होने से समस्या उत्पन्न हो गई थी।

यहां यह बात ध्यान देने वाली है कि रमनगरा जल शोधन को चलाने के लिये दो-दो जगह से बिजली की सप्लाई की जाती है, लेकिन अक्सर दोनो जगह से लाईट नहीं मिलने पर जलशोधन केंद्र ठप्प हो जाता है। जिसका खामियाजा आम जनों को उठाना पड़ रहा है।

विपक्ष ने कई अवसरों पर समस्या को लेकर अपनी आवाज बुलंद की जाती रही लेकिन अब तक उचित पहल नहीं हुई है। अधिकारी भी इस समस्या को लेकर हाथ खड़े कर देते हैं, उनका मानना है कि अब लाइट नहीं आयेगी वे क्या सकते हैं। इसके लिये बिजली वितरण कंपनी जवाबदार है। वहीं बिजली वितरण कंपनी के अधिकारियों का मानना है कि बारिश के समय इस तरह की समस्या आती है, कंपनी जरूरी सेवा अंतर्गत आने वाले जल शोधन केंद्र की लाइट जल्द से जल्द सही करने का प्रयास करती है।

# कम उत्पादन के चलते चीनी के दाम बढ़े

## फुटकर भाव 42 से बढ़कर 45 रूपये किलो पर

**जबलपुर,देशबन्धु।** खाने-पीने की चीजों में महंगाई का कद बढ़ता जा रहा है। लम्बे समय तक चीनी की कीमतों में स्थिरता का रूख रहा लेकिन गत 1 माह के दौरान चीनी की कीमतों में 3 रूपए प्रति किलो की बढ़ोतरी हो चुकी है। फुटकर किराना बाजार में चीनी की कीमत 42 रूपए से बढ़कर 45 रूपए किलो पर पहुंच चुकी है।

उधर गुड़ की कीमत भी आसमान छू रही है। आलम यह है कि चीनी से महंगा गुड़ बिक रहा है। फुटकर किराना बाजार में गुड़ 45 रूपये से लेकर 55 रूपए किलो के ऊंचे भाव तक बिक रहा है। व्यापारिक सूत्रों के मुताबिक इस बार चीनी का उत्पादन पिछले वर्ष की तुलना में कम आंका जा रहा है। यही वजह है कि इस खबर के बाद



### चीनी से महंगा बिक रहा है गुड़

चीनी की कीमतों में तेजी का दौर एक बार फिर से शुरू हो गया है। खबरों के मुताबिक वर्ष 2024 - 25 में चीनी उत्पादन सीजन में 264 लाख टन चीनी उत्पादन होने का अनुमान है। जो पहले 272 लाख टन के अनुमान से कम है। पिछले साल 319 लाख टन चीनी का उत्पादन हुआ था। उत्पादन में कमी की वजह एथेलॉन उत्पादन में चीनी का उपयोग है। इस्मा का अनुमान है कि 35 लाख टन चीनी एथेलॉन में इस्तेमाल होगी। उल्लेखनीय है कि चीनी के प्रमुख उत्पादन राज्य महाराष्ट्र, कर्नाटक व उत्तर प्रदेश हैं, देश में चीनी रिकवरी दर पिछले सीजन की तुलना में कम है। यही वजह है कि उत्पादन कमी से चीनी की कीमतें बढ़ रही हैं। दूसरी तरफ सूत्रों का कहना है कि गुड़ की कीमतों में अप्रत्याशित तेजी की वजह सरकारी नियंत्रण का न होना है।



# रिशिता ने की तेंलंगाना में आयोजित ऑल इंडिया लीडरशिप कैम्प में की सहभागिता

**जबलपुर, देशबन्धु।** ए.पी.नर्मदा महाविद्यालय की एन.सी.सी. कैडेट कुमारी रिशिता पटैल ने 9 ;बटालियन निजामबाद तेलंगाना में ऑल इंडिया लीडरशिप केम्प सफलता पूर्वक पूर्ण कर जबलपुर वापस लौटीं। इस कैम्प में रिशिता पटैल एकमात्र बालिका कैडेट थी जो 1एम पी बटालियन से चयनित हुई थीं। गौरतलब है कि इसी वर्ष कैडेट रिशिता पटैल ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा विकसित भारत कैम्पेनिंग का हिस्सा बनकर 12 जनवरी 2025 को प्रधानमंत्री से मुलाकात करने का स्वर्णिम अवसर भी प्राप्त किया। महाविद्यालय की एन.सी.सी. आफिसर लेफ्टिनेंट (डा) दिव्या पाराशर के विशेष मार्गदर्शन मे इन सभी कैम्पों के लिये तैयारी करवाई गयी।

इस अवसर पर संस्था के अध्यक्ष श्री चमन श्रीवास्तव जी ने कैडेट रिशिता पटेल को इस उपलब्धि प्राप्त करने पर हर्ष व्यक्त किया और कैडेट का पुष्पगुच्छ से स्वागत किया साथ ही एन.सी.सी. आफिसर लेफ्टिनेंट (डा) दिव्या पाराशर को कैडेट की उपलब्धियों के लिये बधाई दी।

कैडेट रिशिता पटैल की इस उपलब्ध्यिों को प्राप्त करने पर महाविद्यालय रजिस्ट्रार मानवेन्द्र सिंह ने बधाई दी और आगे बढने के लिये प्रोत्साहित किया।

# सांसद ने रेल्वे स्टेशन का निरीक्षण किया



**जबलपुर, देशबन्धु।** संसदीय क्षेत्र के सांसद आशीष दुबे ने गुरूवार को जबलपुर के मुख्य रेल्वे स्टेशन और रेल्वे स्टेशन परिसर का निरीक्षण किया और सुविधाओं सहित व्यवस्था का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान सांसद आशीष दुबे ने यात्रियों से चर्चा कर उनकी समस्याओं की जानकारी भी ली। निरीक्षण के दौरान सांसद श्री दुबे ने रेल्वे स्टेशन पर स्थित विभिन्न सुविधाओं और यात्री सेवाओं की समीक्षा करते हुये आवश्यक सुधार के निर्देश भी दिये।

सांसद ने निरीक्षण के प्रारंभ में जबलपुर के रेल्वे स्टेशन के प्लेटफॉर्म नंबर 1 की स्थिति का जायजा लेते हुये प्लेटफॉर्म की स्वच्छता, उचित रोशनी और रख-रखाव के बारे में रेल्वे के अधिकारियों से जानकारी लेकर इसे और सुचारू बनाने के निर्देश प्रदान किये। सांसद श्री दुबे ने रेल्वे स्टेशन में स्थित व्यक्तिगत यात्री सुविधाओं में साफ-सफाई रखने और यात्रियों के लिये पेयजल की उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश प्रदान किये। यात्री प्रतीक्षालयों में जाकर सांसद श्री दुबे ने वहां उपलब्ध सुविधाओं के बारे में जानकारी ली और यात्रियों से चर्चा भी की। रेल्वे स्टेशन में स्थित खाद्य सुविधा स्टॉलों का दौरा करते हुये सांसद श्री दुबे ने वहां उपलब्ध भोज्य सामग्री और पेय पदार्थो की गुणवत्ता तथा समयावधि के बारे में जानकारी ली

# मानसून के पूव आवश्य क तैयारियां सुनिश्चित कर ली जायें: कलेक्टर

**जबलपुर, देशबन्धु।** कलेक्टर दीपक सक्सेना की अध्यक्षता में बाढ़ आपदा प्रबंधन की बैठक आयोजित की गई। जिसमें जिले में बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों के संबंध में चर्चा कर आवश्यक निर्देश देकर कहा गया कि जहां-जहां जल भराव की स्थिति होती है, उन क्षेत्रों में पहले से जल भराव न हो इसके लिये समुचित प्रबंध किये जाये। अत्याधिक वर्षा की स्थिति में नर्मदा व उनकी सहायक नदियों जैसे परियट, हिरन, गौर, सुहार, कार व लभेर आदि नदियों में विगत वर्षो के दौरान बाढ़ की स्थिति व उसके प्रबंधन की समीक्षा की गई तथा उन नदी क्षेत्रों के ग्रामों में बाढ़ प्रवाह की स्थिति में पहले से समुचित प्रबंध करने के निर्देश दिये। कलेक्ट्रे ट में कक्ष क्रमांक 9 में जिला बाढ़ नियंत्रण कक्ष स्था पित कर कहा गया कि बाढ़ संबंधी सूचना के लिये 0761-2623925 इस नंबर से तथा नगर निगम क्षेत्र में 0761-2610917 एवं 2637503 से 510 तक के नंबरों में फोन कर सकते है। बाढ़ के संबंध में पूर्व सूचना देने के संबंध में कहा गया। बाढ़ उम्मु-ख क्षेत्र में स्थित प्राकृतिक जलाशय एवं जल निकास नालियों की सफाई, डिसिल्टिंग करने के साथ तालाबों एवं तलैया के अतिक्रमण, रूकावटें हटाने, तालाबों, नालों, बांधों के तटबंधो का निरीक्षण व सुदृढीकरण करने, बाढ़ के पानी के निकास के लिए नालियों का निरीक्षण व सफाई करने, जल निगम प्रणाली के द्वारा बांध तटबंधों का आवश्येक रख-रखाव करने, डिस्ट्रिक कमाण्डेंनट होमगार्ड द्वारा आपदा केन्द्रों में तैराकों की तैनाती करने के निर्देश दिये। इसके साथ ही आकाशीय बिजली से बचने उपाय करें।

# शिव सैनिकों ने मान्यता रद्द करने सौंपा ज्ञापन



**जबलपुर, देशबन्धु।** शिवसेना प्रतिनिधि मण्डल द्वारा एक ज्ञापन सीएमएचओ डॉ. संजय मिश्रा एवं कलेक्टर के नाम एस.डी.एम महोदय को सौंपा ज्ञापन, ज्ञापन में बताया कि ओमेगा हॉस्पिटल हैदराबाद जो कि नागरथ चौक जबलपुर में स्थित है, जिसका रजिस्ट्रेशन नम्बर NH/1543/MAY-2024 (Allopathy) है जिसे डॉ. चिगरूपति नम्रता के द्वारा संचालित किया जा रहा है। चिकित्सालय में मेडिकल रिकार्ड डिपार्टमेंट में आज तक नहीं है, जिससे भविष्य में कोई भी बड़ी दुर्घटना घटने से मरीजों की जान जा सकती है शिव सैनिकों ने ज्ञापन सौंपते समय कहा कि शीघ्र कार्यवाही नहीं होने एवं हॉस्पिटल की मान्यता रदद नहीं करने पर उग्र आंदोलन किया जायेगा जिसकी जिम्मेदारी जिला प्रशासन की होगी। इस दौरान शिवसेना प्रदेश उपाध्यक्ष शैलेन्द्र बारी, नगर अध्यक्ष मुकेश सराटे, जिला महासचिव गजानंद गुप्ता, नगर प्रमुख राकेश सोनकर, भवानीशंकर सतनामी, विजय गोंटिया, कुलदीप, असीम दुबे, सचिन, धीरज विश्वकर्मा, अंकुर केशरवानी आदि शिव सैनिक उपस्थित थे।

# तंबाकू छोड़ें, जीवन अपनाएं



**जबलपुर, देशबन्धु।** हर वर्ष 31 मई को विश्व तंबाकू निषेध दिवस मनाया जाता है, जिसका उद्देश्य तंबाकू के सेवन से होने वाले गंभीर स्वास्थ्य जोखिमों के प्रति जागरूकता फैलाना और तंबाकू मुक्त समाज की दिशा में प्रयास करना है।

तंबाकू का सेवन चाहे वह सिगरेट, बीड़ी, गुटखा, पान मसाला या अन्य किसी भी रूप में हो मानव स्वास्थ्य के लिए अत्यंत हानिकारक है। यह फेफड़ों के कैंसर, हृदय रोग, स्ट्रोक, दमा, और सीओपीडी जैसे गंभीर रोगों का मुख्य कारण है। भारत में हर वर्ष लाखों लोग तंबाकू से जुड़ी बीमारियों के कारण अपनी जान गंवाते हैं।

डॉ. निपुण अग्रवाल, के अनुसार एक चेस्ट स्पेशलिस्ट के रूप में यह स्पष्ट रूप से कहना चाहता हूँ कि तंबाकू सिर्फ एक आदत नहीं, एक धीमा ज़हर है। युवा पीढ़ी तेजी से इसकी गिरफ्त में आ रही है, जिससे देश का स्वास्थ्य भविष्य खतरे में पड़ रहा है। यह समय है कि हम सभी एकजुट होकर तंबाकू के खिलाफ आवाज़ उठाएं और इसे त्यागने का संकल्प लें।

# राजस्व वसूली में लापरवाही पर कठोर कार्यवाही

**जबलपुर, देशबन्धु।** वृत्त के सं/सं संभाग पाटन के कार्यपालन अभियंता नवनीत राठौर द्वारा समस्त लाइन कर्मचारियों एवं अधिकारियों की गूगल मीट के माध्यम से समीक्षा बैठक कर लाइन कर्मचारियों पर ताबड़तोड़ कार्यवाही की गई। जिसमें खराब प्रोग्रेस लाने वाले कर्मचारियों को कारण बताओ सूचना पत्र एवं वेतन वृद्धि रोकने संबंधित आदेश जारी किया गया। यहां तक कि कुछ कर्मचारियों को बर्खास्त करने के लिए भी अनुशंसा पत्र जारी किया गया है।

कम पेइंग काउंट एवं रीडिंग में लापरवाही करने वाले मीटर रीडर पर कार्यवाही करते हुए 3 दिवस की वेतन कटौती आदेश जारी कर भविष्य में पुनरावृति करने पर कार्य से पृथक करने हेतु पत्र जारी किया गया। समीक्षा बैठक के दौरान लाइन कर्मचारी सतेंद्र सेन, अरविंद ठाकुर, राजेश सोनी, रूपेन्द्र टेकाम को कार्य में निरंतर लापरवाही के चलते बर्खास्त करने हेतु अनुशंसा पत्र जारी किया गया।

# सत्व सुकून लाइफकेयर ने 48 करोड़ इक्विटी शेयरों के राइट्स इश्यू की घोषणा की

***नई दिल्ली।*** *होम डेकोर और विभिन्न सुगंध उत्पादों के विनिर्माण से जुड़ी सत्व सुकुन लाइफकेयर लिमिटेड ने 1.00 प्रति राइट्स इक्विटी शेयर के नकद मूल्य पर 48 करोड़ इक्विटी शेयरों के राइट्स इश्यू की घोषणा की है, जिससे कुल ?48 करोड़ की राशि प्राप्त होगी। इस रणनीतिक कदम का उद्देश्य कंपनी के पूंजी आधार को मजबूत करना और इसके विस्तार के अगले चरण को समर्थन देना है।*

यह राइट्स इश्यू पात्र इक्विटी शेयरधारकों को 9 मई, 2025 की रिकॉर्ड तिथि तक धारित प्रत्येक 2 फुल्ली पैड इक्विटी शेयरों के लिए 5 राइट्स इक्विटी शेयरों के रेशियों दिए जा रहे हैं। यह इश्यू 30 दिनों की अवधि के लिए खुला रहेगा, जो 28 मई, 2025 को शुरू होगा और 26 जून, 2026 को बंद होगा। यहां यह ध्यान देने योग्य है कि इस इश्यू की समापन तिथि को बढ़ाया नहीं जा सकता है। सेबी के नियमों के अनुसार, सभी अधिकार और आवंटन प्रक्रिया केवल डीमैट रूप में ही की जाएगी। नियामक दिशानिर्देशों के अनुसार आंशिक, आंशिक अधिकारों को नजरअंदाज कर दिया जाएगा। हालांकि, पात्र शेयरधारक जिनके आंशिक अधिकारों की उपेक्षा की गई है, उन्हें उपलब्धता के अधीन, अपने अधिकारों से अधिक शेयरों के लिए आवेदन करने पर एक अतिरिक्त शेयर के आवंटन के लिए प्रेफरेंशियल विचार किया जा सकता है। सत्व सुकून लाइफकेयर लिमिटेड के मैनेजिंग डायरेक्टर मीत टी. ब्रह्मभट्ट ने कहा कि यह राइट्स इश्यू हमारी विकास यात्रा में एक महत्वपूर्ण कदम है। आय से हम परिचालन को बढ़ा सकेंगे, उत्पाद नवाचार को बढ़ा सकेंगे और बाजार में अपनी उपस्थिति को और मजबूत कर सकेंगे। पिछले एक साल में हमारा मजबूत वित्तीय प्रदर्शन मूल्य सृजन और दीर्घकालिक व्यावसायिक स्थिरता के प्रति हमारी प्रतिबद्धता को दर्शाता है। डीमैट खातों में जमा राइट्स अधिकारों को स्टॉक एक्सचेंज मैकेनिज्म या ऑफ-मार्केट ट्रांसफर के माध्यम से आंशिक या पूर्ण रूप से समर्पित किया जा सकता है। बाजार आधारित निकासी की अंतिम तिथि शुक्रवार, 20 जून 2025 है।

# बेटियों के सामने रखें देवी अहिल्याबाई का आदर्श, उनके चरित्र से सीखना होगा जीवन प्रबंधन



**जबलपुर, देशबन्धु।** वर्तमान समय में जब परिवार से संस्कार समाप्त हो रहे हैं। धर्मपरायणता, त्याग, प्रेम, सहयोग की भावना कम हो रही है। तब हमें अपनी जड़ों की तरफ देखने ही जरूरत है। भारतीय समाज और हिंदू धर्म में कई ऐसे महापुरुष और देवियां हुईं हैं, जिनके जीवन आदर्श आज भी प्रासंगिक हैं। उनके पदचिन्हों पर चलकर हम अपने परिवार, समाज, देश को पुर्नजीवन दे सकते हैं।

ऐसी ही एक आदर्श हैं लोकमाता अहिल्याबाई। हमें अपनी बेटियों के सामने देवी अहिल्याबाई का आदर्श प्रस्तुत करना होगा। उन्हें पुण्यश्लोक अहिल्याबाई के जीवन से परिचित करवाना होगा ताकि वे अपने सुंदर, सुदृढ भविष्य की नींव रख सकें।

कुलगुरू प्रो. राजेश कुमार वर्मा के मार्गदर्शन एवं कुलसचिव डॉ. आर. के. बघेल के निर्देशन में विश्वविद्यालय के पत्रकारिता विभाग द्वारा आयोजित विशिष्ट व्याख्यान में डॉ. राणा ने कहा कि हम अपनी बेटियों को बचपन से ही अहिल्याबाई के चरित्र की शिक्षा दें।

इस अवसर पर पत्रकारिता विभाग के डॉ. संजीव श्रीवास्तव, डॉ. मोहम्मद जावेद, डॉ. शैलेष प्रसाद, डॉ. प्रमोद पाण्डेय, डॉ. मोहनिका गजभिये सहित विद्यार्थियों की मौजूदगी रही।

# थैलेसीमिया, सिकिलसेल व बीमारियों से पीड़ितों के लिए किया रक्तदान



**जबलपुर, देशबन्धु।** गुरु अर्जन देव की शहीदी दिवस पर रक्तदान शिविर का आयोजन वेस्ट लैंड खमरिया रांझी में गया। यह आयोजन गुरु सिंघ सभा वेस्ट लैंड के सेवादार, दिशा वेलफेयर सोसायटी एवं समिति व थैलेसीमिया जन जागरण समिति मप्र के संयुक्त तत्वावधान में किया गया। जिसमें एक दर्जन से अधिक रक्तदाताओं ने आगे आकर रक्तदान किया और पीड़ितों का जीवन बचाने के लिए रक्तदान कर जन मानस को जागरूक किया।

रक्तदान शिविर के दौरान एल्गिन अस्पताल के ब्लड बैंक की टीम ने रक्त संग्रहण करने का कार्य किया गया। इस मौके पर तमाम रक्तदाताओं ने थैलेसीमिया, सिकिलसेल व अस्पताल में विभिन्न बीमारियों से जूझ रहे मरीजों के लिए आगे आकर रक्तदान करने की अपील की।

इस मौके पर गुरू सिंघ सभा से जोगा सिंह, जोगिंदर सिंह नारंग, बिट्टू साहनी, अमरजीत सिंह संघा, पिंकी बिंद्रा, आर पी रावत, अवतार सिंह, मनजीत सिंह, बबलू लांबा व सरबजीत सिंह नारंग, विकास शुक्ला, अजय घोष, मोहित दुबे, विकास खण्डेलवाल, इलूविन्दर सिंह, राहुल तिवारी, हरदीप सिंह, जगदेव, डॉ ऋषि सागर आदि का विशेष योगदान रहा।

# बारिश पूर्व शहर के चिन्हित 15 सड़कों का भी होगा कायाकल्प : महापौर



**जबलपुर, देशबन्धु।** मानसून आगमन के पूर्व शहर में डामलीकृत सड़क निर्माण का कार्य शुरू हो गया है। तुलाराम चौक से अंधेरदेव जाने वाले मार्ग के निर्माण का महापौर जगत बहादुर सिंह अन्नू ने लोकनिर्माण विभाग के प्रभारी एम.आई.सी. सदस्य विवेकराम सोनकर, एम.आई.सी. सदस्य रंजनी कैलाश साहू और अधिकारियों के साथ निरीक्षण किया। निरीक्षण के मौके पर महापौर श्री अन्नू ने ठेकेदार एवं अधिकारियों को हिदायत देते हुए निर्देशित किया कि सड़क निर्माण कार्यो की गुणवत्ता से कोई समझौता नहीं किया जायेगा इसलिए अपनी मौजूदगी में स?क निर्माण के कार्य निर्धारित मापदण्ड के अनुरूप उच्चगुणवत्ता के साथ पूर्ण कराएँ।




महापौर श्री अन्नू ने बताया कि बारिश पूर्व शहर के चिन्हित 15 अन्य स?कों का भी बहुत शीघ्र कायाकल्प कराया जायेगा जिसमें कॉंचघर, भैंसासुर मार्ग, बी टी तिराहा, एवं अन्य मार्गो का भी निर्माण कराया जायेगा।

**स्वच्छ वायु सर्वेक्षण 2025 जमीनी परिक्षण की तैयारी में लगा नगर पालिक निगम का अमला**-निगमायुक्त श्रीमति प्रीति यादव के निर्देशानुसार उपायुक्त संभव अयाची एवं सहायक नोडल अधिकारी एस बी एम अभिनव मिश्रा के मार्गदर्शन में आगामी होने वाले स्वच्छ वायु सर्वेक्षण 2025 का दस्तावेजीकरण एवं दस्तावेजीकरण के आधार पर होने वाले शहर के जमीनी परिक्षण की तैयारी नगर निगम के पूरे अमले ने प्रारंभ कर दी है, निगमायुक्त ने बताया की इस बार का जबलपुर शहर के लिए वायु सर्वेक्षण पिछली बार के अपेक्षा अत्यधिक चुनौतीपूर्ण रहने वाला है, चूँकि पिछली बार हमने पूरे भारतवर्ष मै इंदौर एवं भोपाल जैसे शहर को पीछे करते हुए स्वच्छ वायु सर्वेक्षण मे दूसरा स्थान प्राप्त किया था, इस बार प्रथम स्थान आने के लिए हमारा पूरा अमला तैयारियों में अभी से जुटा हुआ है। उपायुक्त संभव आयाची ने बताया की प्रारंभ में अभी स्वच्छ वायु सर्वेक्षण से सबंधित दस्तावेजीकरण का कार्य प्रारंभ कर दिया गया जिसमें नगर निगम के अमले के साथ आदित्य कंसल्टेंसी के सभी सदस्य लगे हुए है सभी सबंधित विभाग से निर्धारित प्रारूप में जानकारी मंगवाई जा रही है जिसके पश्चात दस्तावेजीकरण का डेस्कटॉप अस्सेस्मेंट किया जायेगा, तत्पश्चात शहर में मिनिस्ट्री की तरफ से जमीनी परिक्षण के लिए टीम आएगी जिसकी तैयारी अभी से प्रारंभ कर दी गई है। शहर के ए.क्यू.आई. एवं पी.एम.10 लेवल को निर्धारित मापदंडों के अनुरूप मेन्टेन रखने के लिए शहर में स्वीपिंग के लिए मशीनीकृत रोड़ स्वीपिंग मशीन, डीफोगर मशीन, रोड़ धुलाई के लिए जेटिंग मशीन का उपयोग के साथ-साथ शहर के आम नागरिकों को अधिक से अधिक पौधरोपण एवं खुले में कचरा नहीं जलाने के लिए जनजागरूकता अभियान भी चलाया जा रहा है।

## शास्त्रीय उपशास्त्रीय शैली में नृत्य प्रस्तुतियां 2 जून को



**जबलपुर, देशबन्धु।** रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय के संस्थापक कुलपति, पूर्व वित्त मंत्री,पद्मभूषण पं. कुंजीलाल दुबे की स्मृति में कला, साहित्य, संस्कृति को समर्पित पाथेय संस्था द्वारा 2 जून को शाम 7 बजे से मानस भवन में नृत्य नमन समारोह का आयोजन किया गया है ।समारोह संयोजक राजेश पाठक प्रवीण ने बताया कि कलामर्मज्ञ डॉ. विश्वनाथ दुबे की स्मृति को समर्पित इस आयोजन में 175 नृत्य साधिकाएँ शास्त्रीय,उपशास्त्रीय शैली में 13 सामूहिक नृत्यों का प्रस्तुतिकरण करेंगी। नृत्यों का निर्देशन मोती शिवहरे नवरंग कथक कला केंद्र, कामना-अरुक्शा नायक नृत्यांजलि कला अकादमी भरतनाट्यम,नीता दीक्षित गुरुनमन कथक कला केंद्र, निवासना यादव सत्य प्रकाश डांस अकेडमी, मेघा पांडे स्वरागिनी सांस्कृतिक कला केंद्र, भैरवी विश्वरूप नव नृत्यांजलि नृत्य अकादमी, राकेश गिरी गोस्वामी नटराज कथक कला केंद्र, अंकिता गिनारा श्रीजी कला संस्था, मोऊमिता बेज त्रिलोचन नृत्य शाला, अंजली उपाध्याय भरतनाट्यम डांस क्लासेस, मानसी विश्वकर्मा शिवशक्ति नृत्य कला केंद्र, गरिमा पटवा श्याम श्रुति डांस एकेडमी, तेजस्विनी सिंह, हर्षिता सक्सेना नृत्यांजलि कथक केंद्र द्वारा किया जाएगा। पद्मभूषण पंडित कुंजीलाल दुबे स्मृति आयोजन समिति ने कला प्रेमियों से उपस्थित का आग्रह किया है।

## अहिल्या देवी की जन्म जयंती पर भाजपा निकालेगी शोभायात्रा

**जबलपुर, देशबन्धु।** पुण्यश्लोक रानी अहिल्या देवी की जन्म जयंती आयोजित कार्यक्रमो की श्रृंखला में भारतीय जनता पार्टी द्वारा कल शनिवार 31 मई को शाम 4 बजे मालवीय चौक से भव्य शोभायात्रा निकाली जाएगी।

भाजपा जिला अध्यक्ष श्री रत्नेश सोनकर ने बताया लोकमाता रानी अहिल्या बाई होल्कर जी की 300 वीं जन्म जयंती पर भाजपा संगठन द्वारा आयोजित 10 दिवसीय कार्यक्रमों की श्रृंखला में कल समापन दिवस पर भारतीय जनता पार्टी द्वारा देवी अहिल्या को नमन करते हुए भव्य शोभायात्रा निकाली जायेगी। श्री सोनकर ने बताया शोभायात्रा मालवीय चौक से प्रारंभ होगी जो तीन पत्ती चौक, नौदरा ब्रिज, करमचंद चौक, से होकर पुनः मालवीय चौक में समाप्त होगी।

## आचार्यश्री समयसागर महाराज ने दी मंगल देशना

**जबलपुर, देशबन्धु।** आचार्य विद्यासागर सभा भवन में आयोजित धर्मसभा में आचार्यश्री समयसागर महाराज ने कहा कि मन को रोकने में धर्म बहुत सहायक होता है। धर्म शास्त्र हमें आत्मनियंत्रण का मार्ग दिखाते हैं और मन को स्थिर करने में सहायक सिद्ध होते हैं। उन्होंने कहा कि मन भटकने के कई कारण हो सकते हैं, जिनमें सबसे बड़ा कारण राग-द्वेष की प्रवृत्तियां होती हैं। आत्मा की उन्नति के लिए मन को केंद्रित करना आवश्यक होता है और इसमें धर्म रूचि एक बड़ा साधन है। उन्होंने कहा कि स्वाध्याय परम् तप है और धर्म में आत्मा के विकास का मार्ग बताया गया है।

महाराज श्री ने स्पष्ट किया कि सम्यक्दर्शन उत्पन्न होने के बाद भी मन को नियंत्रण में लाने के लिए निरंतर अभ्यास की आवश्यकता होती है। धर्म का अध्ययन मन की स्थिरता के लिए अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने कहा कि यह दुर्लभ मानव जीवन केवल उपभोग के लिए नहीं, आत्मा के विकास हेतु मिला है। आचार्यश्री ने यह भी कहा कि जो व्यक्ति संसार में विषयों में डूबा रहता है, उसे आत्मा की ओर मुड़ने का




अवसर भी नहीं मिलता। जिसके पास विवेक नहीं है, वह दूसरों का हित नहीं कर सकता और ना ही स्वयं की रक्षा कर सकता है। विवेक की अनुपस्थिति में ज्ञान का दुरुपयोग होता है। यही दुरुपयोग सबसे बड़ा अपराध है। उन्होंने कहा कि जो व्यक्ति अपने अपराध को स्वीकार करता है, वही आत्मविकास की दिशा में अग्रसर हो सकता है। यदि ज्ञान होते हुए भी उसका प्रयोग नहीं किया गया तो वह आत्मा के साथ विश्वासघात करने जैसा है। उन्होंने आत्मचिंतन और संयमित आचरण को आत्मा की उन्नति के लिए अनिवार्य बताया। धर्मसभा के अंत में उन्होंने कहा कि जिसने स्वाध्याय, आत्मचिंतन और विवेक की शक्ति को अपनाया, वही मोक्ष के पथ पर आगे बढ़ सकता है। धर्म अध्ययन का उद्देश्य भी इसी आत्मिक जागरण की ओर संकेत करता है। भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव तरुण चुग पहुंचे आचार्य श्री का आशीर्वाद लेने दिल्ली से आचार्य श्री समय सागर जी का महाराज का आशीर्वाद लेने और राष्ट्रीय मुद्दों पर चर्चा करने के लिए भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव तरुण चुग विद्यासागर भवन पहुंचे भारतीय जनता पार्टी के नगर अध्यक्ष रत्नेश सोनकर एवं नगर निगम के अध्यक्ष रिंकू विच भी तरुण चुग के साथ थे।

## शासकीय महाविद्यालयीन प्राध्यापक संघ का आयोजन संपन्न



**जबलपुर, देशबन्धु।** प्रांतीय शासकीय महाविद्यालयीन प्राध्यापक संघ, जबलपुर संभाग द्वारा डॉ. पंजाबराव चंदेलकर, अतिरिक्त संचालक, उच्च शिक्षा विभाग, जबलपुर संभाग का कार्यभार ग्रहण करने पर प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस, शासकीय महाकोशल महाविद्यालय, जबलपुर, म.प्र. में सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। प्रो. अरुण शुक्ल, संभागीय अध्यक्ष,प्रांतीय शासकीय महाविद्यालयीन प्राध्यापक संघ द्वारा पुश्पगुच्छ भेंट कर डॉ. पंजाबराव चंदेलकर, अतिरिक्त संचालक का स्वागत सम्मान किया गया।

इस अवसर पर प्राचार्य डॉ. अलकेश चतुर्वेदी, डॉ. स्मृति शुक्ला, डॉ. समीर शुक्ला, डॉ. एनजी पेंडसे, डॉ. धुव दीक्षित, श्री अजय सोनकर, डॉ. आभा पाण्डेय, डॉ. शैलप्रभा कोश्ठा, डॉ. राजीव मिश्रा, डॉ. ज्योति जुनगरे, डॉ. राजेश शामकुंवर, डॉ. पवन शंकर तिवारी, डॉ. अजय गुप्ता, डॉ. विभा निगम, डॉ. मृत्युजय कुमार सिंह, डॉ. रुपेन्द्र गौतम, डॉ. शिवचंद्र वल्के, डॉ. तृप्ति उकास, डॉ. रीता घोष, डॉ. स्मिता बेलवंशी, डॉ. कुसुमलता रजक, डॉ. रितुरानी, डॉ. मीनाक्षी मेरावी ने भी पुश्पगुच्छ भेंट कर डॉ. पंजाबराव चंदेलकर स्वागत किया। कर्मचारियों एवं विद्यार्थियों द्वारा भी डॉ. पंजाबराव चंदेलकर का स्वागत किया गया।

## मुस्लिम विकास परिषद ने शिक्षकों का सम्मान किया

**जबलपुर, देशबन्धु।** शहर के ऐसे मेधावी छात्र-छात्रा जिन्होंने बगैर कोई संसाधन के 10वीं व 12वीं कक्षा में सर्वोच्च अंक लाकर शहर को गौरवांन्वित किया है,ऐसे मेधावी छात्र-छात्राओं के अभिभावकों व शिक्षकों उत्साहवर्धन व धन्यवाद हेतु म.प्र. मुस्लिम विकास परिषद की जबलपुर ईकाई ने एक कार्यक्रम शुक्रवार को अधारताल स्थित स्प्रिंग-डे स्कूल में आयोजित कर सम्मानित किया। आयोजित कार्यक्रम में मुविप के जिलाध्यक्ष डॉ. मुईन अंसारी, पत्रकार अशफाक आरिफ, समाजसेवी इस्लाम अली, मेहताब अली ने सर्वोच्च अंक प्राप्त छात्र-छात्रा के अभिभावक रामदास यादव, दिनेश उपाध्याय, गुलाम कादिर, अशरफ अली, मशकूर अहमद, मुख्तार अंसारी, सलीम खान तथा शिक्षक नीलम शर्मा, अनिल शर्मा, सुनील शर्मा, सूरज वर्मा, मोनिश अंसारी, अहमद रजा का स्मृति चिन्ह देकर व मिठाई खिलाकर सम्मानित कर धन्यवाद किया गया।




## एमपी पावर मैनेजमेंट कंपनी के तीन कार्मिक हुए सेवानिवृत्त

**जबलपुर, देशबन्धु।** एमपी पावर मैनेजमेंट कंपनी के मुख्य वित्तीय अधिकारी कार्यालय में उप निदेशक के पद पर कार्यरत पीएन दावने 37 वर्षों की सेवा के उपरांत सेवानिवृत्त हो गए। पावर मैनेजमेंट कंपनी के व्हीकल सेक्शन में कार्यरत बीजू डेनियल व गणेश प्रसाद कहार 39-39 वर्षों की सेवा के उपरांत आज सेवानिवृत्त हो गए।

## ममत्व सेवा संस्था

**जबलपुर।** ममत्व संगीत का सुनहरे सदाबहार गीतों का कार्यक्रम 31 मई शनिवार को रानी दुर्गावती संग्रहालय कला वीथिका सभागार में आयोजित किया गया है। ममत्व सेवा संस्था के अध्यक्ष दीपक पचौरी, के के तिवारी, विनोद बैन, मधुसूदन पानसरे, डॉक्टर टी टी लियाओ, अमरजीत सिंह, के पी चौहान, पूर्णिमा अग्रवाल, प्रीति गर्ग, साक्षी सराफ, अर्चना असाटी विवेक झरिया एवं समस्त आयोजक मंडल ने संस्कारधानी के संगीत प्रेमियों सुधि जनों से उपस्थिति की अपील की है।

## अग्निवीरों को दिया पूज्य महाराज ने दिया आशीर्वाद



**जबलपुर, देशबन्धु।** महाराज श्री ने अग्निवीरो को संबोधित करते हुए कहा कि देश की सीमाओं पर रक्षा करना ही पूजा हैं, और देश की रक्षा करना ही धर्म है। हमारी भारतीय संस्कृति में क्या कर्तव्य हैं और क्या अकर्तव्य हैं इसका निर्णय किया गया है, जो सूर्य वीर सेना के प्रशासन में राष्ट्र की रक्षा के लिए देश की सीमाओं पर दिन रात खड़े रहकर सुरक्षा कर रहे हैं, उनकी यह सेवा ही सबसे बड़ी पूजा हैं। शंकराचार्य जी कहा कि अर्जुन ने भी भगवान श्री कृष्ण से यह प्रश्न किया था, कि युद्ध तो शत्रु से किया जाता है,भगवन यह तो हमारे हैं,अर्जुन यह भी कह रहे थे इन सबको हम मारेंगे तो पाप लगेगा, तब भगवान ने गीता का उपदेश देते हुए कहा कि देश और धर्म की रक्षा में पाप-पुण्य नहीं देखा जाता हैं, यहां अधर्म का नाश करना ही धर्म है। अगर तुम रण भूमि में वीरगति को प्राप्त हो गए तो स्वर्ग की प्राप्ति होगी, और विजय प्राप्त कर ली तो राज्य की प्राप्ति होगी, इस लिए तुम्हे युद्ध करना चाहिए। शंकराचार्य जी महाराज ने तीनों सेना अध्यक्ष एवं रक्षा मंत्रालय को शुभ आशीर्वाद प्रेषित करते हुए कहा कि भारत देश की सेना, विश्व की सर्वश्रेष्ठ सेना मानी जाती हैं। एवं कैंट आर्मी क्षेत्र के अंदर गीता ज्ञानेश्वर मंदिर के जीर्णोद्धार का भूमि पूजन पूज्य महाराज श्री के कर कमलों से संपन्न हुआ।

## दैनिक राशिफल

**शनिवार 31 मई 2025 का पंचांग विक्रम संवत् 2082, शक संवत 1947 हिजरी 1446। जेष्ठ शुक्ल पक्ष की पंचमी नक्षत्र- पुष्य।**

मेष - अत्यधिक संवेदनशीलता के कारण किसी की बातें आपकी भावनाओं को चोट पहुंचा सकती हैं। माता के स्वास्थ्य के संबंध में चिंता रहेगी। स्थायी संपत्ति के संबंध में कोई निर्णय न लेना ही हितकर होगा।

वृषभ - शारीरिक तथा मानसिक रूप से अच्छा अनुभव करेंगे। आनंद का अनुभव होगा। रिश्तेदारों तथा पारिवारिक काम में आपको लाभ होगा। मित्रों के साथ घूमने जाएंगे। वित्तीय मामलों में ध्यान देना पड़ सकता है।

मिथुन - आपके द्वारा निर्धारित किए गए काम पूरे हो जाने से आप खुशी का अनुभव कर सकेंगे। आर्थिक योजनाएं भी आप सरलतापूर्वक पूरा कर सकेंगे। व्यवसाय या नौकरी में मेल-जोल रहेगा। (क-790-690)

कर्क - मित्रों और स्नेहीजनों के साथ आज का दिन बहुत उल्लासमय रहेगा। यात्रा की संभावनाएं है। सुरुचिपूर्ण भोजन का स्वाद ले सकेंगे। किसी बात को लेकर आज इमोशनल बने रहेंगे। नौकरीपेशा लोगों को सहकर्मियों का साथ मिलेगा।

सिंह - किसी बात की चिंता आपको लगी रहेगी। इसका असर आपके स्वास्थ्य पर पड़ सकता है। स्वभाव में गुस्से के कारण किसी से विवाद हो सकता है। कानूनी मामलों में सावधान रहना पड़ेगा।

कन्या - आज का दिन आनंद-उल्लास में गुजरेगा। आज विविध क्षेत्रों में लाभ होगा। इसमें मित्रों की भूमिका महत्वपूर्ण रहेगी। किसी मनोहर स्थल की यात्रा कर पाएंगे। संतान की ओर से शुभ समाचार मिलेंगे।

तुला - आपके परिवार में खुशी और उत्साह का वातावरण रहेगा। नौकरी और ऑफिस में पदोन्नति होने तथा आय में वृद्धि होने की संभावना बनी रहेगी। माता से आर्थिक लाभ होगा। आप घर की सजावट का काम शुरू करेंगे।

वृश्चिक - आज शरीर में सुस्ती के कारण उत्साह का अभाव रहेगा। इसका प्रभाव आपके काम पर भी पड़ेगा। आपके लिए समस्याएं बढ़ेंगी। अधिकारी आपके लिए अनुकूल नहीं होंगे। संतान के साथ अनबन हो सकती है।

धनु - आज का दिन नए काम करने के लिए अच्छा नहीं है। सर्दी, खांसी या पेट की तकलीफ हो सकती है। किसी भी तरह का ऑपरेशन कराने के लिए आज का दिन अच्छा नहीं है। आपके मन में चिंता और बेचैनी रह सकती है।

मकर - दैनिक कामों के अलावा आप अपना आज का समय मनोरंजन तथा मिलने जुलने में व्यतीत करेंगे। स्वादिष्ट भोजन प्राप्त होगा और दोस्तों के साथ घूमने जाएंगे। मित्रों के साथ अच्छा समय गुजरेगा। धन लाभ के प्रबल योग हैं।

कुंभ - आज का दिन काम में सफलता प्राप्त करने के लिए बहुत अच्छा है। आपके काम की कद्र होगी। परिवार में शांति और मेल-जोल बना रहेगा। आपके तन-मन में ताजगी महसूस होगी।

मीन - आज काल्पनिक दुनिया में विहार करना आपको पसंद आएगा। लेखन और साहित्य के क्षेत्र में अपनी रचनात्मकता प्रदर्शन कर सकेंगे। विद्यार्थियों के लिए समय अच्छा है। (म-225-338)

1,6,3,9-41,59,76,95,10,80,36,09

## कला परिषद ग्रीष्मकालीन खेल एवं कला प्रशिक्षण

### 123 सर्वश्रेष्ठ प्रतिभागियों को मिलेंगे प्रमाण पत्र और 61 प्रशिक्षक होंगे सम्मानित

**जबलपुर, देशबन्धु।** एमपी पावर मैनेजमेंट कंपनी लिमिटेड की क्रीड़ा एवं कला परिषद के तत्वावधान में 31 दिवसीय ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शिविर का समापन एवं पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन 1 जून को सायं 6 बजे से रामपुर स्थित तरंग प्रेक्षागृह में किया गया है। समापन समारोह के मुख्य अतिथि एमपी पावर मैनेजमेंट कंपनी के मुख्य महाप्रबंधक मानव संसाधन व प्रशासन व केन्द्रीय क्रीड़ा एवं कला परिषद के महासचिव राजीव गुप्ता होंगे। 61 प्रशिक्षक सम्मानित व 123 सर्वश्रेष्ठ प्रतिभागियों को मिलेंगे पुरस्कार-केन्द्रीय क्रीड़ा एवं कला परिषद के समापन समारोह में ग्रीष्मकालीन खेल व कला प्रशिक्षण शिविर में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले 123 सर्वश्रेष्ठ प्रतिभागियों को विशेष रूप से पुरस्कृत किया जाएगा। इस अवसर पर प्रशिक्षण शिविर के 61 प्रशिक्षकों को सम्मानित किया जाएगा। उल्लेखनीय है कि इस वर्ष शिविर में 900 से अधकि प्रतिभागियों ने भाग लिया। कला परिषद के तत्वावधान में नगर के सबसे बड़े ग्रीष्मकालीन खेल एवं कला प्रशिक्षण शिविर के रूप में अपनी पहचान स्थापित करने वाले इस आयोजन में क्रिकेट, फुटबाल, कुश्ती, हाकी, शूटिंग, बैडमिंटन, टेबल टेनिस, वालीबाल, लॉन टेनिस, शरीर सौष्ठव एवं फिजिकल फिटनेस, मार्शल आर्ट, स्केटिंग, कराटे, शूटिंग, नृत्य, ड्राइंग-पेंटिंग, कैलीग्राफी, मेंहदी, क्राफ्ट और गायन-वादन का प्रशिक्षण दिया गया।

## रेलवे कर्मचारी संगठन द्वारा मंडल रेल प्रबंधक के साथ प्रथम बैठक का आयोजन

**जबलपुर, देशबन्धु।** अखिल भारतीय अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति रेलवे कर्मचारी संगठन की बैठक में मंडल रेल प्रबंधक श्री कमल कुमार तलरेजा, मंडल रेल प्रबंधक (का) सुबोध विश्वकर्मा, अपर मंडल रेल प्रबंधक आनंद कुमार एवं सुनील टेलर तथा मंडल के समस्त शाखा अधिकारियों के साथ संगठन के मंडल स्तर की कार्यकारिणी के अध्यक्ष अरविंद कुमार, मंडल सचिव अशोक कुमार मेहरा , मंडल उपाध्यक्ष राम प्रसाद, अतिरिक्त मंडल सचिव संजय धुले, मंडल कोषाध्यक्ष लल्लन, संदीप भारतीय, रतन सिंह जाटव, कमलेश कुमार, सोहन का उईके, भैया लाल चढ़ार , रूप सिंह मीणा, करण कुमार मेहरा, अम्बेदकर कुमार , बद्री प्रसाद, श्री सचिन चौहान , रवि शंकर झरिया और राम प्रकाश राम के साथ मिलकर




प्रथम अनौपचारिक बैठक का आयोजन किया गया। इस महत्वपूर्ण बैठक में संगठन द्वारा कर्मचारियों से जुड़ी 33 सूत्रीय मांगों को विस्तारपूर्वक प्रस्तुत किया गया। साथ ही, संगठन ने आउट ऑफ एजेंडा के तहत भी कुछ अति महत्वपूर्ण मुद्दों को उठाया, जिनमें कर्मचारियों के हितों से संबंधित समस्याओं के शीघ्र समाधान की आवश्यकता पर बल दिया गया। बैठक के उपरांत मंडल रेल प्रबंधक श्री कमल कुमार तलरेजा ने संगठन की सभी मांगों पर सकारात्मक दृष्टिकोण अपनाते हुए संबंधित विभागों को शीघ्र कार्रवाई करने के निर्देश जारी किए।

उन्होंने आश्वस्त किया कि कर्मचारियों के हितों की रक्षा एवं समस्याओं के समाधान हेतु प्रशासन प्रतिबद्ध है। संगठन द्वारा इस पहल की सराहना की गई एवं आशा व्यक्त की गई कि सभी बिंदुओं पर त्वरित एवं ठोस कार्यवाही होगी, जिससे कर्मचारियों का मनोबल सुदृढ़ होगा।

## महाराणा प्रताप से प्रेरणा लेकर, मातृभूमि की रक्षा का ले संकल्प

**जबलपुर, देशबन्धु।** महापराक्रमी योद्धा महाराणा प्रताप जी की जन्म जयंती पर समरसता सेवा संगठन द्वारा चिंतक विचारक वरिष्ठ पत्रकार पवन पांडे के मुख्य आतिथ्य, आचार्य पं रोहित दुबे, शिक्षाविद श्रीमती वर्षा उसरेठे, सुदर्शन समाज के प्रदेश अध्यक्ष जगदीश सुदर्शन के विशिष्ठ आतिथ्य, समरसता सेवा संगठन के अध्यक्ष संदीप जैन एवं सचिव उज्जवल पचौरी की उपस्थिति में विचार गोष्ठी एवं पौधारोपण का आयोजन अग्रवाल धर्मशाला ग्वारीघाट में किया गया।




कार्यक्रम का प्रारंभ दीप प्रज्वलन, श्रीराम महामंत्र के नामजप के साथ हुआ। संगोष्ठी के पश्चात सभी ने मिलकर अग्रवाल धर्मशाला के सामने स्थित नर्मदा उद्यान में बरगद के पौधे का रोपण किया। शौर्य की, भक्ति की, संस्कृति की गाथा से प्रेरणा लेकर जाते है किंतु आगे जाकर कार्य रूप में परणीत कर नही पाते है आप यदि आप उन विचारों को यहां से लेकर जाते है और उसे अपने जीवन में उतारते है तो हमारा यहां आना सफल होगा।

## पीएम आदर्श योजना के कार्यो का निरीक्षण

**जबलपुर, देशबन्धु।** सहायक आयुक्त जनजातीय कार्य एवं अनुसूचित जाति विभाग, जबलपुर नीलेश रघुवंशी द्वारा जनपद पंचायत शहपुरा के अंतर्गत ग्राम पंचायत सूखा के प्रधानमंत्री आदर्श ग्राम योजनांतर्गत विभाग के जिला स्तर एवं राज्य स्तर से स्वीकृत योजनाओं एवं निर्माण कार्यो का निरीक्षण किया गया। योजनांतर्गत निर्माणाधीन आंगनबाड़ी भवन, सी.सी. सड़क, नाली एवं पुलिया निर्माण संबंधी कार्यो का निरीक्षण के दौरान कार्यो की स्थिति से संतुष्टि व्यक्त कर आगे भी गुणवत्तापूर्ण ढंग से समयसीमा में कार्य पूर्ण करने के निर्देश ग्राम पंचायत सूखा के सरपंच एवं सचिव को दिये गये निरीक्षण के दौरान ग्राम पंचायत सूखा के सरपंच एवं सचिव एवं ग्राम के उपसरपंच नवलकिशोर दीक्षित एवं अन्य ग्रामवासी उपस्थित रहे।

## निधन

**ईश्वर अल्लाह तेरो नाम सबको सद्गति दे भगवान**

**श्रीमती निर्मला सेठी-** टैगोर नगर बादशाह हलवाई मंदिर मोड़ के पास निवासी श्री बीपी सेठी की धर्मपत्नी श्रीमती निर्मला सेठी (85) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री हरिओम खटीक-** खेरमाई वार्ड निवासी श्री हरिओम खटीक (58) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर शमशान भूमि में किया गया।

**श्री तेज नारायण विश्वकर्मा-** रानीताल कर्बला रोड निवासी श्री तेज नारायण विश्वकर्मा (58) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती सुनीता चौरसिया-** शीतलामाई वार्ड निवासी श्री विष्णु चौरसिया की धर्मपत्नी श्रीमती सुनीता चौरसिया (54) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर शमशान भूमि में किया गया।

**श्री तेज बहादुर खरे-** कांचघर समदड़िया कॉलोनी निवासी श्री तेज बहादुर खड़े (72) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री आनंद मेहतो-** बेलबाग टोरिया निवासी श्री आनंद मेहतो (62) का निधन हो गया है। अंतिम संस्कार करियापाथर शमशान भूमि में किया गया।

**श्रीमती श्यामा बाई मेहतो-** सैनी कॉलोनी बिलपुरा व्हीकल निवासी श्री लल्ला प्रसाद मेहतो की धर्मपत्नी श्रीमती श्यामा बाई मेहतो (57) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

# ऑनलाइन गैम्बलिंग मामले में हाईकोर्ट सख्त

## गृह विभाग के पीएस सहित अन्य से मांगा जवाब




**जबलपुर,देशबन्धु।** मध्यप्रदेश हाईकोर्ट में एक जनहित याचिका दायर कर कहा गया कि ऑनलाइन गैम्बलिंग में आर्थिक प्रलोभन से युवा उनकी चपेट में आकर अपना भविष्य बर्बाद कर रहे हैं। राज्य सरकार ने ऑनलाइन गैम्बलिंग पर अंकुश लगाने के कानून का ड्राफ्ट तैयार नहीं किया है। चीफ जस्टिस की अध्यक्षता वाली युगलपीठ ने विधि एवं विधायी कार्य विभाग के प्रमुख सचिव और गृह विभाग के प्रमुख सचिव को नोटिस जारी कर जवाब मांगा है। जबलपुर निवासी अधिवक्ता राजेन्द्र गुप्ता ने याचिका दायर कर कहा कि सोशल मीडिया में झूठे और मनगढ़ंत विज्ञापन देकर ऑनलाइन जुआ के जरिए कम समय में बहुत अधिक कमाई करने का प्रलोभन देते हैं। इसके जाल में फंस कर युवा अपना पैसा और अपना भविष्य दोनों बर्बाद कर रहे हैं। युवा अपने माता-पिता के परिश्रम का पैसा खर्च कर रहे हैं और इस जुए के कारण वे कर्ज के दलदल में फंसते जा रहे हैं। जब वे कर्ज से बाहर नहीं निकल पाते हैं तो कई मामलों में उनकी जान भी चली जाती है। याचिका में मांग की गई कि राज्य सरकार इस पर अंकुश लगाने जरूरी व सख्त कानून बनाया जाये। मामले की सुनवाई पश्चात न्यायालय ने अनावेदकों को नोटिस जारी कर जवाब पेश करने के निर्देश दिये है।

### चेक बाउंस पर सजा व जुर्माना

**जबलपुर,देशबन्धु।** प्रथम श्रेणी न्यायिक दंडाधिकारी डॉ. गौरव गर्ग की अदालत ने चेक बाउंस के आरोपी शहपुरा निवासी सुनील कुमार का दोषी करार दिया है। अदालत ने आरोपी को तीन माह की सजा व पांच लाख अठारह हजार रुपये का जुर्माना लगाया है। दरअसल यह परिवाद विनीत मिश्रा की ओर से दायर किया गया था। जिनकी ओर से अधिवक्ता विपुल सारस्वत ने पक्ष रखा। उन्होंने दलील दी कि आरोपी ने कर्ज की अदायगी के लिए चेक दिया था। वह चेक बैंक में जमा करने पर खाते में अपर्याप्त राशि होने के कारण बाउंस हो गया। जिसके बाद सूचना पत्र दिया गया। इसके बावजूद 15 दिन के भीतर कोई कदम नहीं उठाया। इसीलिए परिवाद दायर किया गया। पूरे मामले का अवलोकन करने के बाद अदालत ने उक्त सजा सुनाई।

### वक्फ बोर्ड पट्टे में प्रदान कर सकता भूमि
### हाईकोर्ट ने खारिज की याचिका

**जबलपुर,देशबन्धु।** वक्फ बोर्ड की कृषि भूमि पट्टे में देने के लिए बुलाई गयी नीलामी प्रक्रिया को चुनौती देते हुए हाईकोर्ट में याचिका दायर की गयी थी। हाईकोर्ट के विवेक अग्रवाल व विवेक जैन की युगलपीठ ने याचिका को खारिज करते हुए अपने आदेश में कहा है कि बोर्ड के अधिकार पर रोक नहीं लगाई जा सकती है।

अमीर आजाद अंसारी सहित अन्य की तरफ से दायर याचिका में मध्य प्रदेश वक्फ बोर्ड भोपाल द्वारा वक्फ कृषि भूमि के पट्टे-अधिकारों की नीलामी के आदेश को चुनौती दी गयी थी। याचिका में कहा गया था कि नोटिस मुख्य कार्यकारी अधिकारी के हस्ताक्षर से जारी किया गया। जो पूर्णकालिक सीईओ नहीं है और उनके द्वारा इस प्रकार का नोटिस जारी करना वक्फ अधिनियम, 1995 की धारा 23 का उल्लंघन है। धार्मिक न्यास और धर्मस्व विभाग द्वारा जारी परिपत्र के अनुसार नीलामी केवल मुतवल्ली द्वारा की जा सकती है।

युगलपीठ ने अपने आदेश में कहा है कि डॉ. फरजाना ??ल, प्रोफेसर (उर्दू) शासकीय हमीदिया कला एवं वाणिज्य महाविद्यालय भोपाल को प्रतिनियुक्ति पर उच्च शिक्षा विभाग से पिछ?? वर्ग एवं अल्पसंख्यक कल्याण विभाग में पदस्थ किया गया है। इसके बाद उन्हें बोर्ड के सीईओ का दायित्व दिया गया है। अस्थायी षब्द को कुछ समय के परिप्रेक्ष्य में प?ा जाता है। इसका अर्थ प्रतिनियुक्ति की अवधि होता है, जिसका कार्यकाल तीन साल का रहता है। डॉ. फरजाना ??ल एक मुस्लिम होने के साथ-साथ एक राजपत्रित अधिकारी भी हैं, जो राज्य सरकार के उप सचिव के पद के बराबर है। प्रतिनियुक्ति के कारण उन्हें पूर्णकालिक सीईओ नहीं कहा जा सकता है। वक्फ संपत्ति पट्टा नियम, 2014 द्वारा प्रतिस्थापित किया गया है। 2014 के नियम 4 में स्पष्ट रूप से प्रावधान है कि एक मुतवल्ली या बोर्ड वक्फ संपत्तियों को पट्टे पर दे सकता है। मुतवल्ली के अनन्य डोमेन को मुतवल्ली या बोर्ड से बदल दिया गया है। बोर्ड द्वारा अधिकार के प्रयोग पर कोई रोक नहीं लगाई जा सकती है। युगलपीठ ने याचिका आधारहीन मानते हुए उसे खारिज कर दिया।



## अच्छे टर्नआउट वालों को किया पुरस्कृत

**जबलपुर,देशबन्धु।** पुलिस विभाग में अनुशासन बनाये रखने के लिये परेड का महत्वपूर्ण योगदान है। पुलिस अधीक्षक संपत उपाध्याय द्वारा शुक्रवार को पुलिस लाईन्स स्थित परेड ग्राउंड जनरल परेड का निरीक्षण किया गया। इस दौरान उन्होंने अच्छे टर्नआउट वाले अधिकारी व कर्मचारियों को पुरस्कृत किया गया।

जनरल परेड पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शहर आनंद कलादगी, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक समर वर्मा, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) सूर्यकांत शर्मा सहित जिले में पदस्थ समस्त राजपत्रित अधिकारी एवं थाना प्रभारी सहित 130 अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित थे।

## पिता-पुत्र द्वारा मारपीट करने से हुई थी युवक की मौत

### पुलिस ने हत्या का प्रकरण दर्ज कर आरोपियों को किया गिरफ्तार



**जबलपुर,देशबन्धु।** शहपुरा थानांतर्गत ग्राम छपरट में विगत दिनों देवी सिंह की मारपीट में आई चोटों पर हुई मौत के मामले में पुलिस ने मर्ग जांच में हत्या का प्रकरण दर्ज किया है। वारदात को अंजाम देने वाले आरोपी पिता-पुत्र को पुलिस ने हिरासत में ले लिया है। दरअसल मृतक और आरोपी साथ में शराब पी रहे थे, उसी दौरान उनके बीच विवाद हो गया था। जिसके बाद महेश चौधरी ने अपने बेटे सोनू चौधरी के साथ मिलकर मृतक देवी चौधरी पर डण्डे से हमला कर दिया था, जिससे उसे गंभीर चोटे आई थी।

पुलिस अधिकारियों ने बताया कि विगत 26 मई की रात करीब पौने नौ बजे मृतक देवी प्रसाद का पिता मुकुन्दीलाल चौधरी अपने घर में महेश चौधरी के साथ बैठकर शराब पी रहा था। उसी समय देवी चौधरी का महेश चौधरी से पुराने विवाद पर झग?ा हो गया। महेश का बेटा सोनू चौधरी भी मौके पर पहुंच गया। जिसके बाद महेश व सोनू ने एक राय होकर देवी प्रसाद चौधरी से मारपीट करते हुए डंडे से हमला कर दिया, जिससे देवी के सिर पर गंभीर चोट आ गई। जिसके बाद देवी का पिता मुकुन्दी उसे लेकर रिपोर्ट करने थाने जाने लगा। जिसे आरोपी महेश व सोनू ने यह कहते हुए रास्ते में रोक लिया कि वह पूरा इलाज करा देंगे। दो दिन बाद 28 मई को देवी प्रसाद चौधरी का स्वास्थ्य खराब होने लगा, जिसे परिजन उपचार के लिये अस्पताल लेकर पहुंचे। जहां डाक्टर ने देवी प्रसाद चौधरी उम्र 20 वर्ष को मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने मामले में हत्या की धाराएं ब?ाते हुए आरोपी महेश चौधरी व सोनू चौधरी को हिरासत में लिया है।

# हाई सिक्योरिटी रजिस्ट्रेशन प्लेट नहीं होने पर होगी कार्यवाही

## नो पार्किंग एरिया में वाहन खड़े करने पर काटे जाएंगे चालान





**जबलपुर,देशबन्धु।** शहर का यातायात सुगम व सुरक्षित बनाने के लिए यातायात पुलिस द्वारा 2 जून से विशेष अभियान चलाया जायेगा। इस अभियान के तहत हाई सिक्योरिटी रजिस्ट्रेशन प्लेट नहीं होने पर होगी कार्यवाही की जायेगी। इसके अलावा नो-पार्किंग एरिया में वाहन खडे करने वालों के खिलाफ भी कार्यवाही की जायेगी।

अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्रीमती सोनाली दुबे के नेतृत्व में विशेष अभियान के तहत यातायात पुलिस द्वारा ऐसे आटो वाहन जिनका 15 वर्ष पूर्ण होने पर आर.टी.ओ. द्वारा रजिस्ट्रेशन समाप्त हो चुका है किंतु वर्तमान में शहर में संचालित होने से नगर की सड़कों पर अतिरिक्त भार हो गया है, यातायात व्यवस्था पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है, ऐसे 50 आटो वाहन जप्त किये गये है। अपराधियों द्वारा बिना नम्बर के वाहन का उपयोग कर वारदात की जाती है। इसके साथ ही कई लोग वाहनों में जानबूझ कर या शौकिया तौर पर नम्बर नहीं डलवाते है। जिसे दृष्टीगत रखते हुय पुलिस अधीक्षक सम्पत उपाध्याय द्वारा समस्त थाना प्रभारी एवं राजपत्रित अधिकारियों को विशेष अभियान चलाकर अमानक नम्बर वाले वाहन चालकों के विरूद्ध कार्यवाही किये जाने हेतु आदेशित किया गया। आदेश के परिपालन मे 2 जून सोमवार से विशेष अभियान अभियान चलाते हुए अमानक नम्बर वाले वाहन चालकों के विरूद्ध कार्यवाही की जायेगी।

सड़कों पर वाहनो के खडे होने से एवं सड़को के किनारे होने वाले आयोजनों से यातायात बाधित होता है, जाम की स्थिति निर्मित होती है जिससे आमजन को परेशानी उठानी पडती है, ऐसे वाहनों के विरूद्ध एवं बिना अनुमति आयोजन करने एवं यातायात बाधित करने वालों के विरूद्ध वैधानिक कार्यवाही की जायेगी।

संस्कारधानी वासियों से अपील है आगामी 2 दिनों के अंदर हाई सिक्योरिटी रजिस्ट्रेशन प्लेट (एच.एस.आर.पी) लगवा लें। सड़कों पर बेतरतीब वाहन खड़ा कर यातायात को बाधित नहीं करें। वाहन हमेशा निर्धारित स्थान पर सुव्यवस्थित पार्क करें ताकि यातायात सुचारू रूप से चलता रहे।

## कट्टा-कारतूस लेकर घूम रहा बदमाश पकड़ाया

**जबलपुर,देशबन्धु।** माढ़ोताल पुलिस ने पाटन बायपास के एक ढाबे के पास से एक बदमाश को कट्टा-कारतूस के साथ दबोचा है। पुलिस ने आरोपी विश्वकर्मा कालोनी निवासी 22 वर्षीय सरल उर्फ बंटू पिता वशिष्ठ राम मिश्रा के पास से एक कट्टा व एक कारतूस बरामद किया है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ आर्म्स एक्ट के तहत कार्यवाही करते हुए कट्टा-कारतूस के संबंध में पूछताछ शुरु कर दी है।

## बाइक चलाने के बहाने ले जाकर कर दी खुर्दबुर्द

**जबलपुर,देशबन्धु।** रांझी थाना क्षेत्र में जेपी मेमोरियल के पास रहने वाले गोलू यादव से उसके परिचित के सुधीर ने विगत 4 मई को उसकी मोटर साइकिल चलाने के लिये मांगी और उसके बाद बाइक वापस नहीं की। पुलिस को पीड़ित गोलू ने बतायसा कि मढ़ई कलारी के समीप रहने वाला सुधीर 4 मई को उसकी मोटर साइकिल क्रमांक एमपी 20 एनएल-2996 चलाने के लिये ले गया था, उसके बाद से उसकी मोटर साइकिल वापस नहीं कर रहा है। उसे शंका है कि सुधीर ने उसकी बाईक बेच दी है या फिर कहीं गिरवी रख दी है। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने अमानत में ख्यानत का मामला दर्ज कर उसे विवेचना में लिया है।

## जबरन रूपयों की मांग कर तोड़फोड़ करने वाला एक आरोपी गिरफ्तार

**जबलपुर,देशबन्धु।** थाना गोसलपुर में आज दिनॉक 30-5-25 को महेन्द्र सिंह उम्र 40 वर्ष ने शिकायत की कि वह फतेहपुर उ.प्र. का रहने वाल गोसलपुर स्थित शराब दुकान मे सेल्समैन का काम करता है। दिनॉक 29-5-25 की रात 11-30 बजे दुकान बंद कर दिया था तभी एक कार से छोटू उर्फ भूपेन्द्र सिंह राजपूत, चिक्की उर्फ भूपेन्द्र सिंह, शंहशाह अपने अन्य 2 साथियो के साथ आये और गालीगलौज कर कहने लगे यहाँ दुकान चलाना है तो हमें 50 हजार रूपये महीना एवं प्रतिदिन 2 बॉटल शराब देनी होगी उसने मना किया तो तोडफोड कर जान से मारने की धमकी देते हुये भाग गये। शिकायत पर धारा 296, 119(1), 351(2),324(4),191(2) बीएनएस का अपराध पंजीबद्ध कर आरोपी छोटू उर्फ भूपेन्द्र सिंह राजपूत उम्र 29 वर्ष निवासी गोसलपुर को अभिरक्षा मे लेते हुये शेष की तलाश जारी है।

# चार सटोरिये पुलिस के हत्थे चढ़े

## क्राईम ब्रांच और कुंडम पुलिस की कार्यवाही



**जबलपुर,देशबन्धु।** क्राइम ब्रांच की टीम ने कुंडम पुलिस के साथ संयुक्त कार्यवाही करते हुए चार सटोरियों को सट्टा पट्टी लिखते हुए रंगे हाथ दबोचा है। जिनके पास से पुलिस ने सट्टा पट्टी व अठारह हजार 785 रुपये की नकदी जब्त की है। पुलिस ने चारों आरोपियों के खिलाफ सट्टा एक्ट के तहत कार्यवाही की।

पुलिस अधिकारियों ने बताया कि क्राईम ब्रांच की सूचना पर कुण्डम बस स्टैण्ड के समीप पुलिस ने दबिश दी। जहां से ओमकार यादव उम्र 40 वर्ष निवासी करनपुरा कुण्डम, सत्यम कुशवाहा उम्र 26 वर्ष, देवेन्द्र साहू उम्र 24 वर्ष, राहुल शिवहरे उम्र 39 वर्ष तीनों निवासी कुण्डम को सट्टा लिखते हुये रंगे हाथ पक?ा गया। जिनके कब्जे से नगद 18 हजार 785 रूपये एवं सट्टा पट्टी जप्त करते हुये सभी के सभी के खिलाफ सट्टा एक्ट के तहत कार्यवाही की गई।

# बांग्लादेशी युवक को वापस भेजने किया जायेगा पत्राचार

## संदिग्ध गतिविधियों ने नहीं पाया गया लिप्त

**जबलपुर,देशबन्धु।** डुमना एयरपोर्ट कैम्पस में मिला बांग्लादेशी युवक संदिग्ध गतिविधियों में लिप्त नहीं पाया गया है। युवक को वापस भेजने के लिए बांग्लादेश सरकार से पत्राचार किया जायेगा।

गौरतलब है कि डुमना एयरपोर्ट कैम्पस में मंगलवार को केंद्रीय सुरक्षा बल ने संदिग्ध अवस्था में घूम रहे युवक को अभिरक्षा में लेते हुए पुलिस के सुपुर्द किया था। पुलिस तथा सुरक्षा एजेंसियों के द्वारा युवक से पूछताछ की गयी थी। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक आनंद कलादगी ने बताया कि संदिग्ध दस्तावेज मिलने पर एफआईआर दर्ज करने का प्रावधान है। युवक के पास ऐसे कोई दस्तावेज नहीं मिले है। युवक बांग्लादेश से पैदल जबलपुर पहुंचा,यह संभव नहीं है। युवक को वापस भेजने के लिए पत्राचार किया जा रहा है।



खमरिया थाना प्रभारी सरोजिनी टोप्पो ने बताया कि युवक मानसिक रूप से कमजोर प्रतीक हो रहा है। पूछताछ करने पर उसने बताया कि वह बांग्लादेश से पैदल आया है। उसका नाम नाम रहमत अली है और उसके घर मे माता-पिता के अलावा बहन है। वह बांग्लादेश में फूल बेचने की दुकान लगाता है। वह सिर्फ बांग्लादेशी भाषा ही जानता है। पूछताछ के लिए ट्रांसलेटर को बुलाया गया था। युवक बोलचाल में हकलाता है और खुद को कोलकाता में होने बता रहा है। उसका कहना है कि वह बांग्लादेश से पैदल पहुंचा है। वह कितने दिन पहले निकला था,इस संबंध में कुछ बता पाने में असमर्थ है। पूछताछ में कुछ संदिग्ध नहीं पाये जाने का प्रतिवेदन वरिष्ठ अधिकारियों को भेज दिया गया है।

## अत्याधुनिक फोटे तकनीक से सबस्टेशनों में आटोमेशन और टेलीप्रोटेक्शन को मिलेगी नई मजबूती

**जबलपुर,देशबन्धु।** देश की अग्रणी विद्युत ट्रांसमिशन कंपनियों में से एक एम.पी. पावर ट्रांसमिशन कंपनी (एम.पी. ट्रांसको) ने एक और तकनीकी नवाचार करते हुए अपने एक्स्ट्रा हाई सबस्टेशनों में फाइबर ऑप्टिक टर्मिनल उपकरण (फोटे) तकनीक को स्थापित कर उसका उपयोग प्रारंभ कर दिया है। यह तकनीक चरणबद्ध तरीके से विभिन्न सबस्टेशनों में लागू की जा रही है। ट्रांसमिशन एलीमेंट्स की सुरक्षा, संचार और निगरानी व्यवस्था को अधिक आधुनिक, तेज और विश्वसनीय बनाने की दिशा में यह एक महत्वपूर्ण पहल है।

ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने बताया कि इस महत्वाकांक्षी प्रोजेक्ट को प्रदेश में तीन जोन बनाकर पूरा किया जा रहा है। यह तकनीक अति उच्च-दाब सबस्टेशनों एवं एम.पी. ट्रांसको से जुड़े जनरेशन सबस्टेशनों में लागू की गई है। श्री तोमर ने इस सफलता के लिए बधाई दी है।

**रियल टाइम मॉनिटरिंग हुई आसान**

एम पी ट्रांसको में इस प्रोजेक्ट की प्लानिंग और टेंडरिंग प्रक्रिया में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले अधीक्षण अभियंता श्री मनीष खरे ने बताया कि फोटे एक अत्याधुनिक ऑप्टोइलेक्ट्रॉनिक उपकरण है, जिसका उपयोग फाइबर ऑप्टिक नेटवर्क, उपकरणों और प्रणालियों के आटोमेशन, टेलीप्रोटेक्शन और ट्रांसमिशन एलिमेंट्स की निगरानी के लिए किया जाता है, इस तकनीक की मदद से सबस्टेशनों में लगे ट्रांसफॉर्मर्स और अन्य महत्वपूर्ण उपकरणों की निगरानी रियल टाइम में संभव हो सकेगी। भविष्य में इस प्रणाली से प्रोटेक्शन रिले की सेटिंग व फॉल्ट रिपोर्ट भी सेन्ट्रलाइज भी की जा सकेगी। प्रदेश के ट्रांसमिशन सिस्टम में ओ.पी.जी.डब्ल्यू (ऑप्टिकल ग्राउंड वायर) के माध्यम से फाइबर ऑप्टिक ट्रांसमिशन इक्विपमेंट (फोटे) का सफलतापूर्वक क्रियान्वयन किया गया है। ट्रांसको का डेडिकेटेड कम्युनिकेशन सिस्टम होने के कारण इस तकनीक से एम.पी. ट्रांसको प्रणाली के संचालन में रियल टाइम डेटा संप्रेषण, बेहतर निगरानी, तेज संचार और सायबर खतरों से उच्च सुरक्षा संभव हो सकी है।

# युवक को नग्न कर उतारा मौत के घाट



पाटन क्षेत्र की घटना, हाथ में गुदे टैटू से शिनाख्त पर जुटी पुलिस

**जबलपुर,देशबन्धु।** पाटन थान से कुछ दूरी पर बस स्टैण्ड के समीप एक मैदान पर युवक की नग्न हालत में लाश मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। युवक के सिर पर चेहरे में चोट के निषान थे।

सम्भवता युवक पर किसी नुकीली चीज से हमला कर उकसी हत्या की गयी है। मृतक के हाथ में दीपक लिखा हुआ है, सीने पर बने टैटू में मर्द लिखा हुआ है। इसके अलावा कलाई में भी टैटू बना हुआ है। पुलिस ने लाष को पंचनामा कार्यवाही के बाद पोस्टमार्टम के लिए भिजवाकर षिनाख्ती के प्रयास प्रारंभ कर दिये है।

पाटन एसडीओपी लोकेष डाबर से प्राप्त जानकारी अनुसार पाटन बस स्टैंड के पास सुबह के समय घूमने के दौरान स्थानीय लोग ले मैदान में एक नग्न युवक को पडा देखा। लोगों ने पास जाकर देखा तो युवक के चेहरे व सिर में चोट के निशान थे और उसकी मौत हो गयी थी। घटना के संबंध में लोगों ने तत्काल पुलिस को सूचित किया। मृतक की आयु लगभग 25 से 30 साल के बीच है। वह विगत कुछ दिनों से क्षेत्र में घूम रहा था और उसकी मानसिक स्थिति ठीक नहीं थी। मृतक के सिर व चेहरे में नुकीली चीज से चोटों के निशान थे और शव के पास शराब की खाली बोतल पड़ी हुई थी। संभवता शराबखोरी में विवाद के दौरान युवक की हत्या की गयी है। मृतक के शरीर में बने टैटू के आधार पर उसकी शिनाख्त के प्रयास जारी है। पुलिस ने शिनाख्त के लिए मृतक की फोटो सीमावर्ती जिलों की पुलिस को भिजवा दी है। पुलिस ने मर्ग कायम कर प्रकरण को विवेचना में लिया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर विधिवत प्रकरण दर्ज किया जायेगा।

## शराब पीने के लिये रुपये की मांग कर मारपीट

**जबलपुर,देशबन्धु।** थाना गोराबाजार में विगत दिवस श्रीमति सम्पत बाई पटेल वर्ष निवासी टेमरभीटा इमली मोहल्ला ने रिपोर्ट दर्ज करायी कि आज सुबह 8 बजे नाति विजय पटेल आया और उससे शराब पीने के लिये 500 रूपये मांगने लगा उसने रूपये देने से मना किया तो गालीगलौज गला दबाने लगा तथा धक्का देकर गिरा दिया वह हाथ मरोड दिया चिल्लाने पर घर के लोग आ गये तो जान से खत्म करने की धमकी देते हुये भाग गया उसे गले, कमर व हाथ मे चोट आ गयी है। रिपोर्ट पर धारा 296, 119(1), 351(2) बीएनएस का अपराध पंजीबद्ध कर आरोपी विवेचना में लिया गया।

# शिक्षा विभाग में अंधेरगर्दी, 18 माह से लटके हैं समयमान वेतन प्रकरण

## कमेटी बैठक भी बे-नतीजा, शासन आदेश का नहीं मिल पा रहा कर्मचारियों को लाभ

**गांधीग्राम, देशबन्धु।** मप्र राज्य कर्मचारी संघ के जिला अध्यक्ष अटल उपाध्याय ने बताया है कि शिक्षा विभाग में 18 माह से करीबन 50 कर्मचारियों के समयमान वेतन प्रकरण लंबित पड़े है। शासन के आदेश के पश्चात 10, 20, 30 एवं 35 वर्ष की शासकीय सेवा पूर्ण कर चुके कर्मचारियों को समय मान वेतन का लाभ देना है, परंतु विभाग के जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा संयुक्त संचालक कार्यालय में प्रस्ताव ही नहीं भेज जा रहे है।

इस लिए समिति सदस्य निर्णय नहीं ले पा रहे हैं। आज मध्य प्रदेश राज्य कर्मचारी संघ के मांग पत्र पर चर्चा करते हुए संयुक्त संचालक प्राचीश जैन ने भी स्वीकार किया कि अनेक स्मरण पत्र के पश्चात भी सचिव द्वारा प्रस्ताव प्रेषित नहीं किए जा रहे है। शिक्षा विभाग में अंधेरगर्दी यह है कि 18 माह से समिति सचिव जिला शिक्षा अधिकारी के द्वारा समस्त सदस्यों के हस्ताक्षर पश्चात प्रस्ताव प्रेषित ना किए जाने के कारण समयमान वेतन प्रकरण लटके हुए है।

आज 30 मई को भी कमेटी की बैठक में निराकरण नहीं हो पाया, अधिकारियों की अदूरदर्शिता के कारण शासन के आदेश का लाभ कर्मचारियो को नहीं मिल पा रहा है। समयमान वेतन समिति में डाइड प्राचार्य,शासकीय शाला सालीवाडा प्राचार्य,सचिव जिला शिक्षा अधिकारी नियुक्त है। मध्य प्रदेश राज्य कर्मचारी संघ के जिला अध्यक्ष अटल उपाध्याय, सचिव देवेंद्र पचौरी, कोषाध्यक्ष आलोक अग्निहोत्री, बृजेश मिश्रा,वीरेंद्र चंदेल, एस पी, बाथरे, नरेश शुक्ला, प्रशांत सोधिया, सुनील पचौरी, परशुराम तिवारी, महेंद्र ठाकुर, अर्जुन सोमवंशी, अरुण द्विवेदी दद्दू, जी पी बागरी, जी पी द्विवेदी, शैलेश गौतम, अरुण पटेल,ने शिक्षा विभाग के अधिकारियों द्वारा शासन के आदेश का पालन ना करने की कड़ी निंदा करते हुए 7 दिवस के अंदर सभी पात्र कर्मचारियों को समयमान वेतन का लाभ देने की मांग की है।

## जबलपुर दर्पण ला रहा है चिकित्सकों की डायरेक्टरी

**पाटन, देशबन्धु।** डॉक्टर डे के अवसर पर जबलपुर दर्पण समाचार के द्वारा एक विशेषांक प्रकाशित किया जा रहा है, जिसमें नगर के सभी प्रतिष्ठित डॉक्टरों की जानकारी एकत्र की जाएगी। इस विशेष डायरेक्टरी में चिकित्सकों के नाम, क्लीनिक/अस्पताल के पते तथा संपर्क सूत्र सम्मिलित रहेंगे।

इस पहल का उद्देश्य शहरवासियों को एक ही स्थान पर समस्त डॉक्टरों की जानकारी उपलब्ध कराना है,जिससे आमजन को उचित समय पर उचित चिकित्सकीय सहायता प्राप्त हो सके। विशेषांक शीघ्र ही जबलपुर दर्पण समाचार पत्र के साथ प्रकाशित किया जाएगा। यह प्रयास न केवल आमजन को सुविधा प्रदान करेगा,बल्कि डॉक्टर समुदाय के समर्पण व सेवाभाव को भी सम्मानित करेगा।

# युवती से मिलने आए बैतूल के युवक की मौत

## होटल दर्पण में सन्देहास्पद घटना, जांच कर रही पुलिस

**कटनी, देशबन्धु।** कुठला थाना अंतर्गत स्थित होटल दर्पण लॉज में युवती से मिलने आए एक युवक की लगभग 1.30 बजे संदिग्ध हालत में मौत हो गई। युवक की शिनाख्त पवन कुमार गुप्ता पिता भगवती प्रसाद गुप्ता 30 वर्ष थाना चीचौली, बाजार चौक बैतूल के रूप हुई हैं। युवक सुबह 11.00 बजे कटनी के होटल दर्पण लॉज पहुंचा, जिसके बाद कटनी जालपा वार्ड निवासी युवती नीतू पहरिया युवक से मिलने 1.00 बजे पहुंची।



महिला ने पुलिस को बताया कि लगभग आधे घंटे बाद युवक एकाएक अचेत हो गया जिसे इलाज के लिए पहले निजी चिकित्सालय ले जाया गया जिसके बाद मामला संदिग्ध होने पर उसे शासकीय जिला चिकित्सालय भेजा गया जहां पर परीक्षण के उपरांत युवक को मृत घोषित कर दिया गया। घटना की जानकारी पुलिस को दी गई जिसके बाद मामले की गंभीरता से जांच की जा रही हैं। युवती से प्राप्त जानकारी के अनुसार दोनों की पहचान डेढ़ वर्ष पूर्व सोशल मिडिया पर हुई थी जिसके बाद दोनों एक दूसरे से बातचीत करके मिलते रहें। आज भी युवक महिला से मिलने पंहुचा था, और कल पचमढ़ी जाने वाले थे लेकिन युवक की मौत हो गईं। आशंका है कि होटल मे मिलने पहुंची महिला और युवक के बीच प्रेम संबंध रहा था। वहीं युवक की मौत किन परिस्थितियों मे हुई उसकी पूरी जांच पुलिस द्वारा की जा रही हैं। जांच के आधार पर आगे की कार्यवाही की जाएगी।

## सार-समाचार

### त्याग, समर्पण और दान की प्रतिमूर्ति थे भगवत प्रसाद गुरु

**पाटन, देशबन्धु।** पाटन विधानसभा क्षेत्र सर्वाधिक लोकप्रिय जननेता पूर्व विधायक पं. भगवत प्रसाद गुरु इस संसार से अलविदा हो गए। त्याग समर्पण दान और अपनी दयालुता धर्मनिष्ठ समाजसेवी के रूप में आपकी विशिष्ट पहचान रही। आपने अपने जीवन में हमेशा आगे बढ़कर लोगों के पैरोकार के लिए काम किए। श्री 1008 भगवान श्री लक्ष्मी नारायण की विशेष कृपा आपके ऊपर हमेशा बनी रही। एक कुशल और अच्छे राजनेता के रूप में कांग्रेस पार्टी में जनसेवा के रूप में आप आगे बढ़कर सेवा करते रहे। गरीब परिवारो के लिए हमेशा तत्पर रहने वाले स्व. गुरुजी लोगों के दिलों पर हमेशा राज करते रहे। देश प्रदेश एवं संस्कारधानी में आपकी विशिष्ट पहचान एक अच्छे कुशल राजनेता के रूप में जानी जाती है। पं. शिव प्रसाद गुरु की इकलौती संतान होने के कारण आपके परिवार में विशेष लाड प्यार मिला और अपने परिवार का सुयश बढ़ाने के लिए हमेशा प्रयासरत रहे आपकी निधन पर इस तहसील की अपूर्णयक्षति के साथ राजनीतिक शून्यता भी आई। पाटन नगर का पूरा एक स्थान गुरु मोहल्ला के नाम से विख्यात है। उनकी यशस्वी संताने आज भी अपने पूर्वजों की संपत्ति को बाकायदा संवर्धन एवं संरक्षण करते हैं। नगर के अधिकांश शासकीय विभाग इनकी दी हुई जमीन पर कार्यरत हैं। आप अपने पीछे एक भरा पूरा परिवार छोड़कर चले गए किंतु आज भी उनका नाम इस तहसील में अजर अमर है। उनकी पुण्यतिथि पर समूचा समाज नतमस्तक है। उनकी दिवंगत आत्मा को शांति प्राप्त हो उनके प्रति हम सभी भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित करते हैं।



### विकास खंडेलवाल ने किया 102वां रक्तदान



**जबलपुर, देशबनधु।** विकास खंडेलवाल ने शुक्रवार को अपना 102वां रक्तदान सैनिक गोकुल प्रसाद पटेल के लिए किया। यह रक्तदान राष्ट्रीय हिंदी पत्रकारिता दिवस एवं रचनात्मकता दिवस के उपलक्ष में किया गया।

### कांग्रेस की जय हिंद सभा आज

**पाटन, देशबन्धु।** प्रदेश इकाई के आवाहन पर 31 मई को जबलपुर में जय हिंद सभा रैली का भव्य आयोजन किया जा रहा है। बताया जा रहा है कि इस रैली में पूर्व मुख्यमंत्री कमल नाथ एवं छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल सहित अन्य नेता शामिल होने वाले हैं। जिले के शहर एवं ग्रामीण इलाकों से बड़ी संख्या में नेता कार्यकर्ता एवं कांग्रेश समर्पित लोग उस सभी में पहुंचने वाले है। पाटन विधान के वरिष्ठ कांग्रेस नेता ठा.विक्रम सिंह ने बताया कि मोदी की सभा के जवाब में कांग्रेस आज जय हिंद सभा करने वाली है जिसमें पूर्व मुख्यमंत्री कमल नाथ और छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल सहित पार्टी के अन्य नेता रैली को संबोधित करेंगे।

### विक्की शर्मा का निधन

**पनागर, देशबन्धु।** गुरुनानक वार्ड बम्हनौदा निवासी विक्की शर्मा का 38 वर्ष की आयु में निधन हो गया आप स्व. किशन लाल शर्मा के सुपुत्र, निक्की शर्मा के बड़े भाई थे। अंतिम संस्कार बम्हनौदा रोड स्थित शमशान घाट गुरुनानक वार्ड पनागर में किया गया।



### बुद्धलाल बिरहा का निधन



**गांधीग्राम, देशबन्धु।** ग्राम नरगंवा मोहारी पनागर निवासी बुद्धलाल बिरहा का 73 वर्ष की आयु में निधन हो गया। अंतिम संस्कार नरगवा मुक्तिधाम में किया गया। आप रामप्रसाद बिरहा के भाई व मुन्नालाल बिरहा, राकेश मुकेश बिरहा के पिता थे।

### तारादेवी जैन का निधन

**पाटन, देशबन्धु।** भाजपा के वरिष्ठ नेता प्रशांत जैन की बड़ी माता तारादेवी जैन का देहावसान 30 मई दिन शुक्रवार को हो गया है। जिनका अंतिम संस्कार आज 31 मई शनिवार को सुबह 9 बजे पाटन मुक्तिधाम में किया जाएगा।



# हाइवा के नीचे आई महिला की मौत

**● भदनपुर टोल प्लाजा में परिजनों ने किया हंगामा**

**सतना, देशबन्धु।** बदेरा थाना अंतर्गत भदनपुर टोल प्लाजा से बेटे के साथ मोटर साइकिल में सवार होकर निकल रही महिला एक हाइवा के नीचे आ गई। हाइवा का पहिया ऊपर चढने से उसकी मौके पर ही मौत हो गई। जबकि मृतका का बेटा बच गया।

घटना के बाद मृतका के परिजनों ने टोल प्लाजा में करीब तीन घंटे हंगामा किया। सूचना पर सीएसपी महेन्द्र सिंह चौहान और प्रशासनिक अधिकारी पहुंचे। सभी ने माहौल को शांत कराने के प्रयास किए।

पता चला है कि उर्मिला पटेल पत्नी रामजी पटेल (47) निवासी श्रीनगर थाना बदेरा की मृत्यु हुई है। वह तबीयत खराब होने पर अपने पुत्र राजू पटेल के



साथ सुबह करीब साढ़े 9 बजे मोटर साईकिल एमपी 19 एमएच 7126 से अस्पताल जा रही थीं। भदनपुर टोल प्लाजा से निकलने के दौरान हाईवा एमपी 19 एचए 7040 अचानक आगे बढ़ते ही टक्कर लगने पर उम्रिला हाइवा के पीछे वाले टायर के नीचे आ गईं। जिससे उनकी मौत हो गई। जबकि राजू बाइक से दूसरी ओर गिरा तो बच गया। यह जानकारी सामने आई है कि टोल में हंगामा शांत करने के लिए 70 हजार रुपए की राशि टोल वाले ने और 50 हजार रुपए की आर्थिक सहायता गाड़ी वाले ने दिया।

## दुकान का कर्मचारी ही निकला चोर

**रीवा देशबन्धु।** जिले की गुढ़ पुलिस ने किराना दुकान में विगत दिनों हुई चोरी का खुलासा कर दिया है। इस मामले में पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार कर चोरी गया लाखों रुपए का सामान भी बरामद कर लिया है।

कार्रवाई को लेकर थाना प्रभारी शैल यादव ने बताया कि यह चोरी दुकान के ही एक कर्मचारी की मिली भगत से हुई थी। गिरफ्तार आरोपियों को न्यायालय के समक्ष पेश किया गया, जहां से उन्हें जेल भेज के वार्ड दिया गया है। गुढ़ निवासी मुकेश कुमार गुप्ता की किराने की दुकान में 23 मई को चोरी की घटना हुई थी। जब दुकान में लगे सीसीटीवी फुटेज खंगाले गए, तो दुकान का कर्मचारी अंश गुप्ता कई बार दुकान के पीछे वाले गेट से बोर में सामग्री नीचे फेंकते हुए दिखाई दिया। पुलिस द्वारा कड़ाई से पूछताछ करने पर अंश गुप्ता ने चोरी करना कबूल कर लिया। अंश ने बताया कि उसने चोरी की गई दुकान की सामग्री रोशनलाल गुप्ता को बेची थी, जिसके बदले उसे 10 हजार रुपए मिले थे। पुलिस ने आरोपी अंश गुप्ता गुढ़ और रोशनलाल गुप्ता निवासी गुढ़ से 20 हजार रुपए नकद और लगभग 80 हजार रुपए की चोरी की सामग्री जब्त की है।

# पाटन टाउन कटंगी मार्ग की 11केवी लाइन का तार टूटा

## विद्युत सप्लाई प्रभावित होने से ग्रामीण परेशान



**पाटन, देशबन्धु।** पाटन टाउन के अंतर्गत आने वाले कटंगी रोड पर स्थित 11 केवी लाइन का तार टूटकर खेत में गिरने का मामला सामने आया है। पार्षद दीपक जैन ने बताया कि मुझे शुक्रवार की सुबह सूचना मिली कि पाटन फीडर के अंतर्गत आने वाले पाटन कटंगी मार्ग पर स्थित 11केवी विद्युत लाइन का तार टूटकर खेत में गिर गया। जिस वजह से विद्युत सप्लाई प्रभावित हुई है एवं चालू लाइन का तार टूटने से स्थानीय किसान एवं राहगीरों भी परेशान हो रहे हैं। सूचना मिलते ही पार्षद ने बिजली विभाग के आला अधिकारियों को इस मामले से अवगत करवाया। सूचना मिलते ही बिजली विभाग ने तत्काल लाइन को बंद कराया एवं विद्युत सप्लाई लाइन सुधार कार्य करने के निर्देश दिए।

# पत्नी की हत्या के आरोप में पति गिरफ्तार

**डिंडोरी, देशबन्धु।** जिले के थाना बजाग अंतर्गत ग्राम खम्हेरा में एक महिला की संदिग्ध परिस्थितियों में हुई मौत के मामले में पुलिस ने उसके पति को गिरफ्तार किया। यह कार्रवाई पुलिस अधीक्षक वाहिनी सिंह के निर्देशन और अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डॉ. अमित वर्मा के मार्गदर्शन में की गई।

जानकारी के अनुसार, सुखलाल धुर्वे निवासी ग्राम बौना को सूचना मिली कि उसकी बहन सुकवती की मृत्यु हो गई है। सूचना मिलने पर वह परिजनों के साथ बहन के ससुराल ग्राम खम्हेरा पहुंचा, जहां सुकवती घर के अंदर मृत अवस्था में पाई गई। पड़ोसियों से पूछताछ के दौरान पता चला कि मृतका का पति फूलचंद धुर्वे उसके चरित्र पर संदेह करता था। इसी बात को लेकर दोनों के बीच अक्सर विवाद और मारपीट होती रहती थी।

प्रथम दृष्टया यह स्पष्ट हुआ कि आरोपी पति ने शक के चलते पत्नी के साथ मारपीट कर उसकी हत्या की है। मामले की गंभीरता को देखते हुए थाना बजाग में तत्काल अपराध क्रमांक दर्ज कर भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 103 के तहत मामला पंजीबद्ध कर जांच प्रारंभ की गई।

एसडीओपी बजाग विवेक कुमार गौतम के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी द्वारा अलग-अलग पुलिस टीमों का गठन किया गया। सघन तलाशी अभियान के दौरान पुलिस को सूचना मिली कि आरोपी गांव छोड़कर जंगल की ओर भाग गया है। त्वरित कार्रवाई करते हुए पुलिस दल ने ग्राम खम्हेरा के जंगल से आरोपी फूलचंद धुर्वे पिता बुधलाल धुर्वे (उम्र 23 वर्ष) को गिरफ्तार कर लिया और आवश्यक वैधानिक कार्रवाई के पश्चात उसे न्यायालय डिण्डौरी में पेश किया गया।

# मरे हुए सडांध मारते मवेशी से मोहल्ला वासी परेशान

**गांधीग्राम, देशबन्धु।** रैपुरा ग्राम पंचायत अंतर्गत शनि मंदिर स्थित कारीवाह रोड पर पिछले दो दिनों से एक गाय मरी पड़ी है जिसे कुत्ते सियार नोचकर खा रहे हैं! जिसकी दुर्गंध से पूरा मोहल्ला परेशान है जबकि उक्त सड़क एन एच 30 से महज 100 फीट की दूरी पर है इसके बाद भी ना तो ग्राम पंचायत और ना ही राष्ट्रीय मार्ग राष्ट्रीय राजमार्ग अथॉरिटी ध्यान दे रही है जिसके कारण ग्राम वासियों एवं आने जाने वाले राहगीरों को उक्त मार्ग से गुजरने में नाक मुंह ढककर निकलना पड़ता है।

ऊपर से बारिश अलग हो रही है ऐसे में कीटाणु जनित संक्रामक बीमारियां फैलने का खतरा और बढ़ गया है। मोहल्ला वासियों के लाख मिन्नतें करने के बाद जब



ग्राम के सरपंच सचिव ने मृत गाय के शव को नहीं फिकवाया तो मोहल्ले के वृद्ध बीमार डॉ विष्णु पटेल ने अपने खर्चे पर उक्त गाय के ऊपर दो डंपर मिट्टी डलवाकर गाय के शव को ढकना चाहा मगर कुत्ते और सियारों ने मिट्टी को अलग करके शव को छत-बिछत कर दिया हैं जिससे उनकी सारी मेहनत बेकार हो गई और दुर्गंध लगातार बढ़ती जा रही है, ऐसे में स्थानीय लोगों का जीना दुभर हो गया है।

विदित हो कि उक्त स्थल के पास ही शनि मंदिर एवं बारात घर है जहां रोजाना सैकड़ो हजारों लोगों का आना-जाना लगा रहता है कारीवाह और एन एच 30 को जोड़ने वाला एकमात्र मार्ग है जिसकी सफाई होना नितांत आवश्यक है। अन्यथा मोहल्ले के लोगों में बीमारियां फैलने का डर है ग्राम वासियों ने शीघ्र मृत गाय के शव को फेंकने की मांग की है।

# आंगनबाड़ी कार्यकर्ता और बेटे की हत्या में मिस्त्री गिरफ्तार

**डिंडोरी, देशबन्धु।** पुलिस ने आंगनबाड़ी कार्यकर्ता और उसके बेटे की हत्या के मामले में राजमिस्त्री को गिरफ्तार कर लिया है। एसपी वाहिनी सिंह ने शुक्रवार को इसकी जानकारी दी। घटना 20 मई की रात करंजिया थाना क्षेत्र के रुसा गांव की है। आरोपी रोशन (32) ने रात साढ़े दस बजे आंगनबाड़ी कार्यकर्ता सरस्वती बाई के घर में प्रवेश किया। सरस्वती छत पर मोबाइल पर अपने भतीजे से बात कर रही थी।

रात 12 बजे आरोपी ने सरस्वती से पूछा कि वह किससे बात कर रही है। इसी बात को लेकर दोनों में विवाद हुआ। आरोपी ने लोहे का रॉड उठाकर सरस्वती पर हमला कर दिया। मां के साथ हो रही घटना को देख रहे बेटे हिमांशु और बेटी परिधि पर भी आरोपी



ने रॉड से हमला किया।

हमले के बाद आरोपी मुंबई भाग गया। अगली सुबह जब घर का दरवाजा नहीं खुला तो पड़ोसियों ने पुलिस को सूचना दी। दरवाजा खोलने पर तीनों लहूलुहान मिले। 10 वर्षीय हिमांशु की मौके पर ही मौत हो चुकी थी।

घायल मां और बेटी को पहले सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र करंजिया, फिर जिला अस्पताल और बाद में जबलपुर मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया। 27 मई को इलाज के दौरान सरस्वती की भी मौत हो गई।

घायल बेटी परिधि ने आरोपी की पहचान की। आरोपी रोशन कोविड काल में सरस्वती के घर निर्माण कार्य के दौरान उनके संपर्क में आया था। सरस्वती के पति शुभकरण की दो साल पहले मौत हो चुकी थी। पुलिस ने आरोपी पर 20 हजार रुपए का इनाम घोषित किया था।

आरोपी को ढूंढ़ने के लिए पुलिस मुंबई तक गई थी, लेकिन वहां नहीं मिला। 29 मई को आरोपी की लोकेशन गाड़ासरई तिराहे पर मिली। पुलिस ने घेराबंदी कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया और न्यायालय में पेश किया है। बालाघाट आईजी ने आरोपी पर 20 हजार का इनाम घोषित किया था। एसपी ने टीम को प्रशंसा पत्र देने की बात कही है।

# घर में लगी आग, गृहस्थी का सामान जलकर खाक

**कुम्हारी, देशबन्धु।** थाना क्षेत्र कुम्हारी से जुड़े हुए गांव कुलुवा में आग लग जाने का घटनाक्रम हुआ है रूप सिंह लोधी के घर में अचानक



शार्ट सर्किट से आग लग जाने के कारण घर गृहस्ती का सामान चलकर खाक हो गया स्थानीय लोगों की मदद से आग को बुझाया गया जब तक बहुत देर हो चुकी थी आवश्यक घरेलू वस्तुओं में पलंग, कूलर, गोदरेज अलमारी,कपड़े आदि शामिल है कुम्हारी थाना पुलिस में रिपोर्ट दर्ज कराई है परिजनों ने जानकारी देते हुए कहा है घर गृहस्ती का सामान जल का खाक हो गया शासन प्रशासन से राहत राशि की गुहार लगाई।

## लापता भारतीयों का पता लगाने के लिए ईरानी अधिकारियों के संपर्क में हैं : विदेश मंत्रालय

**तेहरान/नई दिल्ली( आईएएनएस )।** भारत के विदेश मंत्रालय की तरफ से गुरुवार को कहा गया कि वह ईरान में लापता हुए तीन भारतीय नागरिकों का पता लगाने के लिए तेहरान के अधिकारियों के साथ संपर्क में है। विदेश मंत्रालय (एमईए) के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने नई दिल्ली में साप्ताहिक मीडिया ब्रीफिंग के दौरान कहा, कुछ समय पहले वहां पहुंचे तीन भारतीय नागरिक लापता हैं। हम उनका पता लगाने, उनकी सुरक्षा सुनिश्चित करने और उनकी घर वापसी की सुविधा के लिए ईरानी अधिकारियों के संपर्क में हैं। हम वहां के अधिकारियों के साथ हर रोज संपर्क में हैं और ईरानी पक्ष से अच्छा सहयोग प्राप्त कर रहे हैं। हम लापता लोगों के परिवारों के साथ भी संपर्क में हैं और हर संभव मदद कर रहे हैं। तीनों लापता भारतीय पंजाब के रहने वाले हैं और उनकी पहचान जसपाल सिंह, हुशनप्रीत सिंह और अमृतपाल सिंह के रूप में हुई है। अधिकारियों ने बताया कि वे सभी 1 मई को तेहरान पहुंचने के कुछ ही देर बाद लापता हो गए थे। ईरान में भारतीय दूतावास ने बुधवार को एक बयान में कहा, तीनों भारतीय नागरिकों के परिवार के सदस्यों ने भारतीय दूतावास को सूचित किया है कि उनके रिश्तेदार ईरान की यात्रा करने के बाद से लापता हैं।

# मां अहिल्या से लाड़ली बहनों तक प्रदेश में नारी सशक्तिकरण की स्वर्णिम परम्परा



विशेष आलेख
कैलाश विजयवर्गीय

**सतना, देशबन्धु।** भारत की सांस्कृतिक और आध्यात्मिक धरा पर यदि कोई शहर मां अहिल्या बाई होलकर की करुणा, नीति एवं लोक कल्याण की प्रेरणा से ओतप्रोत है, तो वह है अपना इंदौर। यह वही पावन भूमि है, जहां मां अहिल्या ने धर्म, न्याय तथा सेवा का ऐसा स्वर्णिम अध्याय रचा, जो आज भी शासन, प्रशासन और समाज के लिए पथप्रदर्शक है।

31 मई 2025 को यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कर कमलों से मेट्रो ट्रेन की शुरुआत इंदौर की आत्मा को आधुनिकता के साथ जोड़ने की संकल्पना है। यह कितना सुंदर संयोग है कि इसी दिन रानी कमलापति की नगरी भोपाल के जंबूरी मैदान में 'महिला सशक्तिकरण महासम्मेलन' का आयोजन भी हो रहा है, जिसे प्रधानमंत्री जी स्वयं संबोधित करेंगे। वहीं इस ऐतिहासिक अवसर पर मां शारदा की पावन भूमि सतना तथा मां पीताम्बरा की धरा दतिया को हवाई अड्डे की सौगात मिलेगी। यह सभी कार्यक्रम एक ही धागे से बंधे हैं। यानी विकास और विश्वास, गति और गौरव, परिवहन और परिवर्तन।

### इंदौर में टेम्पों से लेकर अब मेट्रो तक की विकास यात्रा अद्भुत

इंदौर की विकास यात्रा टेम्पो से लेकर आज मेट्रो ट्रेन तक आ पहुंची है। सब कुछ कितनी तेजी से गुजर गया और अपना इंदौर अब मेट्रो शहर बन गया। शहर में मेट्रो की शुरुआत एक सुगम परिवहन सुविधा के साथ संपूर्ण जीवनशैली का परिवर्तन है। यह परियोजना इंदौर की स्वच्छता, अनुशासन और नवाचार की पहचान को नई ऊंचाइयों तक ले जाएगी। मेट्रो का प्रथम चरण यातायात की सुगमता, पर्यावरण संरक्षण और आर्थिक समृद्धि के नए द्वार खोलेगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के दूरदर्शी नेतृत्व में यह परियोजना मध्यप्रदेश को 'स्मार्ट स्टेट' बनाने की दिशा में भी सशक्त कदम है। जैसा कि कहा गया है शास्त्रेषु नगरस्य लक्ष्मणानि सप्त- स्वच्छता, जल व्यवस्था, परिवहन, नागरिक अनुशासन, पर्यावरण, सुरक्षा योजना एवं सांस्कृतिक चेतना। इंदौर मेट्रो इस सप्तम स्तंभ को और सशक्त करेगी। इंदौरवासियों की आकांक्षाओं को पंख देगी। यह 'न्यू अर्बन इंडिया' की जीवंत मिसाल है, जो स्वच्छता के सिरमौर इंदौर को वैश्विक नगरीय गौरव के शिखर पर स्थापित करेगी।

### नारी शक्ति अर्धांगिनी नहीं, समाज के उत्थान की अधिष्ठात्री

हमारी डबल इंजन की सरकार में महिला सशक्तिकरण केवल नीतियों का विषय नहीं, बल्कि सांस्कृतिक चेतना का पुर्नजागरण है। मां अहिल्या बाई होलकर इसकी प्रतीक हैं। उन्होंने राजसिंहासन पर बैठकर धर्म, न्याय तथा लोककल्याण की ऐसी मिसाल कायम की, जो आज भी प्रासंगिक है। उनके द्वारा निर्मित सैकड़ों घाट, समाज के वंचित वर्गों के लिए अन्न क्षेत्र और खुले दरबार न केवल उनके शासन को 'सुराज्य' बनाते थे, बल्कि यह भी दर्शाते कि नारी शक्ति अर्धांगिनी नहीं, समाज के उत्थान की अधिष्ठात्री है। मां अहिल्या का जीवन समाज, संस्कृति और राष्ट्र के लिए समर्पित रहा है। उनका व्यक्तित्व और कृतित्व अनमोल निधि है। उनके कालजयी विचार हर युग में 'बहुजन हिताय, बहुजन सुखाय' का संदेश देते हैं। आज हमारी सरकार इसी ध्येय के साथ जनकल्याण के पथ पर अग्रसर है। प्रदेश में लागू लाड़ली बहना योजना, लाड़ली लक्ष्मी योजना और स्व-सहायता समूहों के माध्यम से आर्थिक सशक्तिकरण जैसे कार्यक्रम उसी परंपरा का आधुनिक स्वरूप हैं। इसी क्रम में मध्यप्रदेश में शहरी क्षेत्र की बहनों के आर्थिक सशक्तिकरण के लिए दीनदयाल जन आजीविका योजना संचालित की जा रही है।

जैसा कि संस्कृत में कहा गया है कि यत्र नार्यस्तु पूज्यन्ते, रमन्ते तत्र देवता: जहां नारी का सम्मान होता है, वहां समृद्धि और शांति का वास होता है। यह हमारी नीति और दृष्टि का मूलमंत्र है। संपूर्ण विश्व ने बहनों के सिंदूर की ताकत अभी हाल ही में देखी है। अब भोपाल में आयोजित होने जा रहा महिला सशक्तिकरण महासम्मेलन भारत की मातृशक्ति को नमन और उनके सामर्थ्य को सशक्त करने का महायज्ञ है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा लागू की गई उज्ज्वला योजना, जनधन खाता, मातृत्व वंदना योजना और बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ जैसे कार्यक्रमों ने करोड़ों बेटियों, बहनों के जीवन को नई दिशा दी है। मध्यप्रदेश में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में महिलाओं को संपत्ति में अधिकार, शिक्षा, रोजगार और सुरक्षा सुनिश्चित करने की दिशा में अभूतपूर्व कार्य हो रहे हैं। यह मां अहिल्या के आदर्शों, न्याय, करुणा एवं शक्ति के संतुलन का साकार रूप है।

### इंदौर में स्वच्छता, संस्कृति और सशक्तिकरण का संगम

मैंने राजनीति में जो सीखा, वह मां अहिल्या की भूमि से सीखा। एक सार्वजनिक सेवक के रूप में, जब विकास की बात आती है तो मेरे मन में केवल एक ही ध्येय होता है। हमारा देश, हमारा प्रदेश, हमारी संस्कृति और हमारा गौरव। मुझे संतोष है कि अपना इंदौर आज सबसे स्वच्छ शहर होने के साथ नारी शक्ति का प्रतीक है।

इसी क्रम में हमने तय किया है कि इंदौर मेट्रो के पहले स्टेशन का नामकरण मां अहिल्या बाई के नाम पर किया जाएगा। अब 31 मई को इंदौर मेट्रो की पहली ट्रेन दौड़ेगी और भोपाल में लाखों बहनें प्रधानमंत्री के प्रेरक विचारों को सुनेंगी, तब यह केवल आयोजन नहीं, बल्कि मध्य प्रदेश के नवयुग का शंखनाद होगा। यह मां अहिल्या के आदर्शों को आधुनिकता के साथ जोड़ने का संकल्प होगा। मैं इंदौर और मध्यप्रदेश की जनता को इस ऐतिहासिक अवसर की हार्दिक शुभकामनाएं देता हूं। यह गर्व का क्षण है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में हम मध्यप्रदेश की धरा को विकास और सम्मान के नए शिखर पर ले जा रहे हैं।

**( लेखक मध्यप्रदेश सरकार में नगरीय विकास एवं आवास तथा संसदीय कार्य मंत्री हैं।)**

## आज का इतिहास

1577– मुगल सम्राट जहांगीर की पत्नी नूरजहां का जन्म।
1725– भारतीय वीरांगना अहिल्याबाई होल्कर का जन्म हुआ।
1727– फ्रांस, ब्रिटेन और नीदरलैंड ने पेरिस संधि पर हस्ताक्षर किए।
1759– अमेरिका के उत्तर पूर्वी प्रांत पेंसिलवेनिया में थियेटर के सभी कार्यक्रमों पर प्रतिबंध लगाया गया।
1774– भारत में पहला डाक सेवा कार्यालय कलकत्ता (अब कोलकाता) में खोला गया।
1867– बंबई (अब मुंबई) में प्रार्थना समाज की स्थापना हुई थी।
1878– जर्मनी का युद्धपोत एसएमएस ग्रोसर करफर्स्ट के डूबने से 284 लोगों की मौत।
1889– अमेरिका के पेंसिलवेनिया स्थित जांसटाउन में भीषण बाढ़ से 2200 से अधिक लोगों की मौत।
1900– लार्ड राबर्टस के नेतृत्व में ब्रिटिश सैनिकों ने जोहान्सबर्ग पर कब्जा किया।

## सुडोकू 6929

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 6 | | 9 | | | | | | 1 |
| 2 | | | 8 | | | | | |
| | | 1 | 5 | | 3 | | | |
| 7 | | | | | 1 | 6 | | 3 |
| | | 2 | | | | 8 | | |
| 1 | | 3 | 2 | | | | | 5 |
| | | | 9 | | 6 | 1 | | |
| | | | | | 4 | | | 9 |
| 5 | | | | | | 7 | | 4 |

**: नियम :**

1. कुल 81 (9×9) वर्ग हैं, जिसमें 9 (3×3) वर्गों का एक खंड (ब्लॉक) बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1 से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते हैं।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कॉलम,कतार और खंड में 1 से 9 अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते हैं।

**हल आज ही के अंक में**

# कौन है वह भारतीय लड़की, जिसने अमेरिका में लगाया फ्री फिलिस्तीन का नारा



**वाशिंगटन।** अमेरिका की मैसाचुसेट्स प्रौद्योगिकी संस्थान में भारतीय छात्रा मेघा वेमुरी ने जिस तरह से फिलिस्तीन के समर्थन में मंच से भाषण दिया है, उसके बाद विवाद काफी तेज हो गया है। मेघा वेमुरी ने इजरायल पर मासूमों की हत्या का आरोप लगाते हुए कहा था कि यूनिवर्सिटी को इजरायल के साथ संबंध खत्म कर लेने चाहिए। वेमुरी ने अपने साथी छात्रों को भी फिलिस्तीनियों के समर्थन में खड़े होने का आह्वान किया।

फिलिस्तीनी समर्थकों की निशानी लाल रंग की किफिया पहने वेमुरी ने कहा, आप लोग दिखा दीजिए कि एमआईटी स्वतंत्र फिलिस्तीन चाहता है। यूनिवर्सिटी के दीक्षांत समारोह के मौके पर भारी भीड़ जमा हुई थी। परिसर में उस समय छात्रों के अलावा उनके परिवार और फैकल्टी मेंबर भी उपस्थित थे।

अमेरिका के कई विश्वविद्यालयों में गाजा में इजरायली हमले को लेकर पहले से ही विवाद की स्थिति बनी हुई है। अमेरिका प्रशासन ने कई छात्रों और छात्राओं पर कार्रवाई भी की है। वेमुरी ने अपनी स्पीच में कहा, किसी से छइपा नहीं है कि पूरे देश के शिक्षण संस्थान अनिश्चितता के माहौल में हैं। उन्होंने कहा कि एमआईटी के इजरायल के साथ रिसर्च लिंक शर्म की बात हैं और यह मानवता के खिलाफ है। वेमुरी ने कहा,एमआईटी के रिसर्च लिंक केवल इजरायली सेना के साथ हैं। इसका मतलब इजरायल गाजा में जो नरसंहार कर रहा है उसका समर्थन यह स्कूल भी कर रहा है। उन्होंने कहा कि एमआईटी की अंडरग्रेजुएट और ग्रेजुएट स्टूडेंट यूनियन ने इजरायल के साथ संबंध तोड़ने के समर्थन में वोट किया है। छात्रों को यूनिवर्सिटी के अधिकारियों की तरफ से ही धमकी दी गई। इसके बाद भी वे दबे नहीं। वेमुरी ने कहा, गाजा में अब कोई भी विश्वविद्यालय नहीं है। इजरायल फिलिस्तीनियों को मिटा देना चाहता है। शर्म की बात है कि एमआईटी भी इसका हिस्सा है।

## वर्ग पहेली 6929

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| १ | | २ | | ३ | ■ | ४ | | ५ | |
| | ■ | | ■ | ६ | | | ■ | | ■ |
| ७ | | | ■ | | ■ | ८ | | | ९ |
| | ■ | | ■ | १० | | | ■ | ■ | |
| ■ | ११ | | १२ | | ■ | ■ | १३ | | |
| ■ | | ■ | | ■ | १४ | | | ■ | |
| १५ | | १६ | | ■ | | ■ | १७ | १८ | |
| | ■ | | ■ | १९ | | २० | ■ | | ■ |
| २१ | | | ■ | | ■ | २२ | | | २३ |
| | ■ | २४ | | | | ■ | ■ | ■ | |

**बायें से दायें:–**
१. खुशामद पसंद
४. छाती, सीना
६. दूध देने या बोझ ढोने के काम आने वाले पालतु पशु (उर्दू)
७. कर्मचारी, नौकर(उर्दू)
८. इंद्र के बगीचे का एक वृक्ष जो जो भी मांगो वह देता है
१०. वह जिसे फैसले के लिए हाकिम के पास पेश किया गया हो(उर्दू)
११. परिमाण, मात्रा,माप तौल (उर्दू)
१३. अच्छा, श्रेष्ठ, उत्तम
१४. बगावत
१५. दुर्दशाग्रस्त (उर्दू)
१७ अकस्मात
१९ व्यर्थ, बेकार(उर्दू)
२१. एक प्रकार का वाद्य यंत्र
२२. मसाले और दवा के काम में आने वाला एक सुगंधित फल (उर्दू)
२४. मुस्तैदी

**ऊपर से नीचे:–**
१. चमड़े का काम करने वाला, मोची
२. फायदेमंद
३. बुद्धिमान (उर्दू)
४. वश में करने वाला
५. रोका हुआ, कुछ समय के लिए बढ़ाया हुआ, ढका या छिपा हुआ
९. धन, दौलत
११. भौंरा, भ्रमर
१२. प्रविष्ट (उर्दू)
१३. विवाद, हुज्जत
१४. शादी
१५. वर्षा
१६. वह गाना जो हास्य प्रधान हो
१८. शपथ (उर्दू)
१९. वह जख्म जो कभी न भरे (उर्दू)
२०. मृत्यु, नियति, भाग्य (उर्दू)
२३. शर्म, हया

## इजरायल और हमास के समझौते में 180 कंकाल और 125 कैदी सौंपने की भी बात, कैसे राजी हुए नेतन्याहू

अमेरिका की ओर से हमास और इजरायल के बीच 60 दिनों के सीजफायर का प्लान तैयार किया गया है। इस प्लान पर इजरायल के पीएम बेंजामिन नेतन्याहू ने भी सहमति जताई है। उनका कहना है कि वह इस समझौते को लेकर विचार कर रहे हैं। इस समझौते के तहत 60 दिनों तक सीजफायर रहेगा। इस दौरान इजरायल की ओर से गाजा को जाने वाली मदद को रोका नहीं जाएगा। इसके अलावा हमास की तरफ से उन 28 इजरायली बंधकों को रिहा किया जाएगा, जो उसकी कैद में हैं। इनमें से कई लोगों की मौत हो गई है। वहीं इजरायल भी 125 फिलिस्तीनी बंधकों को रिहा करेगा। यहां तक कि 180 बंधक ऐसे भी हैं, जिनकी मौत हो चुकी है। इन मृतकों के शवों को भी इजरायल की तरफ से हमास को दिया जाएगा।

सीजफायर के इस प्लान पर अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के अलावा मध्यस्थ देशों मिस्र और कतर की भी सहमति है। वाइट हाउस ने भी गुरुवार को कहा कि इजरायल ने सीजफायर पर सहमति जता दी है। वहीं हमास का कहना है कि हम अभी सीजफायर प्रस्ताव पर विचार कर रहे हैं। हमारा निर्णय शुक्रवार या फिर शनिवार तक सबके सामने होगा। माना जा रहा है कि हमास भी इसके लिए राजी होगा क्योंकि सीजफायर न होने पर गाजा के लिए पहुंचने वाली मदद को भी इजरायल रोके रहेगा। ऐसी स्थिति में हमास नहीं चाहेगा कि सीजफायर न हो। दरअसल गाजा में शांति को लेकर यूरोपीय देश भी दबाव बना रहे हैं। जर्मनी, फ्रांस, ब्रिटेन समेत कई देशों ने इजरायल के खिलाफ पिछले दिनों प्रस्ताव भी पारित किया था।

**ग्रेटा थनबर्ग क्यों आ रही हैं गाजा, एक यूरोपीय सांसद भी साथ–** इसके अलावा 31 देशों के राजनयिक गाजा भी गए थे और इसी दौरान इजरायल की तरफ से फायरिंग की गई थी। इस बीच इजरायल के विरोध में ऐक्टिविस्ट ग्रेटा थनबर्ग भी रविवार को गाजा पहुंच रही हैं।

# पाकिस्तान में भी हिंदू देवी-देवताओं की पूजा करती है यह जनजाति, अनोखी है शादी की परंपरा



**नई दिल्ली।** पाकिस्तान ऐसा देश है जहां अल्पसंख्यकों की जिंदगी बेहद कठिन है। पाकिस्तान में रहने वाले अल्पसंख्यकों पर अत्याचार की घटनाएं दिनों दिन बढ़ रही हैं।

वहीं पाकिस्तान में ही हिंदुकुश की पहाड़ियों में एक ऐसी जनजाति फल फूल रही है जो कि मूर्तिपूजा करती है। हिंदुकुश के पहाड़ों से घिरी घाटियों में कलाश नाम की जनजाति रहती है। इस जनजाति की स्त्रियों के बेहद खूबसूरत माना जाता है। इनकी कुछ परंपराएं अनोखी हैं। वहीं इनकी कई परंपराएं हिंदुओं से मिलती-जुलती हैं।

अफगानिस्तान की सीमा के पास हिंदूकुश पहाड़ों में रहने वाली यह जनजाति बाहरी दुनिया से ज्यादा संपर्क नहीं रखती है। हिंदूकुश पहाड़ को लेकर ऐतिहासिक और पौराणिक मान्यताएं हैं। कहा जाता है कि इस इलाके में जब सिकंदर की जीत हुई तो इसे कौकासोश इंदिकौश के नाम से जाना जाने लगा। यह यूनानी भाषा का शब्द है जिसका अर्थ हिंदुस्तानी पर्वत है। वहीं यह भी कहा जाता है कि कलाश जनजाति का संबंध सिकंदर से है। हालांकि इतिहासकारों का कहना है कि इस जनजाति का अस्तित्व पहले से था। हालांकि यहां सिकंदर के लड़ाकों की वजह से नस्ल में मिलावट जरूरी हुई होगी।

**जनसंख्या है बेहद कम–** पाकिस्तन की जनगणना के मुताबिक इस जनजाति की संख्या 4 हजार के ही करीब है। 2018 में ही पाक सरकार ने इसे अलग जनजाति माना था। कलाश परिवारों में महिलाएं ही घर चलाती हैं। पुरुष शराब के शौकीन होते हैं। स्त्री और पुरुष साथ मिलकर शराब पीते हं। इसके अलावा ये लोग बांसुरी और ड्रम बजाते हैं– **मूर्ति पूजा करते हैं कलाशी**

हिंदूकुश पर्वत में एकांत में रहने की वजह से उन्होंने अपनी संस्कृति बचाकर रखी है। कलाश जनजाति के लोग मुर्तिपूजा में विश्वास करते हैं। वे लोग शिव, इंद्र और यम से मिलते जुलते देवी देवताओं की पूजा करते हैं। हालांकि ये खुद को हिंदू नहीं मानते कलाशी महिलाएं भेड़-बकरियां चलाने का काम करती हैं।

### खुद अपना पति चुनती हैं लड़कियां

कलाश जनजाति में महिलाओं के पास अपना पति चुनने की आजादी रहती है। सालभर में तीन बार इनका खास त्योहार गंजूलिक होता है। इस मौके पर लड़के और लड़कियां इकट्ठी होती हैं। इस दौरान अगर किसी को कोई लड़का पसंद आता है तो वह उसके साथ जा सकती है। वहीं अगर महिला को कोई दूसरा पुरुष भी पसंद आ जाए तो उसे भी उसके साथ जाने की आजादी होती है। लड़कियां हफ्तेभर या फिर महीने के बाद जब घर लौटती हैं तो उनकी शादी करा दी जाती है। महिलाओं पर वैसे शादी-विवाह को लेकर बंदिशें नहीं हैं। हालांकि उनकी कुछ परंपराएं हैं। जैसे कि पीरियड्स के दौरान महिलाओं को घर से बाहर कम्युनिटी सेंटर में रहना पड़ता है। यहां पर सारी सुविधाएं उपलब्ध होती हैं। पीरिड्स के बाद वे यहीं से नहा-धोकर घर वापस आती हैं। उनका मानना है कि पीरियड्स के दौरान छुआछूत से उनके ईश्वर नाराज हो जाते हैं।

## वर्ग पहेली-6928

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| १ क | ठ | २ मु | ल्ला | ■ | ■ | ३ त | ल | ४ ह | टी |
| र | ■ | स्त | ■ | ५ ख | स | म | ■ | त्या | ■ |
| ६ त | ला | क | ■ | री | ■ | ७ क | वि | रा | ८ ज |
| ल | ■ | वि | ■ | ९ द | र्शा | ना | ■ | ■ | टि |
| ■ | १० सु | ल | ११ झ | ना | ■ | ■ | १२ उ | त्प | ल |
| ■ | ल | ■ | ड़ | ■ | १३ नि | ह | त्था | ■ | ता |
| १४ ब | ह | १५ क | ना | ■ | र्म | ■ | १६ न | १७ त | ■ |
| ल | ■ | र | ■ | १८ बे | म | १९ न | ■ | र्जु | ■ |
| २० शा | र | दा | ■ | ग | ■ | २१ व | र्ण | मा | २२ ला |
| टी | ■ | २३ ता | ज | म | ह | ल | ■ | ■ | र |

युसूफ कुरैशी, मो. 8109948408

**चुनौती** *अमरनाथ यात्रा में सुरक्षा व पर्यावरण को बचाना बड़ी चुनौती*

# छह सौ के करीब सुरक्षाबलों की कंपनियों की होगी तैनाती

**( देशबन्धु )। इस बार की अमरनाथ यात्रा में सुरक्षा को लेकर चिंताएं प्रकट की जाने लगी हैं। हालांकि गृह मंत्रालय ने 600 के करीब सुरक्षाबलों की कंपनियों की तैनाती को मंजूरी दी है। जबकि इस बार पर्यावरण को बचाना भी होगी चुनौती क्योंकि सरकार चाहती है लाखों शिरकत करें यात्रा में। यही कारण था कि इसको लेकर तैयारियां अभी से की जाने लगी हैं।**

आगामी अमरनाथ यात्रा के दौरान स्वच्छ वातावरण बनाए रखने के लिए, जिसमें यात्रियों की भारी आमद होती है, जम्मू-कश्मीर सरकार ने पर्यावरण के प्रति संवेदनशील यात्रा मार्गों पर स्वच्छता उपाय करने शुरू कर दिए हैं, जहाँ प्रतिदिन हजारों यात्री आते-जाते हैं और यात्रा अवधि के दौरान टनों ठोस अपशिष्ट उत्पन्न होते हैं।

इस वर्ष यात्रा 3 जुलाई से शुरू होकर 9 अगस्त को समाप्त होगी, जिसके लिए पंजीकरण 14 अप्रैल से शुरू हो गया है। हर साल, लाखों की संख्या में यात्री पहलगाम पहाड़ियों में अमरनाथ गुफा के दर्शन करने के लिए कश्मीर घाटी आते हैं, जो अनंतनाग जिले के पहलगाम और गंदरबल जिले के बालटाल मार्गों पर कई दिनों तक चलते हैं। तीन जुलाई से शुरू होने वाली वार्षिक अमरनाथ यात्रा को देखते हुए गृह मंत्रालय (एमएचए) ने तीर्थयात्रा मार्गों और आस-पास के इलाकों की सुरक्षा के लिए बड़े पैमाने पर अर्धसैनिक बलों की तैनाती को मंजूरी दे दी है।



■ तीन जुलाई से नौ अगस्त तक चलेगी यात्रा

एक सुचारू और सुरक्षित यात्रा सुनिश्चित करने के लिए जम्मू कश्मीर में अर्धसैनिक बलों की कुल 581 कंपनियां तैनात की जाएंगी। एमएचए ने जम्मू-कश्मीर प्रशासन और पुलिस को क्षेत्र में पहले से तैनात 156 सीएपीएफ कंपनियों का उपयोग करने के लिए अधिकृत किया है। इनमें 91 सीआरपीएफ, 30 एसएसबी, 15 सीआईएसएफ, 13 बीएसएफ और 7 आईटीबीपी इकाइयां शामिल हैं, जिनमें से प्रत्येक में लगभग 75 से 80 कर्मी हैं। एमएचए 10 जून तक अतिरिक्त 425 कंपनियां भेजेगा, जिसमें 130 बीएसएफ, 128 सीआरपीएफ (5 महिला इकाइयों सहित), 67 एसएसबी, 55 आईटीबीपी और 45 सीआईएसएफ कंपनियां शामिल होंगी। यह सुरक्षा बल 9 अगस्त को यात्रा के समापन तक ड्यूटी पर रहेंगे, जिसके बाद उन्हें हटा दिया जाएगा।

तैनात बलों को गुफा मंदिर की सुरक्षा, तीर्थयात्रियों के काफिले का प्रबंधन, संवेदनशील हिस्सों पर नियंत्रण और बालटाल और पहलगाम दोनों मार्गों पर निरंतर उपस्थिति बनाए रखने का काम सौंपा जाएगा। दूसरी ओर ग्रामीण स्वच्छता विभाग के अधिकारियों ने बताया कि दोनों मार्गों पर यात्रियों को स्वच्छता सुविधाएं प्रदान करने के लिए, सरकार का ग्रामीण स्वच्छता विभाग 4045 पूर्वनिर्मित शौचालय, 845 स्नानघर और 80 सोख गड्ढे बनाने की योजना बना रहा है।

# खेल जगत

## जब आरसीबी की स्थिति खराब थी, सभी ने उसके लिए योगदान दिया: वरुण आरोन

**नई दिल्ली।** भारत के पूर्व तेज गेंदबाज वरुण आरोन का मानना है कि रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के लिए अलग-अलग खिलाड़ियों ने बेहतरीन प्रदर्शन किया है, जिसके चलते फ्रेंचाइजी आईपीएल 2025 के फाइनल में पहुंची। आरसीबी ने गुरुवार को चंडीगढ़ में खेले गए क्वालीफायर 1 में पंजाब किंग्स पर आठ विकेट से शानदार जीत दर्ज की। उस मैच में लेग स्पिनर सुयश शर्मा (जिन्हें बाद में प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया) और तेज गेंदबाज जोश हेजलवुड ने तीन-तीन विकेट लेकर आरसीबी को 14.1 ओवर में पंजाब किंग्स को सिर्फ 101 रन पर आउट करने में मदद की। आरसीबी ने फिल साल्ट के नाबाद 56 रनों की बदौलत 10 ओवर में लक्ष्य हासिल कर लिया। वरुण आरोन ने ईएसपीएनक्रिकइन्फो पर कहा कि आखिरकार आपको इसका श्रेय पूरे सीजन में मैन ऑफ द मैच बनने वाले आठ खिलाड़ियों को देना होगा।



# विराट कोहली ने आरसीबी को चौथी बार फाइनल में पहुंचाया

■ सत्येन्द्र पाल सिंह

**नई दिल्ली,** 30 मई (देशबन्धु)। भारत और दुनिया के धुरंधर बल्लेबाज विराट कोहली ने भले ही टी 20 अंतर्राष्ट्रीय और टेस्ट क्रिकेट को भले ही हाल ही में अलविदा कह दिया

■ **विराट आरसीबी को आईपीएल फाइनल जिताने में कोई कसर नहीं छोड़ेंगे**

लेकिन मैदान पर एक बालक के से उनके जुनून ने रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरू (आरसीबी) को जोश से सराबोर कर उसे मेजबान पंजाब किंग्स के खिलाफ उसके अपने अपने न्यू चंडीगढ़ के मुल्लांपुर में आईपीएल 2025 के क्वॉलिफायर 1 में आठ विकेट से जीत दिला 2016 के बार पहली और कुल चौथी बार फाइनल में पहुंचाने में अहम भूमिका अदा की। चौथी बार आईपीएल फाइनल में पहुंची आरसीबी को अहमदाबाद फाइनल से पहले चार दिन का आराम मिलेगा और इससे वह तरोताजा होकर उतरेगी। विराट कोहली अब चौथे प्रयास में आरसीबी को आईपीएल फाइनल जिता खिताब जिताने में कोई कसर नहीं छोड़ेंगे। आरसीबी के मौजूदा आईपीएल के फाइनल के सफर की खास बात यह रही कि क्रुणाल पांडया (केकेआर व दिल्ली कैपिटल्स दो बार), कप्तान रजत पाटीदार (सीएसके, मुंबई इंडियंस, दो बार), फिल साल्ट (राजस्थान रॉयल्स), टिम डेविड (पंजाब किंग्स), विराट कोहली (पंजाब किंग्स) जोश हेजलवुड (राजस्थान रॉयल्स), रोमारियो शेफर्ड (सीएसके), जीतेश शर्मा (लखनउ सुपर जायंटस), सुयश शर्मा (पंजाब किंग्स) के रूप में उसके नौ अलग अलग खिलाड़ी मैन ऑफ द,मैच रहे। अपने फाइनल के सफर में आरसीबी ने पंजाब को सबसे ज्यादा तीन बार हराया। यह दर्शाता है कि मौजूदा सीजन में अकेले विराट कोहली जैसे सुपर स्टार पर ही निर्भर नहीं है बल्कि उसकी लगभग हर जीत का अलग अलग नायक रहा।

विराट कोहली ने बेशक क्वॉलिफायर 1 मे पंजाब किंग्स के खिलाफ मात्र 12 रन बनाए लेकिन उन्होंने जोश हेजलवुड और मैन ऑफ द'मैच सुयश शर्मा में ऐसा जोश भरा कि दोनों ने तीन तीन विकेट चटका कर पंजाब किंग्स को मात्र 14.1 ओवर में 101 रन पर ढेर कर दिया और फिर उनके सलामी जोड़ीदार फिल साल्ट ने मात्र 27 गेंदों पर तीन छक्कों और छह चौकों की मदद से ताबड़तोड़ 57 रन बना कर आरसीबी के स्कोर को मात्र 10ओवर में दो विकेट पर 106 रन बना आनन फानन में मैच जिता 3 जून को अहमदाबाद में खेले जाने वाले फाइनल में स्थान दिला दिया।



## गुगली मेरी स्टॉक बॉल है : सुयश शर्मा



मैन ऑफ द' मैच आरसीबी के सुयश शर्मा ने कहा, ' मैंने बढ़िया प्रदर्शन किया और इसीलिए सभी लोग खुश हैं। मेरी भूमिका बतौर गेंदबाज यही है कि मैं सीधे विकेटों पर गेंदबाजी की , फिर चाहे यह गुगली हो , लेग स्पिन या फ्लिपर। गुगली मेरी स्टॉक बॉल है और पिच से भी कुछ मदद मिली। हम जश्न 3 जून के फाइनल जीतने पर ही मनाएंगे।

## मैं फिल साल्ट का बहुत बड़ा मुरीद हूं : पाटीदार

आरसीबी के कप्तान रजत पाटीदार ने कहा, 'क्वॉलिफायर 1 में अपनी योजना और इसमें पंजाब किंग्स के खिलाफ कैसे गेंदबाजी करनी है हमारी सोच एकदम साफ थी। मुल्लांपुर की पिच का हमारे तेज गेंदबाजों ने बढ़िया इस्तेमाल किया ही लेग स्पिनर सुयश शर्मा ने स्पिन का जाल बुन कर अच्छा योगदान किया। सुयश ने अपनी ताकत के मुताबिक सीधे विकेट पर गेंद की और मैं उन्हें बहुत सुझाव नहीं देता क्योंकि मैं उन्हें असमंजस में नहीं डालना चाहता। हमने इस पूरे आईपीएल टूर्नामेंट में बहुत अभ्यास किया। एक दिन अभ्यास न करने से कोई नुकसान नहीं। जिस तरह फिल साल्ट ने हर मैच में बल्लेबाजी कर हमें बेहतरीन शुरुआत दी वह वाकई दर्शनीय था और मैं उनका बहुत बड़ा मुरीद हूं। हम बस खिताब से एकदम दूर हैं। अपने प्रशंसकों का आभारी हूं कि हम जहां भी लेने गए तो उन्होंने हमें यह अहसास कराया कि वही हमारा घरेलू मैदान हैं।

# बस एक और मैच बाकी है, उसके बाद सब मिल कर जश्न मनाएंगे : पाटीदार

मुल्लांपुर, 30 मई (एजेंसियां)। आईपीएल 2025 के क्वालीफायर-1 में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) ने पंजाब किंग्स (पीबीकेएस) को आठ विकेट से हराकर चौथी बार फाइनल में जगह बना ली। लेकिन इस जीत के पीछे जो आत्मविश्वास झलक रहा था, वह सिर्फ प्रदर्शन में नहीं बल्कि कप्तान रजत पाटीदार के शब्दों में भी साफ दिखा। मैच के बाद उन्होंने जिस सादगी से रणनीति, खिलाड़ियों और फैंस की बात की - वह आरसीबी की इस जीत से भी बड़ी कहानी कहती है। रजत ने शुरुआत से ही टीम की सोच पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि मुझे लगता है कि हमारी



योजनाएं बिल्कुल साफ थीं। हमें किस तरह गेंदबाजी करनी है, ये तय था। तेज गेंदबाजों ने पिच का शानदार इस्तेमाल किया। ये साफ रणनीति नजर भी आई।

आरसीबी के गेंदबाजों ने पंजाब को कम स्कोर पर रोक दिया, जिससे बल्लेबाजों को ज्यादा दबाव नहीं झेलना पड़ा। इस गेंदबाजी प्रदर्शन के दौरान जॉश हेजलवुड ने एक प्लान के तहत हार्डलेंथ गेंदबाजी की,

■ **रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु ने चौथी बार फाइनल में जगह बना ली**

जिसमें श्रेयस अय्यर और जॉश इंगलिस शिकार बने। वहीं सुयश को कहा गया था कि वह विकेटों को लगातार निशाना बनाएं और उन्होंने दो बोल्ड, एक पगबाधा के साथ तीन विकेट लिए। रजत ने पोस्ट मैच प्रजेंटेशन में सुयश की गेंदबाजी की खूब तारीफ की और उनके रोल को लेकर बेहद स्पष्ट नजरिया सामने रखा। उन्होंने कहा, सुयश जैसी लाइन और लेंथ में गेंदबाजी कर रहा था, वह शानदार था।

## सिनर ने रौलां गैरो में गास्के का करियर खत्म किया

**पेरिस,** 30 मई (एजेंसियां)। विश्व के नंबर 1 खिलाड़ी जानिक सिनर ने गुरुवार को फ्रेंच ओपन में पुरुष एकल के तीसरे दौर में पहुंचने के लिए फ्रांसीसी खिलाड़ी रिचर्ड गास्के को 6-3, 6-0, 6-4 से हराकर रौलां गैरो में उनके शानदार करियर का अंत कर दिया। पेरिस में क्ले-कोर्ट मेजर में अपना 22वां प्रदर्शन करते हुए, 38 वर्षीय गास्के एक घंटे, 58 मिनट के संघर्ष के दौरान सिनर की भारी बॉल-स्ट्राइकिंग और सटीक सटीकता का जवाब देने में असमर्थ रहे। अपनी जीत के साथ, एटीपी रैंकिंग में नंबर 1 खिलाड़ी ने अपने ग्रैंड स्लैम मुकाबले जीतने के सिलसिले को 16 मैचों तक बढ़ा दिया, ऐसा करने वाले 1990 या उसके बाद पैदा हुए पहले व्यक्ति बन गए। सिनर ने गास्के , जिन्होंने 2005 में मोंटे-कार्लो में रोजर फेडरर को हराकर विश्व नंबर 1 पर अपनी एकमात्र जीत दर्ज की थी, से कहा, के बाहर हमारे बीच अच्छे संबंध हैं। हम अलग-अलग पीढ़ी के हैं, लेकिन यह आपका पल है। इतालवी स्टार को एटीपी टूर ने अपनी वेबसाइट पर एक रिपोर्ट में यह कहते हुए उद्धृत किया, आपके परिवार और आपकी टीम को बधाई। प्रत्येक खिलाड़ी के आसपास महान लोगों के बिना, ऐसा अविश्वसनीय करियर बनाना असंभव है। आपने टेनिस के ऐसे अविश्वसनीय युग में खेला है, और हर कोई आपको पहचानेगा, यहां तक कि आपकी सेवानिवृत्ति के बाद भी।

## ओलंपियन रायजा और अनंतजीत की वापसी

**नई दिल्ली,** 30 मई (एजेंसियां)। पेरिस ओलंपिक में भारत का प्रतिनिधित्व कर चुके स्कीट शूटर रायजा ढिल्लों और अनंतजीत सिंह नरूका एक बार फिर राष्ट्रीय टीम का हिस्सा होंगे। नेशनल राइफल एसोसिएशन ऑफ इंडिया (एनआरएआई) की चयन समिति ने उन्हें उस 12 सदस्यीय शॉटगन टीम में शामिल किया है, जो 4 से 14 जुलाई 2025 के बीच इटली के लोनाटो डेल गर्डा में होने वाले इस साल के चौथे और अंतिम इंटरनेशनल शूटिंग स्पोर्ट फेडरेशन वर्ल्ड कप स्टेज में हिस्सा लेगी। पिछले सप्ताह सुहल में जूनियर वर्ल्ड कप में रजत पदक जीतने के बाद रायजा ने कहा था, इस समय मेरी नजरें जुलाई में होने वाले लोनाटो वर्ल्ड कप पर हैं और मुझे उम्मीद है कि इस साल के मेरे अच्छे प्रदर्शन से मुझे इटली में आत्मविश्वास मिलेगा। इस महीने की शुरुआत में निकोसिया में हुए तीसरे शॉटगन वर्ल्ड कप में हिस्सा लेने वाले खिलाड़ियों में से, जहां भारत ने नए ओलंपिक इवेंट-ट्रैप मिक्स्ड टीम-में अपना पहला आईएसएसएफ पदक (कांस्य) जीता, केवल अनुभवी मैराज अहमद खान और महेश्वरी चौहान ही अपनी जगह बनाए रखने में सफल रहे हैं।

# 'टीम लड़ाई हारी है, लेकिन युद्ध नहीं' : श्रेयस अय्यर

**मुल्लांपुर,** 30 मई (एजेंसियां)। न्यू चंडीगढ़ की पिच के पेंच को पंजाब किंग्स (पीबीकेएस) अपने घर में ही नहीं समझ पाई और अधिक आक्रामक होने के प्रयास में उनको अपने होम ग्राउंड और घरेलू दर्शकों के सामने आईपीएल 2025 के क्वाालिफ़ायर 1 में गुरूवार को रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) से आठ विकेटों से करारी हार झेलनी पड़ी। पीबीकेएस के कप्तान श्रेयस अय्यर ने भी स्वीकार किया कि टीम ने पिच को पढ़ने में गलती की जिसका खामियाजा उनको भुगतना पड़ा है। मैच के बाद श्रेयस ने कहा कि ईमानदारी से कहूं तो विकेट को पढ़ने के मामले में हम थोड़े भ्रमित थे। हार के घाव अभी भी हरे हैं। हमने कई विकेट बेतरतीब ढंग से खो दिए। इसलिए, वापस जाकर अध्ययन करने के लिए बहुत कुछ है। श्रेयस ने कहा कि 'लड़ाई हारी है, लेकिन युद्ध नहीं' क्योंकि रविवार को उसे दूसरा मौका मिलेगा। जहां वह इस सीजन में की गई कड़ी मेहनत को अमलीजामा पहनाने की पूरी कोशिश करेंगे।



दरअसल, यह पिच वही थी जिस पर न्यू चंडीगढ़ में पिछली बार इन दोनों टीमों के बीच लीग मुकाबला खेला गया था। इसके बाद से इस स्टेडियम में यह पहला मुकाबला था। मैच से दो दिन पहले पिच पर पानी दिया गया था और पिच पर रोल किया। पिच पर एक छोर पर अधिक घास थी तो दूसरी ओर इसको सूखा छोड़ा गया था। ऐसे में शुरुआती पांच-छह ओवर इस पिच पर अधिक आक्रामक नहीं होकर ध्यान से खेलने की जरूरत थी, लेकिन पीबीकेएस के बल्लेबाज ऐसा करने में नाकाम रहे। मैच के बाद जब पत्रकार वार्ता में आए जॉश हेजलवुड से पिच पर असमतल उछाल या भारत में अन्य पिचों के मुक़ाबले तेज पिच महसूस होने के बारे में पूछा गया तो वह भी इससे सहमत दिखे। हेजलवुड ने कहा कि जब हम यहां पर पिछला मैच खेले थे, वह दिन का मैच था, तो पिच में कुछ अलग नहीं दिख रहा था, लेकिन आश्चर्यजनक रूप से इस पिच ने मुझे थोड़ा सा आश्चर्य में डाला। इस पिच पर घास अधिक थी और यह एक बाउंसी विकेट था, जिस पर अधिक उछाल मिल रहा था। पंजाब की बल्लेबाजी अप्रोच से हर कोई हैरान था। लगातार विकेट गिरते जा रहे थे, लेकिन तब भी उनके अप्रोच में कोई बदलाव नहीं देखने को मिला था।

## पंजाब किंग्स फाइनल मैच में अपनी जगह बना सकती है : जेम्स

**न्यू चंडीगढ़।** आईपीएल 2025 के पहले क्वालीफायर में निराशाजनक हार के बाद पंजाब किंग्स के तेज गेंदबाजी कोच जेम्स होप्स ने टीम की कमियों पर बात की है। जेम्स ने उम्मीद जताई है कि पंजाब किंग्स फाइनल मैच में अपनी जगह बना सकती है। पंजाब किंग्स को रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के खिलाफ लो-स्कोरिंग मैच में आठ विकेट से हार का सामना करना पड़ा, जिससे वे फाइनल में अपनी जगह बुक करने का पहला मौका नहीं भुना पाए। पहले बल्लेबाजी करते हुए पंजाब ने शुरुआती विकेट गंवा दिए और टीम 14.1 ओवरों 101 रन पर सिमट गई। इसके जवाब में आरसीबी ने केवल 10 ओवरों में जीत दर्ज कर ली और 2025 के फाइनल में जगह पक्की कर ली है।होप्स ने मैच के बाद प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा कि हमने पहले ओवर में बल्लेबाजी ठीक-ठाक की और फिर आगे बढ़ते गए। लेकिन बाद में जो हुआ, उसे पचाना मुश्किल है।



## अहमदाबाद में आज से शुरू होगी भारत की सबसे बड़ी टीटी लीग

**अहमदाबाद,** 30 मई (एजेंसियां)। भारत की प्रतिष्ठित टेबल टेनिस लीग इंडियनऑयल अल्टीमेट टेबल टेनिस (यूटीटी) का छठा सीजन शनिवार को अहमदाबाद के ईकेए एरिना में शुरू होगा।

**अल्टीमेट टेबल टेनिस सीजन 6**

15 जून तक चलने वाले इस टूर्नामेंट में आठ टीमें खिताब के लिए कड़ी टक्कर देंगी। डेम्पो गोवा चैलेंजर्स इस बार भी अपने खिताब बचाने उतरेंगे। टीम ने 2023 और 2024 में लगातार दो बार चैंपियनशिप अपने नाम की है और अब खिताबी हैट्रिक पूरी करने की तैयारी में है। टेबल टेनिस फेडरेशन ऑफ इंडिया (टीटीएफआई) के तत्वावधान में आयोजित इस लीग को नीरज बजाज और वीटा दानी द्वारा प्रमोट किया जा रहा है। यूटीटी लगातार भारत में पेशेवर टेबल टेनिस के मानकों को ऊंचा उठा रही है और खेल को नई ऊंचाइयों तक पहुंचा रही है। इस सीजन की सबसे बड़ी विशेषता यह है कि इस बार 14 देशों के कुल 48 खिलाड़ी भाग ले रहे हैं, जिनमें से 16 ओलंपिक खिलाड़ी भी शामिल हैं। यह आंकड़ा टूर्नामेंट की बढ़ती अंतर्राष्ट्रीय साख और गुणवत्ता को दर्शाता है। यह पहली बार है जब अहमदाबाद इंडियन ऑयल अल्टीमेट टेबल टेनिस की मेजबानी कर रहा है। यह कदम लीग के उस मिशन का हिस्सा है जो टेबल टेनिस को केवल मेट्रो शहरों तक सीमित न रखकर पूरे देश में फैलाना चाहता है। अहमदाबाद इस टूर्नामेंट का आयोजन यूटीटी की राष्ट्रीय पहुंच बढ़ाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

# 'स्विंगिंग इंग्लिश' परिस्थितियों में खेलने को लेकर उत्साहित हैं बुमराह

**नई दिल्ली,** 30 मई (एजेंसियसां)। दुनिया के नंबर एक टेस्ट गेंदबाज जसप्रीत बुमराह ड्यूक बॉल पर हाथ आजमाने और इंग्लैंड की स्विंगगि परिस्थितियों में खेलने को लेकर उत्सुक हैं।

भारत को जल्द ही इंग्लैंड का दौरा करना है जहां पर भारत को 13 जून को वार्मअप मैच खेलना है और 20 जून से लीड्स में पहला टेस्ट खेला जाएगा। उनके अनुसार सबसे बड़ी चुनौती गेंद के मुलायम होने पर होगी। बुमराह ने ऑस्ट्रेलिया के पूर्व कप्तान माइकल क्लार्क के यूट्यूब चैनल बियोंड23 क्रिकेट पर कहा कि इंग्लैंड में खेलना हमेशा से अलग चुनौती रहता है। मुझे हमेशा से ड्यूक बॉल से गेंदबाजी करना पसंद है। उन्होंने कहा कि लेकिन मैं नहीं जानता हूं कि ड्यूक



बॉल इस समय कैसा कर रही हैं क्योंकि गेंद में लगातार बदलाव होते रहते हैं। लेकिन मौसम, स्विंगिंग परिस्थिति समान रहती है। और जब गेंद मुलायम हो जाती है तो यहां पर हमेशा चुनौती रहती है। तो मैं हमेशा से इंग्लैंड में खेलने को देखता हूं। आगामी टेस्ट सीरीज बुमराह की इंग्लैंड में तीसरी सीरीज होगी जहां पर उनके नाम (2021 विश्व टेस्ट चैंपियनशिप फ़ाइनल को छोड़कर)

**इंग्लैंड में खेलना हमेशा से अलग चुनौती रहता है। मुझे हमेशा से ड्यूक बॉल से गेंदबाजी करना पसंद है : जसप्रीत बुमराह**

आठ मैचों में 23.78 की औसत और 51.9 के स्ट्राइक रेट से 37 विकेट हैं। बुमराह ने कहा कि उनके अन्य साथी तेज गेंदबाजों प्रसिद्ध कृष, मोहम्मद सिराज, आकाश दीप और अर्शदीप सिंह में विरोधी टीम को मात देने की काबिलियत है, खासतौर से तब जब कोई टीम आक्रामक खेल रही हो, जैसे इंग्लैंड खेलती है। बुमराह ने कहा कि वे एक दिलचस्प शैली का क्रिकेट खेल रहे हैं जो दिलचस्प है क्योंकि मैं इसे ज्यादा नहीं समझता। लेकिन एक गेंदबाजी यूनिट के तौर पर, जब बल्लेबाज अधिक आक्रामक होते हैं ।

## नॉर्वे शतरंज: गुकेश ने कारुआना को हराया

**स्टावेंजर,** 30 मई (एजेंसियां)। विश्व के नंबर 1 मैग्नस कार्लसन ने भारतीय नंबर 2 अर्जुन एरिगैसी के खिलाफ अंतिम गेम में शानदार जीत के साथ अपनी क्लास दिखाई। पिछले दो राउंड में दो आर्मागेडन गेम हारने वाले नॉर्वेजियन सुपरस्टार ने घरेलू मैदान पर इस जीत के साथ एकल बढ़त बना ली। विश्व चैंपियन डोमाराजू गुकेश और विश्व नंबर 3 फैबियानो कारुआना के बीच बाजी में, अमेरिकी लगभग पूरे गेम में आगे चल रहे थे, उनके पास जीतने के काफी मौके थे। हालांकि, गुकेश के शानदार रक्षात्मक कौशल के कारण वे अपने लाभ को भुना नहीं सके।



इसके बाद गुकेश ने आर्मागेडन गेम को आसानी से जीत लिया। इससे पहले, विश्व चैंपियन गुकेश ने तीसरे राउंड में विश्व नंबर 2 हिकारू नाकामुरा को हराया, और शानदार प्रदर्शन के साथ अपने खिताब की दावेदारी को मजबूत किया।

## सार संक्षेप

### न्यूजीलैंड के पूर्व कोच डेविड ट्रिस्ट का निधन

**क्राइस्टचर्च।** न्यूजीलैंड के पूर्व कोच डेविड ट्रिस्ट का गुरुवार को क्राइस्टचर्च में 77 वर्ष की आयु में निधन हो गया। ट्रिस्ट के निधन की पुष्टि न्यूजीलैंड क्रिकेट ने की है। ट्रिस्ट का न्यूजीलैंड को साल 2000 की चैंपियंस ट्रॉफी जिताने में अहम रोल रहा है। ये आईसीसी ट्रॉफी कीवी टीम ने ट्रिस्ट की कोचिंग में ही जीती थी। ट्रिस्ट कैंटरबरी के पूर्व तेज गेंदबाज थे, जिन्होंने 1968 से 1982 तक 14 साल के खेल करियर के दौरान 24 प्रथम श्रेणी मैच और छह लिस्ट ए मैच खेले। ट्रिस्ट ने 1999 से 2001 तक दो साल न्यूजीलैंड की पुरुष टीम को कोचिंग दी और 15 अक्टूबर 2000 को नैरोबी में आईसीसी नॉकआउट ट्रॉफी जिताई, जो टीम का एकमात्र वैश्विक व्हाइट बॉल खिताब है। फाइनल में न्यूजीलैंड ने क्रिस केर्न्स के नाबाद शतक की मदद से भारत को चार विकेट से हराया था। न्यूजीलैंड क्रिकेट ने बयान में कहा कि पूर्व ब्लैककैप्स कोच डेविड ट्रिस्ट के निधन की पुष्टि करते हुए एनजीसी को गहरा दुख हुआ है, जिनका कल क्राइस्टचर्च में 77 वर्ष की आयु में निधन हो गया।

### इंग्लैंड ने वेस्टइंडीज को रिकार्ड 238 रनों से हराया

**बर्मिंघम।** जेकब बेथेल (82),बेन डकेट (60), कप्तान हैरी ब्रूक (57) और जो रूट (60) की अर्धशतकीय पारियों के बाद जेमी ओवर्टन और साकिब महमूद (तीन-तीन विकेट) की बेहतरीन गेंदबाजी की बदौलत इंग्लैंड ने पहले एकदिवसीय मुकाबले में वेस्टइंडीज को रिकार्ड 238 से हराकर तीन मैचों की श्रृंखला में 1-0 से बढ़त बना ली है। इंग्लैंड की पुरुष एकदिवसीय में रनों के लिहाज से यह दूसरी सबसे बड़ी जीत है। मैच में 82 रनों की पारी खेलने वाले इंग्लैंड के जैकब बेथेल को 'प?लेयर ऑफ द मैच' से नवाजा गया। एजबेस्टन स्टेडियम में गुरुवार रात खेले मुकाबले में वेस्टइंडीज ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी इंग्लैंड के लिए जेमी स्मिथ और बेन डकेट सलामी जोड़ी ने अच्छु शुरुआत करते हुए पहले विकेट के लिए 64 रन जोड़े। सातवें ओवर में अल्जारी जोसेफ ने जेमी स्मिथ (37) को आउट कर वेस्टइंडीज को पहली सफलता दिलाई।

### आरसीए ने जिला क्रिकेट संघ, बीकानेर को असम्बद्ध घोषित किया

**जयपुर।** राजस्थान क्रिकेट संघ (आरसीए) ने अनुशासनहीनता के आरोप में जिला क्रिकेट संघ बीकानेर (डीसीए) को राजस्थान क्रिकेट संघ से असम्बद्ध घोषित कर दिया है। आरसीए के संयोजक जयदीप बिहाणी ने शुक्रवार को बताया कि डीसीए, बीकानेर के खिलाफ चुनाव और वित्तीय अनियमितता की शिकायतें थीं। इस मामले में आरसीए ने राजस्थान क्रीड़ा अधिनियम के तहत डीसीए, बीकानेर से जानकारी मांगी गयी थी, लेकिन डीसीए बीकानेर ने इस पर किसी तरह का जवाब नहीं दिया। उन्होंने बताया कि इस सम्बन्ध में डीसीए बीकानेर को कई पत्र भेजे गये।





# सात्विक-चिराग विश्व की नंबर 1 गोह-इज्जुद्दीन को हराकर सेमीफाइनल में

**सिंगापुर,** 30 मई (एजेंसियां)। भारतीय पुरुष युगल जोड़ी सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी ने शुक्रवार को सिंगापुर इंडोर स्टेडियम में विश्व की नंबर 1 मलेशियाई जोड़ी गोह सेज फेई और नूर इज्जुद्दीन को हराकर सिंगापुर ओपन के सेमीफाइनल में प्रवेश किया। भारतीय जोड़ी ने 39 मिनट तक चले मैच में मलेशियाई जोड़ी पर सीधे गेमों में 21-17, 21-15 से जीत दर्ज की। यह इस सीजन का उनका तीसरा सेमीफाइनल है। वे इस सीजन में बीडब्ल्यूएफ टूर पर पिछले दो सेमीफाइनल में हारे हैं, पहले मलेशिया ओपन में और फिर इंडिया ओपन में। दिलचस्प बात यह है कि इंडिया ओपन में सात्विक और चिराग को गोह और इज्जुद्दीन की मलेशियाई जोड़ी ने ही बाहर किया था। सात्विक और चिराग इस सत्र के अपने पहले फाइनल में जगह बनाने का लक्ष्य रखेंगे, जहां उनका सामना आठवीं वरीयता प्राप्त मैन वेई चोंग और काई वुन टी या तीसरी वरीयता प्राप्त आरोन चिया-सोह वूई यिक की मलेशियाई जोड़ी से होगा। पुरुष युगल जोड़ी टूर्नामेंट में एकमात्र भारतीय प्रतिनिधित्व है, क्योंकि पीवी सिंधु, एचएस प्रणय, लक्ष्य सेन, ट्रीसा जॉली-गायत्री गोपीचंद और अन्य खिलाड़ी बाहर हो

■ **भारतीय जोड़ी ने 39 मिनट तक चले मैच में मलेशियाई जोड़ी पर सीधे गेमों में 21-17, 21-15 से जीत दर्ज की**

गए हैं। महिला एकल में, दोहरी ओलंपिक पदक विजेता सिंधु चीन की चेन यू फेई से 9-21, 21-18, 16-21 से हारने के बाद दूसरे दौर में बाहर हो गईं। एचएस प्रणय को फ्रांसीसी क्रिस्टो पोपोव के खिलाफ सीधे गेम में हार का सामना करना पड़ा, उन्हें 42 मिनट तक चले मैच में 16-21, 14-21 से हार का सामना करना पड़ा। रोहन कपूर और रूथविका गड्डे की मिश्रित युगल जोड़ी को भी राउंड ऑफ 16 में हार का सामना करना पड़ा, उन्हें हांगकांग की दूसरी वरीयता प्राप्त जोड़ी तांग चुन मान और त्से यिंग सुएट से 10-21, 16-21 से हार का सामना करना पड़ा।

**फोर नेशंस टूर्नामेंट**

## भारतीय जूनियर महिला हॉकी टीम शूटआउट में चिली से हारी


**रोसारियो ( अर्जेंटीना ),** 30 मई (एजेंसियां)। भारतीय जूनियर महिला हॉकी टीम को शुक्रवार को चिली के खिलाफ फ्रेंडली फोर नेशंस टूर्नामेंट के अपने चौथे मैच में 2-2 से बराबरी के बाद शूटआउट में 1-3 से हार का सामना करना पड़ा। भारत के लिए सुखवीर कौर (35%) और कनिका सिवाच (47%) ने गोल किए, जबकि चिली के लिए जैसिंटा सोलारी (27%) और कैप्टन लॉरा मुलर (42%) ने गोल दागे।चिली ने दूसरे क्वार्टर में स्कोरिंग की शुरुआत की, जिसमें जैसिंटा सोलारी ने 27वें मिनट में पेनल्टी कॉर्नर को गोल में बदला। भारत ने तीसरे



क्वार्टर में पांच मिनट में बराबरी कर ली। सुखवीर कौर ने भी पेनल्टी कार्नर को गोल में बदला। चिली ने 42वें मिनट में कैप्टन लॉरा मुलर के फील्ड गोल से बढ़त हासिल की। हालांकि, भारत ने चौथे क्वार्टर की शुरुआत जोरदार तरीके से की, जिसमें कनिका सिवाच ने 47वें मिनट में बराबरी का गोल करके अपना गोल स्कोरिंग सिलसिला जारी रखा।

प्रकाशक-गिरिराज चाचा, मुद्रक-मोहन सुरजन द्वारा पत्रकार प्रकाशन प्रा. लिमि. के लिये देशबन्धु काम्पलेक्स नौदराब्रिज जबलपुर से प्रकाशित एवं श्रीजी प्रिंटर्स से मुद्रित, सम्पादक-अशोक मिश्रा, * ( * पी.आर.बी. एक्ट के तहत समाचार चयन के लिये जिम्मेदार ) फोन संपादकीय-4006577 व्यवस्था - 4085031, 4085679, 2626244 आर.एन.आई. पंजी. क्रमांक 38276/71 डाक पंजीयन क्रमांक-एसएसपी जबलपुर /04/2020-2022 E mail- Jabdesh1@yahoo.com

मध्यप्रदेश शासन




# लोकमाता देवी अहिल्याबाई होलकर

के 300वें जन्म जयंती वर्ष के अवसर पर

# महिला सशक्तिकरण महासम्मेलन

एवं



## 'राष्ट्रीय देवी अहिल्या सम्मान' अलंकरण

## लोकमाता देवी अहिल्याबाई होलकर को समर्पित डाक टिकट और सिक्का जारी



डॉ. मोहन यादव, मुख्यमंत्री

## दतिया एवं सतना एयरपोर्ट का लोकार्पण एवं इंदौर मेट्रो का शुभारंभ

(गांधीनगर मेट्रो स्टेशन से सुपर कॉरिडोर 03 तक)



नरेन्द्र मोदी, प्रधानमंत्री

## ₹483 करोड़ लागत के 1271 नये अटल ग्राम सेवा सदन (पंचायत भवन) की प्रथम किस्त का अंतरण

— प्रधानमंत्री —

# नरेन्द्र मोदी

के कर-कमलों द्वारा (वर्चुअल माध्यम से)

— गरिमामयी उपस्थिति —

**मंगुभाई पटेल**
राज्यपाल, मध्यप्रदेश

**डॉ. मोहन यादव**
मुख्यमंत्री, मध्यप्रदेश

**31 मई, 2025 | पूर्वाह्न 11:00 बजे | जम्बूरी मैदान, भोपाल**

### नारी सशक्तिकरण में अग्रणी मध्यप्रदेश

- सामाजिक-आर्थिक सशक्तिकरण के उद्देश्य से देवी अहिल्या नारी सशक्तिकरण मिशन प्रारंभ
- शासकीय सेवा में महिलाओं के लिए आरक्षण को बढ़ाकर 35% तक किया
- 5 लाख स्व-सहायता समूहों से 62 लाख ग्रामीण बहनें हुईं आत्मनिर्भर
- प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना में 89 लाख बहनों को मिली धुएं से मुक्ति

### बेहतर होतीं वायु सेवाएं

- ₹ 60 करोड़ की लागत से 124 एकड़ में दतिया एयरपोर्ट एवं ₹ 37 करोड़ की लागत से सतना एयरपोर्ट का निर्माण संपन्न
- हवाई सुविधा से धार्मिक पर्यटन के साथ औद्योगिक विस्तार को मिलेगा बढ़ावा
- यात्रियों को मां पीतांबरा पीठ, मां शारदा और चित्रकूट धाम तक की हवाई सुविधा होगी उपलब्ध
- प्रदेश एवं प्रदेश के बाहर के गंतव्यों तक कनेक्टिविटी होगी बेहतर

### इंदौर को मेट्रो रेल की सौगात

- ₹ 1520 करोड़ लागत की यलो लाइन मेट्रो 6 कि.मी. लंबे रूट पर चलेगी
- आधुनिक, सुगम और पर्यावरण अनुकूल परिवहन सुविधा मिलेगी
- प्रति ट्रेन 900 से अधिक यात्री क्षमता के साथ लिफ्ट, एस्केलेटर, AI आधारित ट्रैकिंग एवं QR आधारित टिकटिंग प्रणाली से स्मार्ट होगा सफर

### पंचायतों को स्थायी भवन

- प्रदेश भर में 1271 नये अटल ग्राम सेवा सदनों के निर्माण से ग्राम पंचायतों को स्थायी भवन की सुविधा के साथ प्रशासनिक कार्य करने, बैठकें आयोजित करने एवं रिकॉर्ड प्रबंधन में सहायता मिलेगी

D-11033/25

सीधा प्रसारण | DD News | Webcast.gov.in/mp/cmevents | @Cmmadhyapradesh @jansampark.madhyapradesh | @Cmmadhyapradesh @jansamparkMP | JansamparkMP

#AhilyaBaiHolkarAt300

आकल्पन : म.प्र. माध्यम/2025

मध्यप्रदेश जनसम्पर्क द्वारा जारी

## बीच-बचाव करने गयी महिला की मौत, आधा दर्जन घायल

### पाटन के मढ़ पिपरिया की घटना, पुलिस बल तैनात

**जबलपुर, देशबन्धु।** पाटन थानान्तर्गत मढ़ पिपरिया गांव में दो परिवारों में बीती रात जमकर विवाद हुआ। जिसमें एक परिवार ने दूसरे पर लाठी-डंडे और धारदार हथियार से हमला कर दिया। उक्त हमले में एक महिला की पीट-पीटकर हत्या कर दी गई, वहीं पीड़ित परिवार के चार से ज्यादा सदस्य गंभीर रूप से घायल है।

वारदात बीती देररात घटित हुई। वारदात के बाद से आरोपी फरार है, वहीं सूचना पर पहुंची पाटन पुलिस ने आवश्यक कार्यवाही करते हुए आरोपियों की गिरफ्तारी के प्रयास शुरु



कर दिये है। वहीं क्षेत्र में एहतियात के तौर पर पुलिस बल की तैनाती की गई है।

जानकारी अनुसार मढ़ पिपरिया गांव में रहने वाले भागवत सिंह और गिरन सिंह के परिवारों के बीच बीते सात महीने से विवाद चल रहा था। जहां गिरन सिंह के बेटे भारत और भागवत सिंह के बेटे दशरथ सिंह के बीच पहले भी झगड़ा हो चुका है। गांव सिंगौरी में गत दिवस लगुन का कार्यक्रम था। जिसमें षामिल होने के लिए दोनों पक्ष के लोग पहुँचे थे। इस दौरान दषरत का धक्का दुर्गेस को लगने के कारण दोनों पक्षों में विवाद हो गया था। गांव पहुंचे के बाद दुर्गेश शिकायत करने भागवत सिंह के परिवार के घर गया था। इस दौरान दशरथ, अन्नू, रवि, दीपक, ब्रजेश और दिनेश सहित अन्य नरे उस पर लाठी के हमला कर दिया।

दुर्गेश को बचाने के लिए गिरन सिंह के परिवार के भारत, जीवन सिंह, कालू सिंह और प्रीति बाई मौके पर पहुंचे। आरोपियों ने उन पर भी ताबड़तोड़ हमला कर दिया। इस बीच प्रीति सिंह की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि अन्य लोग गंभीर रूप से घायल हो गये। सभी को पहले पाटन स्वास्थ्य केंद्र लाया गया, जहां हालत गंभीर होने के कारण देर रात मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया। प्रीति बाई के शव का पंचनामा कर पोस्टमॉर्टम के लिए भिजवाया गया है।

**इनका कहना है-**

पुरानी रंजिश के चलते दोनों पक्षों में विवाद हुआ है। जिसमें एक महिला की मौत हो गई है। सभी आरोपी फरार हैं, जिनकी तलाश की जा रही है, जिन्हें जल्द ही गिरफ्तार कर लिया जायेगा।

– लोकेश डाबर, एसडीओपी पाटन

## तीन नवनियुक्ति न्यायाधीशों ने ग्रहण किया पदभार

### एसीजे ने दिलाई शपथ, नवनियुक्त न्यायाधीशों ने युवा अधिवक्ताओं को दिया संदेश

**जबलपुर, देशबन्धु।** प्रदेश हाईकोर्ट के नव नियुक्त न्यायाधीश दीपक खोत, न्यायाधीश अमित सेठ व न्यायाधीश पवन द्विवेदी ने शुक्रवार को पद व गोपनीयता की शपथ ली। हाईकोर्ट के कोर्ट रूम नंबर एक में आयोजित शपथ ग्रहण समारोह में कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश संजीव सचदेवा सहित अन्य न्यायाधीशों मंचासीन रहे।

इस अवसर पर नवनियुक्त न्यायाधीश दीपक खोत ने कहा कि स्वतंत्र न्यायपालिका वहीं होती है, जिसमें विधायिका व कार्यपालिका अनावश्यक हस्तक्षेप न करें। स्वतंत्र न्यायपालिका किसी से प्रभावित हुए बिना कार्य में विश्वास रखती है। न्यायाधीश अमित सेठ ने कहा कि मुझे दायित्व सौंपा गया है, उसकी कसौटी पर खरा उतरने कोई कोर-कसर शेष नहीं रखूंगा। युवा अधिवक्ताओं के लिए मेरा यही संदेश है कि खूब मन लगाकर कार्य करें। इससे निश्चित रूप से प्रगति होती है। न्यायमूर्ति पवन द्विवेदी ने कहा कि युवाओं को साहस के साथ सत्य के प्रति आग्रही होना चाहिए। ऐसा इसलिए क्योंकि अंततः विजय सत्य ही होती है। इसलिए हमने सत्यमेव जयते के ध्येय वाक्य को अंगीकार किया है।


सर्वप्रथम रजिस्ट्रार जनरल धरमिंदर सिंह ने तीनों नव नियुक्त न्यायाधीशों दीपक खोत, अमित सेठ व पवन द्विवेदी के नियुक्ति-पत्र का वाचन किया। इसी के साथ कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश संजीव सचदेवा ने तीनों को शपथ ग्रहण कराई।


महाधिवक्ता प्रशांत सिंह, डिप्टी सॉलिसिटर जनरल पुष्पेंद्र यादव, स्टेट बार काउंसिल के को-चेयरमैन मनीष तिवारी, हाईकोर्ट बार एसोसिएशन जबलपुर के अध्यक्ष धन्य कुमार जैन, हाईकोर्ट एडवोकेट्स बार के अध्यक्ष वरिष्ठ अधिवक्ता संजय अग्रवाल व सीनियर एडवोकेट काउंसिल के वरिष्ठ अधिवक्ता आदित्य अधिकारी ने तीनों नवनियुक्त न्यायाधीशों को व्यक्तित्व-कृतित्व रेखांकित किया। सभी ने एक स्वर में कहा कि जबलपुर व ग्वालियर के प्रतिभाशाली युवा अधिवक्ताओं को न्यायदान का सुअवसर मिलना गौरव की बात है।

### कांग्रेस की जय हिन्द सभा आज

## कमलनाथ, दिग्विजय, भूपेश, पटवारी, सिंघार आएंगे











**जबलपुर।** नगर में आज कांग्रेस की जय हिंद सभा का आयोजन किया गया है। इसमें प्रदेश के साथ छग के पूर्व मुख्यमंत्री बघेल के साथ ही अन्य नेता शामिल होंगे। जय हिंद सभा को सफल बनाने की तैयारी कर ली गई हैं। सभा में बीते दिनों जिस तरह सेना अपने शौर्य का परिचय दिखाते हुये पाकिस्तान को करारा जवाब दिया है, उसे लेकर सैनिकों का नमन किया जायेगा। सभा में कांग्रेस के दिग्गज नेता भाजपा की जन विरोधी नीतियों पर निशाना साधेंगे।

समदड़िया होटल, बराट रोड, जबलपुर में जय हिंद सभा की तैयारियों और कार्यक्रम की विस्तृत जानकारी देने हेतु पत्रकार वार्ता आयोजित की गई। पत्रकार वार्ता को संबोधित करते हुए पूर्व कैबिनेट मंत्री सज्जन सिंह वर्मा, पूर्व विधायक संजय शर्मा, पूर्व कैबिनेट मंत्री सुखदेव पांसे, और विधायक लखन घनघोरिया ने कार्यक्रम की रूपरेखा साझा की। बताया गया कि पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ और पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल विशेष विमान से डुमना विमानतल पर पहुंचेगे। एयरपोर्ट से कार द्वारा वे शौर्य स्मारक, छावनी (वार मेमोरियल) पहुंचकर देश के वीर शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित करेंगे। इसके उपरांत, वे प्रातः 11 बजे, शहीद स्मारक, गोल बाजार में आयोजित होने वाली जय हिंद सभा में शामिल होंगे। इसके अलावा प्रदेश कांग्रेस प्रभारी हरीश चौधरी पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह, कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जीतू पटवारी, नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार, सांसद विवेक तनखा भी मौजूद रहेंगे। सभा में कांग्रेस के पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ के अध्यक्ष सिद्धार्थ कुशवाहा भी पहुंचेंगे।

शहर जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष शौरभ नाटी शर्मा, नेता प्रतिपक्ष अमरीश मिश्रा ने पार्टी जनों एवं आम लोगों से जय हिन्द सभा में बड़ी संख्या में पहुंचने का आग्रह किया है।

## तीन करोड़ के गांजा मामले में दो आरोपी गिरफ्तार

**शहडोल, देशबन्धु।** जिले के जयसिंहनगर थाना क्षेत्र अंतर्गत जंगल में मिली गांजा की भारी भरकम खेप के मामले में 10 दिनों तक चले कई तरह के कयासों, आरोपों और व्याप्त चर्चाओं के बीच आखिरकार पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार कर ही लिया। इसमें एक गांजा का पुराना तस्कर गोल्हई उर्फ काला नाग और दूसरा राजेश तिवारी उर्फ राजू शामिल है।

पुलिस अधीक्षक राम जी श्रीवास्तव ने शुक्रवार को पत्रकारों को जानकारी देते हुए बताया कि विवेचना के दौरान जिले में सक्रिय गांजा तस्करों की तस्दीक की गई और संदेहियों को चिन्हित कर उनकी भूमिका का सूक्ष्म अवलोकन किया गया। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि दो दर्जन से अधिक संदेहियों से घटना के संबंध में विस्तृत पूछताछ की गई। उन्होंने बताया कि पुलिस द्वारा की गई पूछताछ के तत्थों के आधार पर गोल्हई उर्फ कन्हैयालाल गुप्ता निवासी ब्यौहारी और राजेश तिवारी उर्फ राजू निवासी टिहकी थाना ब्यौहारी को गिरफ्तार किया गया है। उन्होंने यह भी बताया कि दोनों आरोपियों से अवैध गांजे के संबंध में पुलिस द्वारा पूछताछ की जा रही है।

## समीक्षा मिश्रा को महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री ने किया सम्मानित

**जबलपुर, पुणे, देशबन्धु।** समाज सेवा के क्षेत्र में अनुकरणीय योगदान देने वाली समीक्षा मिश्रा को महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस द्वारा सम्मानित किया गया। यह सम्मान पुणे में आयोजित एक विशेष समारोह में प्रदान किया गया, जहाँ उनके द्वारा किए गए सामाजिक कार्यों की खुले दिल से सराहना की गई।

समीक्षा मिश्रा प्राउड इंडियन केरिंग क्लब की संस्थापक हैं, जो कि एक पैन इंडिया स्तर का सहायता समूह है। इस संगठन के माध्यम से अब तक 50,000 से अधिक जरूरतमंद लोगों को सहायता पहुँचाई गई है। उन्होंने बच्चों, महिलाओं, ट्रांसजेंडर समुदाय, वंचित



और हाशिए पर रह रहे लोगों के जीवन को बेहतर बनाने के लिए लगातार काम किया है। कोविड-19 महामारी के कठिन समय में उन्होंने 20,000 से अधिक लोगों को भोजन, दवाइयां, मानसिक स्वास्थ्य सहायता और अन्य जरूरी सेवाएं उपलब्ध कराईं। उनका कार्य न केवल राहत पहुँचाने तक सीमित रहा, बल्कि उन्होंने कई ज़िंदगियों को बदलने का काम भी किया। गौरतलब है कि समीक्षा मिश्रा **देशबन्धु** समाचार पत्र के संपादक अशोक कुमार मिश्रा की बहू हैं। उन्होंने अपने परिवार की सामाजिक और पत्रकारिता परंपरा को आगे बढ़ाते हुए समाज सेवा को अपना उद्देश्य बनाया है।

## मानसून पूर्व बारिश शुरू, कई जगह बूंदा-बांदी

### बेचैन करती रही उमस

### बारिश कम आई, बिजली ज्यादा गई



**जबलपुर, देशबन्धु।** प्रदेश में मानसून पूर्व बारिश का दौर शुरू हो गया है। नौ-तपा के दौरान शुक्रवार को जबलपुर के अलावा अन्य जिलों में कहीं-कहीं पर बारिश या बौछारे गिरी। इस बीच फिर से धूप निकलने से उमस भरी गर्मी ने आम जनों की परेशानी बढ़ा दी थी। पंखे, ऐसी और कूलर के बिना एक पल भी लोग नहीं बिता पा रहे थे। इसी बीच कई बार शहर के अलग-अलग क्षेत्रों में बिजली आने जाने का क्रम जारी रहा। इससे गर्मी से बचाव करने में लोगों को असुविधा का सामना करना पड़ा।

**बिजली की आंख मिचौली**

इन दिनों शहर वासियों को जैसे जैसे मौसम का मिजाज बदलता है, उसी दौरान कई रिहायशी इलाकों में बिजली गुल शुरू हो जाती है। इससे पंखे और कूलर, एसी बंद हो जाते हैं। इससे बुजुर्ग जन एवं बच्चों के लिये उमस भरी गर्मी से बच पाना मुश्किल हो जाता है। कमोवेशी शहर के ज्यादातर क्षेत्रों में इसी तरह की स्थिति है। इधर बिजली वितरण कंपनी से जुड़े सूत्रों का कहना है कि हवा या बारिश होने पर बिजली की आपूर्ति बाधित होना सामान्य प्रक्रिया का हिस्सा है। क्योंकि इस दौरान पावर कट जरूरी है, क्योंकि हादसों की संभावना बढ़ जाती है।

मौसम के मिजाज ने करवट बदली, और शाम के चार बजे के बाद जबलपुर के अलग-अलग स्थानों पर बारिश हुई। यह और बात रही कई जगह बूंदा-बांदी हुई थी। सुबह से धूप और छांव का खेल चल रहा था। दोपहर बाद कई स्थानों पर हवा चली और इसी के साथ बारिश होने लगी। उन स्थानों पर पानी भर गया जहां पर सड़क निर्माण का चल रहा था। इससे वाहन चालकों को परेशानी का सामना करना पड़ा। इस बीच जबलपुर में दिन का तापमान 38.6 और 25.4 जो सामान्य से चार और तीन डिग्री कम आंका गया।

## सिवनी में विमान हादसा, ट्रेनिंग के दौरान ट्रेनी विमान पलटा

### सुरक्षा व्यवस्था पर उठे गंभीर सवाल



**सिवनी, देशबन्धु।** जिले के सुकतरा स्थित मेस्को एरोस्पेस कंपनी की हवाई पट्टी पर शुक्रवार सुबह एक गंभीर हादसा हुआ। एक ट्रेनी विमान लैंडिंग के दौरान असंतुलित होकर फिसल गया और फिर पलट गया। यह घटना सुबह करीब 8 से 9 बजे के बीच की है। सौभाग्य से, हादसे में कोई जनहानि नहीं हुई, लेकिन इस घटना ने विमानन प्रशिक्षण संस्थानों की सुरक्षा व्यवस्था और पारदर्शिता पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, ट्रेनी विमान रनवे पर लैंड करते समय पहले बायीं ओर झुका, जिससे उसका संतुलन बिगड़ गया। इसके बाद विमान तेजी से एक ओर पलट गया। यह पूरी घटना कुछ ही सेकंड में घटित हो गई, जिसे वहां मौजूद कुछ स्थानीय नागरिकों और स्टाफ ने अपनी आंखों से देखा से देखा।

**रेड बर्ड एविएशन की संदिग्ध प्रतिक्रिया**

घटना के कुछ ही देर बाद, संबंधित ट्रेनिंग कंपनी रेड बर्ड एविएशन के कर्मचारियों ने मौके पर पहुंचकर विमान को तिरपाल से ढंक दिया। इस त्वरित कार्रवाई को स्थानीय लोगों ने एक लापरवाही को छिपाने की कोशिश के रूप में देखा। बिना किसी जांच अधिकारी की उपस्थिति में विमान को ढंकना कई सवाल खड़े करता है। लोगों का कहना है कि क्या इस हादसे को छिपाने की कोशिश की जा रही है?

**प्रशिक्षण प्रणाली पर सवाल**

इस हादसे ने विमानन प्रशिक्षण की गुणवत्ता पर भी सवाल खड़े किए हैं। ट्रेनी विमान उड़ाने से पहले कई चरणों की कड़ी ट्रेनिंग और निरीक्षण आवश्यक होते हैं। लेकिन इस हादसे से पता चलता है कि या तो प्रशिक्षण में कमी थी, या फिर सुरक्षा नियमों का पालन नहीं हुआ। इधर विशेषज्ञों का मानना है कि यदि किसी ट्रेनी पायलट से लैंडिंग के समय विमान पलटता है, तो यह उसकी तकनीकी समझ, अनुभव की कमी, या प्रशिक्षण प्रणाली की खामियों को बताता है

## रीवा-चर्लपल्ली - ट्रेन 05-05 ट्रिप निरस्त रहेगी

**जबलपुर, देशबन्धु।** रेलवे प्रशासन द्वारा अधोसंरचना विकास कार्य हेतु दक्षिण मध्य रेलवे के सिकंदराबाद मण्डल में बेल्लमपल्ली रेलवे स्टेशन पर यार्ड में प्री एनआई व एनआई कमीशनिंग के तहत थर्ड रेल लाइन कनेक्टिविटी का कार्य करने का निर्णय लिया गया है। इस कार्य के दौरान पश्चिम मध्य रेल से प्रारम्भ/टर्मिनेट होने वाली रीवा-चर्लपल्ली (सिकन्दरबाद)-रीवा द्वि-साप्ताहिक स्पेशल ट्रेन 05-05 ट्रिप निरस्त रहेगी।

## स्पेशल ट्रेनों की सेवाओं में विस्तार

**जबलपुर, देशबन्धु।** रेल प्रशासन ने रेलवे यात्रियों की अतिरिक्त भीड़ को कम करने के लिए निम्नलिखित स्पेशल ट्रेनों की सेवाओं की अवधि का विस्तार करने का निर्णय लिया है। इसी कड़ी में पश्चिम मध्य रेल से गुजरने वाली स्पेशल ट्रेनों की विस्तारित अवधि का विवरण निम्नानुसार हैं।

**उधना-जयनगर साप्ताहिक स्पेशल ट्रेन**

ट्रेन संख्या 09067 उधना-जयनगर साप्ताहिक स्पेशल, जो दिनांक 25.05.2025 तक अधिसूचित की गई थी, अब दिनांक 01.06.2025 से 29.06.2025 तक प्रत्येक रविवार को और चलेगी। यह स्पेशल ट्रेन पमरे के इटारसी, जबलपुर, कटनी एवं सतना स्टेशनों से होकर गुजरती है। ट्रेन संख्या 09068 जयनगर-उधना साप्ताहिक स्पेशल, जो दिनांक 26.05.2025 तक अधिसूचित की गई थी, अब दिनांक 02.06.2025 से 30.06.2025 तक प्रत्येक सोमवार को* और चलेगी। यह स्पेशल ट्रेन पमरे के सतना, कटनी, जबलपुर एवं इटारसी स्टेशनों से होकर गुजरती है। **उधना-समस्तीपुर साप्ताहिक स्पेशल ट्रेन** – ट्रेन संख्या 09069 उधना-समस्तीपुर साप्ताहिक स्पेशल, जो दिनांक 31.05.2025 तक अधिसूचित की गई थी, अब दिनांक 07.06.2025 से 28.06.2025 तक प्रत्येक शनिवार को और चलेगी। यह स्पेशल ट्रेन पमरे के इटारसी, जबलपुर, कटनी एवं सतना स्टेशनों से होकर गुजरती है। ट्रेन संख्या 09070 समस्तीपुर-उधना साप्ताहिक स्पेशल, जो दिनांक 02.06.2025 तक अधिसूचित की गई थी, अब दिनांक 09.06.2025 से 30.06.2025 तक प्रत्येक सोमवार को और चलेगी। यह स्पेशल ट्रेन पमरे के सतना, कटनी, जबलपुर एवं इटारसी स्टेशनों से होकर गुजरती है।

## अवध पैंट्रीकार से जप्त किया 41 किलो पोहा, चावल और दाल

**जबलपुर, देशबन्धु।** कोटा मंडल वाणिज्य प्रबंधक (डीसीएम) किशोर पटेल ने लगातार 2 दिन स्टेशन पर औचक कार्रवाई की। इस कार्रवाई के दौरान पटेल ने अवैध वेंडर और पैंटीकार की अनियमिताओं को पकड़ा।

**बुधवार देर रात प्लेटफार्म पर खड़ी इंदौर**-नई दिल्ली इंटरसिटी (12415) और मुम्बई-श्री माता वैष्णों देवी कटरा स्वराज एक्सप्रेस (12471) के समय कार्रवाई करते हुए पटेल ने खाद्य सामग्री बेचते दो अवैध वेंडरों को पकड़ा। बाद में 650 रुपए जुर्माना वसूल कर दोनों को रिहा किया गया। इसी तरह पटेल ने बिना टिकट सफर करते दो यात्रियों को भी पकड़ा। इनको भी



जुर्माना वसूल कर छोड़ा। इस दौरान अधिकारियों को फायरिंग के बाद प्लेटफार्म नंबर चार पर बंद एक ट्रॉली के बुधवार रात को दोबारा चालू होने और इस पर अवैध वेंडरों पर फिर से कार्रवाई होगी।


NH नेशनल हॉस्पिटल

स्थान- 703, गोलबाजार, जबलपुर
फोन नं.: 0761- 2412612, 2414612

C.G.H.S., C.S.M.A., E.S.I.C. एवं आयुष्मान द्वारा मान्यता प्राप्त

सुपर स्पेशिलिटी विभाग

• हृदय रोग (एंजियोग्रॉफी, एंजियोप्लॉस्टी, पेसमेकर) • न्यूरोलॉजी एवं न्यूरोसर्जरी (लकवा, मिर्गी, मूवमेन्ट डिसआर्डर, स्पाईन सर्जरी, हेड इन्जरी, ब्रेन ट्यूमर) • यूरोलॉजी (मूत्र के सभी रोगों का इलाज एवं ऑपरेशन, प्रोस्टेड के ऑपरेशन लेजर द्वारा किडनी की पथरी के ऑपरेशन) • शल्य चिकित्सा (हर्निया, अपेन्डिक्स, पाईल्स, फिस्टुला व आंतों में छेद एवं पेट के सभी ऑपरेशन) • हड्डी रोग (हिप एवं नी रिप्लेशमेन्ट) • छाती रोग • नेफ्रोलॉजी (डायलिसिस) • स्त्री रोग (हाई रिस्क प्रेगनेन्सी) • नेत्र रोग • शिशु रोग

28 वर्षों से जहर, सर्पदंश, डेंगू, एक्सीडेंट, ट्रामा एवं अन्य एम.एल.सी. के मरीजों में सर्वाधिक जीवन रक्षा का कीर्तिमान



J.B.F.A

जबलपुर ब्रॉयलर फार्मस् एसोसियेशन

मुर्गा छोटा - रु. 124
मुर्गा मीडियम - रु. 118
मुर्गा बड़ा - रु. 110
मुर्गा जम्बो - रु. 110
मो.-9039925000, 9425800409



सोनू पोल्ट्री

बड़ा ब्रॉयलर - रु. 106
मीडियम ब्रॉयलर - रु. 114
छोटा ब्रॉयलर - रु. 120
मो.- 9039925999



समदड़िया सिनेमा

BOOK YOUR TICKETS & BEVERAGE ON WHATSAAP SAMDAREEYA CINEMA
PRAVITE SCREEN BOOKING
ONLINE BOOKING & BEST OFFER WWW.BOOKMYSHOW.COM
CALL BOOKING 0761-4069888,4069889
WEDNESDAY OFFERS ALL DAY ALL SHOW 90/-

BHOOL CHUK MAAF
10:15AM 12:00PM
01:30PM 02:30PM
03:45PM 06:00PM
07:30PM 08:30PM
09:30PM 10:45PM

FINAL DESTINATION
10:00AM
02:15PM
04:15PM
08:30PM

MISSION IMPOSSIBLE
01:00PM
06:30PM
10:30PM

RAID-2
11:30AM
05:00PM
07:30PM

KAPKAPII
10:30AM
04:00PM

LILO&STICH 3D(hindi)
06:30PM

KESARI VEER
10:15PM